3 राजधानी
आज से फिर बढ़ेगी गर्मी

6 अभिमत
शंघाई कोविड संकट और शी जिनपिंग

10 विदेश
यूक्रेन पहुंची जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन

11 प्रादेशिकी
डिप्टी सीएम ने प्राचार्य से जवाब-तलब किया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 180
नई दिल्ली, सोमवार, 9 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



रेपो दर में वृद्धि नहीं, इसका समय हैरान करने वाला
कारोबार-10

# जेट एयरवेज एक बार फिर भरेगी आसमान में उड़ान

### ● जालान-कार्लरॉक जेट एयरवेज के नए प्रस्तावित प्रमोटर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जेट** एयरवेज जल्द एक बार फिर से आसमान में उड़ान भरते हुए दिखाई देगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय से नए प्रबंधन को सुरक्षा मंजूरी मिल गई है और उम्मीद है कि उसका जल्द से जल्द वाणिज्यिक परिचालन शुरू हो जाएगा। जालान-कार्लरॉक कंसोर्टियम द्वारा प्रवर्तित एयरलाइन के पत्र को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी देने के संबंध में भेजा है। एयरलाइन ने इस संबंध में डीजीसीए की प्रारंभिक मंजूरी प्राप्त कर 5 मई को हैदराबाद हवाई अड्डे पर परीक्षण उड़ान आयोजित की थी।

एयरलाइन को प्राप्त आवेदन में अनुसूचित ऑपरेटर परमिट के लिए कंपनी / फर्म के शेयरधारिता पैटर्न में बदलाव के लिए गृह मंत्रालय से प्राप्त सुरक्षा मंजूरी के आधार पर मंजूरी देने के लिए संदर्भित किया गया। नरेश गोयल द्वारा प्रवर्तित जेट एयरवेज दिवालिएपन के कारण 2018 में बंद हो गई थी और जिसे अब जालान- कॉलरॉक कंसोर्टियम द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया है। जालान-कालरॉक कंसोर्टियम सफल समाधान आवेदक और जेट एयरवेज के नए प्रस्तावित प्रमोटर है। अक्टूबर 2020 में एयरलाइन की लेनदारों की समिति (सीओसी) ने ब्रिटेन की कलरॉक कैपिटल और संयुक्त अरब अमीरात स्थित उद्यमी मुरारी लाल जालान के संघ द्वारा प्रस्तुत समाधान योजना को मंजूरी दी। जून 2021 में, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने जालान-कलरॉक कंसोर्टियम की संकल्प योजना को मंजूरी दी। एयरलाइन को अब डीजीसीए से हवाई संचालन प्रमाणपत्र हासिल करना होगा।

जेट एयरवेज के अधिकारियों ने कहा कि अक्टूबर 2022 तक वे परीक्षण उड़ानों पर डीजीसीए की मंजूरी के बाद वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर सकते हैं। संयुक्त अरब अमीरात स्थित व्यवसायी मुरारी लाल जालान ने जेट एयरवेज में 375 करोड़ रुपये की इक्विटी और कर्ज की वसूली के लिए 604 करोड़ रुपये का वित्त पोषण किया था। जालान ने 1980 के दशक में कोलकाता में पेपर ट्रेडिंग व्यवसाय में अपना करियर शुरू किया, जहां उन्होंने जेके पेपर और बल्लारपुर उद्योगों ( शेष पेज 8 )



## इंडिगो ने दिव्यांग बच्चे को घबराहट के चलते विमान में सवार नहीं होने दिया, डीजीसीए ने जांच शुरू की

**भाषा।** नई दिल्ली

**इंडिगो** ने एक दिव्यांग बच्चे को रांची हवाई अड्डे पर विमान में सवार होने से रोक दिया क्योंकि वह घबराया हुआ था। इसके बाद उड्डयन नियामक डीजीसीए ने जांच शुरू कर दी है और एयरलाइन से एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। यह जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी। अधिकारियों ने कहा कि चूंकि लड़के को शनिवार को एयरलाइन की रांची-हैदराबाद उड़ान में चढ़ने से रोक दिया गया था, उसके माता-पिता ने भी उड़ान में सवार नहीं होने का फैसला किया। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) प्रमुख अरुण कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि नियामक ने इस मामले में इंडिगो से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि डीजीसीए इस घटना की जांच कर ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली-महाराष्ट्र में कोविड-19 की रफ्तार से बढ़ी चिंता



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पिछले** 24 घंटों में देश भर में कोविड-19 के 3,451 नए केस सामने आए और 40 लोगों की मौत हो गई। हालांकि कल के मुकाबले आज केस कम आए हैं। कल 3,805 मामले सामने आए थे। बहरहाल, दिल्ली और महाराष्ट्र में संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर कोविड के फिर उभरने की आशंका से चिंताएं बढ़ गई हैं। महाराष्ट्र शनिवार को 253 नए मामले आए जबकि दिल्ली में 1407 केस दर्ज किए गए, जो शुक्रवार (1656) से थोड़ा कम है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश में मौजूदा कोविड केस लोड 43,102,194 है तथा 5, 24,064 लोग इस महामारी में जान गंवा चुके हैं। 40 नई मौतें में 35 केरल और दो दिल्ली तथा गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में एक एक शामिल हैं। दिल्ली की पाजिटिविटी रेट 4.72 फीसदी पर आ गई है। यहां पर 1407 नए केस आए तथा 4365 लोग स्वस्थ हुए। दूसरी ओर महाराष्ट्र में 253 केस आए। जबकि गुजरात में 27 मामले आए और एक मौत हुई। भारत में सक्रिय केसों की संख्या बढ़कर 20,635 हो गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक सक्रिय केस लोड 0.05 फीसदी है।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। मंत्रालय के अनुसार, देश में जिन 40 और मरीजों की जान गई है, उनमें से 35 की मौत केरल में, दो की दिल्ली और एक-एक मरीज की मौत गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में हुई है। भारत में इस महामारी से अभी तक 5,24,064 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से 1,47,846 लोग महाराष्ट्र, ( शेष पेज 8 )

## अब तक कोरोना रोधी टीकों की 190.33 करोड़ से अधिक खुराकें दी गईं

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 190.33 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। रविवार शाम सात बजे तक 11 लाख से अधिक खुराक लगाई गईं। देर रात में अंतिम रिपोर्ट आने के बाद यह संख्या और बढ़ सकती है।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, शाम सात बजे तक 18-59 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को कुल 20,524 एहतियाती खुराक दी गईं और अब तक इस आयु वर्ग में कुल 10,93,599 लोगों को एहतियाती खुराक दी जा चुकी हैं। अभी तक 12-14 साल के आयु वर्ग में 3.04 करोड़ से अधिक बच्चों को कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। भारत ने 10 अप्रैल को निजी टीकाकरण केंद्रों पर 18 साल से अधिक आयु के लोगों को कोविड-19 रोधी टीके की एहतियाती खुराक देना शुरू किया था। टीके की दूसरी खुराक लेने के नौ महीने बाद 18 साल से अधिक आयु के सभी लोग एहतियाती खुराक ले सकते हैं। देश भर में पिछले साल 16 जनवरी को टीकाकरण अभियान शुरू हुआ था और पहले चरण में स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों को टीके की खुराक दी गई थी।

दो फरवरी से, अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर्मचारियों का टीकाकरण शुरु हुआ। अगले चरण का टीकाकरण अभियान एक मार्च 2021 को शुरू हुआ और इसके तहत 60 साल से अधिक आयु वाले और 45 तथा उसे अधिक आयु वाले अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों को टीके की खुराक दी गई। देश में पिछले साल एक अप्रैल से 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू हुआ। सरकार ने फिर पिछले साल एक मई से 18 साल से अधिक आयु के सभी लोगों को टीके की खुराक देने का फैसला किया। भारत ने 15-18 वर्ष के आयु वर्ग के किशोरों के लिए तीन जनवरी से टीकाकरण अभियान शुरू किया।

# हिमाचल विधानसभा के प्रवेश द्वार पर लटके मिले खालिस्तान के झंडे

**भाषा।** धर्मशाला



हिमाचल विधानसभा के प्रवेश द्वार पर लटके खालिस्तानी झंडे

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा के मुख्य द्वार पर खालिस्तान के झंडे लटकाए जाने और इसकी दीवारों पर कुछ आपत्तिजनक नारे लिखे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी देते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है। विधानसभा परिसर के मुख्य गेट नंबर एक की बाहरी तरफ ए झंडे लटके मिले जिन्हें अब प्रशासन ने हटा दिया है। हिमाचल विधानसभा का शीतकालीन सत्र अमूमन धर्मशाला में आयोजित होता है।

कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक कुशल शर्मा ने कहा, यह घटना संभवत: देर रात या आज सुबह-सुबह हुई होगी। हमने विधानसभा गेट से खालिस्तानी झंडे हटा दिए हैं। हम इसकी जांच कर रहे हैं और इस संबंध में मामला दर्ज करने जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। जयराम ठाकुर ने ट्वीट किया, मैं रात के अंधेरे में धर्मशाला विधानसभा परिसर के गेट पर खालिस्तान के झंडे लगाने की कायराना घटना की निंदा करता हूं। वहां केवल विधानसभा का शीतकालीन सत्र आयोजित होता है, और इसलिए केवल उसी समय के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा, हिमाचल सौहार्दपूर्ण राज्य है और यहां शांति कायम रहनी चाहिए। धर्मशाला में हुई घटना के दोषी जहां भी होंगे उन्हें शीघ्र पकड़ा जाएगा। उन लोगों का यह कायरतापूर्ण दौर अब अधिक नहीं चलेगा। निश्चित तौर पर इस घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

धर्मशाला की उपजिलाधिकारी शिल्पी ब्रेकता ने कहा, हमें आज सुबह करीब साढ़े सात बजे यह सूचना मिली। हमने झंडे हटा दिए हैं और दीवारों को फिर से रंगा गया है। हम मामले की जांच कर रहे हैं और संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करने जा रहे हैं। यह हमारे लिए बेहद सतर्क होने का समय है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के ( शेष पेज 8 )

# राजस्थान में मंत्री के बेटे पर रेप का आरोप, केस दर्ज

### ● जयपुर की युवती के बयान पर दिल्ली पुलिस ने की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जयपुर** की 23 वर्ष की एक युवती ने राजस्थान के मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी पर पिछले एक साल के दौरान कई बार बलात्कार करने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के बारे में राजस्थान पुलिस को सूचना दी गई है जोकि आगे की जांच करेगी। पुलिस के मुताबिक, उत्तरी जिले के एक थाने में आठ मई को भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 328, 312, 366, 377 और 506 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई। इस मामले में राजस्थान के मंत्री महेश जोशी से प्रतिक्रिया के लिए फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।अपनी शिकायत में युवती ने आरोप लगाया है कि शादी करने का वादा करके रोहित जोशी ने पिछले साल आठ जनवरी से इस साल 17 अप्रैल तक कई बार उसके साथ बलात्कार किया। युवती ने कहा कि पिछले साल फेसबुक के जरिए उसकी मित्रता रोहित से हुई थी और तब से दोनों संपर्क में थे। शिकायत के मुताबिक, पहली बार दोनों जयपुर में मिले और रोहित ने आठ जनवरी 2021 को उसे कथित तौर पर सवाई माधोपुर बुलाया। प्राथमिकी के मुताबिक, युवती का आरोप है कि पहली मुलाकात के दौरान रोहित ने उसके पेय पदार्थ में कुछ मिला दिया और उसका फायदा उठाया। प्राथमिकी के मुताबिक, युवती का आरोप है कि अगले दिन सुबह उठने पर आरोपी ने उसकी नग्न तस्वीरें और वीडियो दिखाकर उसे धमकाया। युवती का आरोप है कि रोहित ने एक बार दिल्ली में भी उससे मुलाकात की और उसके साथ जबरदस्ती की।

# गंभीर चक्रवाती तूफान में बदला असानी

### ● ओडिशा और पश्चिम बंगाल में चेतावनी जारी

**भाषा।** कोलकाता, भुवनेश्वर



मौसम विभाग द्वारा चेतावनी जारी होने के बाद पुरी के समुद्रतट पर पड़ीं नाव

**बंगाल** की दक्षिण-पूर्वी खाड़ी के ऊपर बना चक्रवात असानी रविवार शाम को अधिक तीव्र होकर एक भीषण चक्रवाती तूफान में बदल गया, क्योंकि यह उत्तर आंध्र प्रदेश-ओडिशा तटों की दिशा में उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया था। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने कहा, मंगलवार को असानी के उत्तर आंध्र-ओडिशा तटों से पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में पहुंचने पर, उत्तर-पूर्व की ओर मुड़ने और ओडिशा तट से उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने असानी की गति और तीव्रता के अपने पूर्वानुमान में कहा, इसके बाद गंभीर चक्रवाती तूफान के बुधवार को भयानक चक्रवाती तूफान में बदलने और बृहस्पतिवार तक गहरे दबाव में बदलने की संभावना है। यह कहते हुए कि यह प्रणाली ओडिशा या आंध्र प्रदेश में नहीं आएगी, आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि चक्रवात पूर्वी तट के समानांतर चलेगा और मंगलवार शाम से बारिश होने का कारण बनेगा। ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) पीके जेना ने कहा कि राज्य सरकार ने बचाव अभियान के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है।

उन्होंने कहा, हमें राज्य में कोई बड़ा खतरा दिखाई नहीं दे रहा है, क्योंकि यह पुरी के पास तट से करीब 100 किलोमीटर दूर से गुजर जाएगा। हालांकि, राष्ट्रीय आपदा प्रक्रिया बल (एनडीआरएफ), ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ) और दमकल सेवाओं के बचाव दल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

बालासोर में एनडीआरएफ के एक दल को तैनात किया गया है और ओडीआरएएफ के एक दल को गंजम जिले में भेजा गया है। ओडीआरएएफ की टीमें पुरी जिले के कृष्ण प्रसाद, सतपाड़ा, पुरी और अस्टारंग ब्लॉक और केंद्रपाड़ा के जगतसिंहपुर, महाकल्पपाड़ा और राजनगर और भद्रक में भी तैयार हैं। जेना ने कहा कि सभी जिलों को अलर्ट पर रखा गया है। जिला अधिकारियों को स्थानीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए लोगों की सुरक्षित निकासी का अधिकार सौंपा ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,835 | |
| निफ्टी | 16,411 | |
| सोना | 51,035 | /10g |
| चांदी | 62,435 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले मे रविवार को सुरक्षाबलो के साथ मुठभेड़ मे दो आतंकवादी मारे गए जिनमें लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक पाकिस्तानी आतंकवादी भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि कुलगाम के चेयन देवसर इलाके मे मुठभेड़ तब शुरू हुई, जब सुरक्षाबलों ने आतंकवादियो की मौजूदगी की सूचना के बाद क्षेत्र की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी मे दोनो आतंकवादी मारे गए। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि मारे गए आतंकवादियों में हैदर नाम का पाकिस्तानी आतंकी भी शामिल है।उन्होंने ट्वीट किया, पाकिस्तानी आतंकवादी हैदर बांदीपुरा में हुई दो आतंकी घटनाओ मे शामिल था।

# बिना अनुमति क्यों निकला जुलूस जिम्मेदारी तय करें अफसर: कोर्ट

**जहांगीरपुरी हिंसा**

### ● मामले को गंभीर बता खारिज की आठ आरोपियों की जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जहांगीरपुरी** में हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान हुई हिंसा के मामले में रोहिणी कोर्ट ने आठ आरोपियों की जमानत की अर्जी खारिज कर दी। इन लोगों के खिलाफ जहांगीरपुरी थाने में पुलिसकर्मियों पर हमला करने, दंगा भड़काने, आर्म्म एक्ट, हत्या की कोशिश, मारपीट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें इम्तियाज, नूर आलम, शेख हमीद, अहमद शाहदा, शेख जहीर, अहीर व हमीद की ओर से जमानत की अर्जी दायर की गई थी। मामले की गंभीरता व जांच की मौजूदा स्थिति के हवाले से आरोपियों को जमानत देने से इंकार करते हुए रोहिणी कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गगनदीप सिंह ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला यह दर्शाता है कि बिना अनुमति के उक्त जुलूस को रोकने में स्थानीय पुलिस की विफ्लता थी। ऐसा लगता है कि इस मुद्दे को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आसानी से दरकिनार कर दिया गया है। संबंधित अधिकारियों की ओर से दायित्व तय करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना नहीं हो। इस मामले की जांच की जानी चाहिए। इसके पूर्व आरोपियों की ओर से दलील दी गई कि वे बेकसूर हैं उन्हें मामले में फंसाया गया। लेकिन अदालत ने बचाव पक्ष की दलीलों से संतुष्ट नहीं होते हुए सभी को जमानत देने से इनकार कर दिया।

## दूरसंचार विभाग ने लाइसेंस धारकों के लिए एनओसीसी शुल्क समाप्त किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**दूरसंचार** विभाग ने कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए वीसैट, सैटेलाइट टेलीफोनी जैसी अंतरिक्ष खंड का इस्तेमाल करने वाली उन सभी सेवाओं पर लगने वाला नेटवर्क परिचालन एवं नियंत्रण केंद्र (एनओसीसी) शुल्क खत्म कर दिया है जिनके लिए विभाग परमिट जारी करता है। इससे पहले तक विभाग एनओसीसी शुल्क के रूप में 36 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के लिए प्रतिवर्ष प्रति ट्रांसपोंडर 21 लाख रुपए वसूलता था। इसके अलावा विभाग एंटीना के प्रत्येक परीक्षण के लिए भी 6,000 रुपए का एनओसीसी शुल्क लेता था। विभाग ने छह मई के आदेश में कहा, वाणिज्यिक या निजी उपयोग वाली वीसैट सेवाओं, जीएमपीसीएस (सैटेलाइट फोन सेवा), एनएलडी (नेशनल लॉन्ग डिस्टेंस) के लिए दूरसंचार के ( शेष पेज 8 )

# कांग्रेस के चिंतन शिविर से पहले कई नेता नाखुश

### ● कई पूर्व मंत्रियों, पूर्व सांसदों और युवाओं सहित कई वरिष्ठ नेताओं को नहीं मिली जगह

### ● उदयपुर में बुधवार से तीन दिवसीय शिविर

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

**उदयपुर** में बुधवार को होने वाली कांग्रेस की बहुचर्चित चिंतन शिविर से पहले पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। शिविर में शामिल होने वाले आमंत्रित लोगों की सूची से कई नेता नाखुश हैं। कई पार्टी के नेताओं ने सवाल किया है कि आमंत्रण सूची में सिर्फ राष्ट्रीय और राज्य के पदाधिकारियों का ही नाम क्यों है। देश की सबसे पुरानी पार्टी के भव्य के पुनरुत्थान के लिए अपने विचार और विचार साझा करने के लिए के पूर्व मंत्रियों, पूर्व सांसदों और युवा लोगों सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं को जगह क्यों नहीं दी गई है।

एक प्रमुख राज्य के पूर्व अध्यक्ष ने द पायनियर को बताया कि इसे नव (नया) चिंतन शिविर कहा जा रहा है तो क्यों न आमंत्रितों लोग मिलकर पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए अपनी विचार साझा करेंगे। इस तीन दिवसीय सत्र में कई नेताओं को बोलने का मौका मिलेगा लेकिन पार्टी के उसी पुराने व्यवहार ने हम में से कई लोगों को निराश कर दिया है। शिविर को युवा पीढ़ी के नेताओं से आने वाले नए विचारों पर चर्चा और बहस करने के लिए एक मंच के रूप में नियोजित किया जाना चाहिए था। वर्तमान पदाधिकारी पहले से ही प्रणाली का हिस्सा हैं और यह उनके कारण है कि पार्टी को हर दिन के साथ कमतर किया जा रहा है। एआईसीसी सूत्रों ने बताया कि शिविर में शामिल होने के लिए करीब 400 नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इनमें लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों के अलावा राज्य कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक दल के प्रमुख शामिल हैं। कांग्रेस के एक पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा कि अगर केवल नए लोगों को अपने विचार साझा करने का मौका मिले तो ही सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

एक अन्य पार्टी कार्यकर्ता जो वर्ष 2003 में शिमला सत्र का हिस्सा थे ने याद किया कि कैसे मनमाने ढंग से राज्यों से लगभग 50 प्रतिभागियों को चुना गया था, और बड़ी संख्या में युवा नेता भी 2013 के जयपुर प्लेनरी का हिस्सा थे। उन्होंने यह भी याद किया कि तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने उसी बैठक में कहा था कि पार्टी को उन लोगों के लिए दरवाजे खोलने चाहिए जो किसी भी पद पर नहीं हैं या ब्लॉक स्तर पर भी पदाधिकारी नहीं हैं। जबकि वरिष्ठ नेताओं के वर्ग नाराज हैं क्योंकि वे अपने अनुभव और अतीत में अपने पदों के ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 9 मई, 2022



# प्राधिकरण ने एजेंसी को अतिरिक्त समय देने से किया इंकार

## ट्विन्स टावर मामला: सुप्रीम कोर्ट में 22 मई तक दोनों बिल्डिंग को ध्वस्त किए जाने की दी गई है जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


फाइल फोटो

सुपरटेक ट्विन्स टावर को तोड़ने के लिए एजेंसी ने 3 महीने का समय और मांगा है। वैसे तो सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई 2022 को ट्विन्स टावर तोड़ने की गाइडलाइन जारी की है। उसके बावजूद भी ट्विन्स टावर को तोड़ने वाली कंपनी ने बिल्डर से कहा है कि उसको 3 महीने का समय और चाहिए। हालांकि, जब यह मामला नोएडा अथॉरिटी के पास पहुंचा तो नोएडा अथॉरिटी ने अतिरिक्त समय देने से इनकार कर दिया है।

इसके अलावा सुपरटेक के चेयरमैन को नोएडा अथॉरिटी में बुलाकर आपत्ति भी जताई है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले को सुनाते हुए कहा था कि 22 मई को ट्विन्स टावर ध्वस्त हो जाना चाहिए। इसको लेकर कार्य भी चल रहा है। एक अफ्रीकी एजेंसी ट्विन्स टावर को तोड़ने का काम कर रही है। अब एजेंसी ने बिल्डर ने कहा कि उसको पूरी तरीके से ट्विन्स टावर को तोड़ने के लिए 3 महीनों समय और चाहिए। इस पर सुपरटेक के चैयरमेन ने नोएडा अथॉरिटी से बातचीत की, लेकिन प्राधिकरण ने इस पर नाराजगी जाहिर की है। इस मामले में नोएडा अथॉरिटी के भीतर अधिकारियों की सोमवार को बैठक भी होनी है। जिसमें वह एजेंसी भी शामिल होगी, जो ट्विन्स टावर को तोड़ने का कार्य कर रही है। बताया जा रहा है कि जिम्मेदार एजेंसी ने इन 3 महीनों के भीतर विस्फोटक लाने की बात कही है, लेकिन प्राधिकरण ने साफकह दिया है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को 22 मई तक टावर तोड़ने की जानकारी दी है।

अब प्राधिकरण द्वारा अधिक समय नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा जिम्मेदार एजेंसी ने अभी तक इस बात की भी पुष्टि ठीक तरीके से नहीं की है कि आखिरकार ट्विन्स टावर को तोड़ने के लिए कितना किलोग्राम विस्फोटक लगेगा। इमारतों को ध्वस्त करने वाली कंपनी एक्सजीक्यूट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और ध्वस्तीकरण विशेषज्ञ आनंद शर्मा ने बताया कि जिस समय विस्फ ोटक से दोनों टावरों को गिराया जाएगा, उस समय मलबे से करीब 60 मंजिल ऊंचा धूल का गुबार उठेगा। जिससे आसपास में प्रदूषण का स्तर काफ ी ज्यादा बढ़ जाएगा, लेकिन इमारतों को इससे बचाने के लिए वाटर जैटए फ ायर टेंडर और फव्वारों का इंतजाम किया जाएगा। इसको लेकर फायर विभाग ने एनओसी भी दे दी है। उन्होंने बताया कि धूल के गुबार का असर करीब 15 मिनट तक रहेगा।

हालांकि, यह हवा की गति पर भी निर्भर करेगा कि धूल का प्रवाह हवा के साथ किस ओर होगा। टावर ध्वस्त होने से उठने वाली धूल का मुद्दा प्रदूषण के लिहाज से भी अहम होगा। इमारत को ध्वस्त करने के बाद मलबे के निस्तारण के लिए इसे डिमालिशन साइट तक पहुंचाने का कार्य ट्रकों से किया जाएगा। इससे भी वातावरण में पीएम.2.5 का बढ़ना तय माना जा रहा है। इसको लेकर पर्यावरणविदों चिंतित हैं। ट्विन्स टावर में 40 मंजिल हैं। दोनों टावर में करीब 1000 फ्लैट हैं।



अपने छोटे भाई को धूप से बचाती बच्ची। फोटो: अंकित यादव

# रंजिश के चलते दिया था दोहरे हत्याकांड को अंजाम, पुलिस मुठभेड़ में एक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कविनगर थाना क्षेत्र के वेव सिटी में 20 अप्रैल की रात हुई जितेंद्र उर्फ जीतू और हरेद्र उर्फ मुंदर की हत्या के मामले में फ रार चल रहे कुख्यात बदमाश बिल्लू दुजाना के भाई अनिल नागर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से अनिल घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त नौ एमएम की पिस्टल, कारतूस और बाइक बरामद की है। पुलिस का कहना है कि दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपित एवं कुख्यात बदमाश बिल्लू दुजाना अपने एक साथी के साथ फरार है। दोनों की तलाश की जा रही है।

रविवार को प्रेसवार्ता में एसपी सिटी निपुण अग्रवाल ने बताया कि रविवार तड़के कविनगर पुलिस को सूचना मिली कि दोहरे हत्याकांड में शामिल एक आरोपित बाइक से अपने गांव जाने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बैरियर लगाकर चेकिग शुरू कर दी। कुछ देर बाद ही पुलिस को डायमंड आरओबी की तरफ से एक बाइक पर संदिग्ध आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह बाइक मोड़ कर भागने लगा। पुलिस के पीछा करने पर तेजी से भाग रहे आरोपित की बाइक फिसल गई और वह बाइक को छोड़कर पुलिस टीम पर फ ायरिग करते हुए भागने लगा। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फ ायरिग में पैर में गोली लगने से आरोपित गिर पड़ा और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित गांव खेड़ा दुजाना गौतमबुद्धनगर का निवासी है। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपित अनिल ने पूछताछ में कबूला कि उसने अपने चचेरे भाई बिल्लू गैंगस्टर उर्फ बिल्लु दुजाना और उसके एक साथी के साथ मिलकर जितेंद्र और हरेंद्र की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी।

# हाउसिंग सोसायटी पर लगा 62 करोड़ रुपए का जुर्माना

- एओए की शिकायत पर एनजीटी ने लिया एक्शन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

एनजीटी ने पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले एक बिल्डर पर 62 करोड़ रुपए का जुर्माना ठोका है। यह एनसीआर की सभी हाउसिंग सोसायटी में सबसे बड़ी कार्रवाई है।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली और गुरुग्राम में अभी तक किसी भी हाउसिंग सोसायटी के खिलाफ एनजीटी ने इतनी बड़ी कार्रवाई नहीं की है। आरोप है कि बिल्डर ने पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में गाजियाबाद की एक हाउसिंग सोसायटी पर 62 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के मोहन नगर में स्थित सेवियर पार्क हाउसिंग सोसायटी के खिलाफ एओए ने वर्ष 2021 में मुकदमा दर्ज करवाया था।




यह मुकदमा एनजीटी में दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज करवाते समय एओए ने सेवियर पार्क हाउसिंग सोसायटी के बिल्डर ने भूजल दोहन और सीवर लाइन बिछाने को लेकर शिकायत की थी। यह शिकायत नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में दर्ज की गई जिसके बाद एनजीटी ने इस मामले में पूरी जांच के लिए एक टीम का गठन किया था।

टीम ने अपनी पूरी जांच करने के बाद एनजीटी को रिपोर्ट सौंपी। जिसमें बिल्डर की गलती पाई गई। अब इस मामले में एनजीटी ने पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाने के मामले में हाउसिंग सोसायटी पर 62 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।

इसके अलावा बिल्डर को चेतावनी भी दी है कि अगर तय समय पर जुर्माना नहीं भरा गया तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह उन सभी बिल्डरों के लिए हिदायतें है। जो पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचाते हैं।

बताया जा रहा है कि यह एनसीआर में अभी तक की बिल्डर के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई है, जो एनजीटी ने की है।

### पंचशील ग्रीन्स-1 में बिल्डर और निवासी हुए आमने-सामने

नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित पंचशील ग्रीन्स.1 हाउसिंग सोसाइटी में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। बिल्डर ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि जिन लोगों ने मेंटेनेंस चार्ज जमा नहीं किया है। उन लोगों के प्रीपेड मीटर का रिचार्ज नहीं किया जाएगा। जिसके बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सामने निवासियों और बिल्डर की बैठक हुई। जिसमें प्राधिकरण ने करने आदेश जारी करते हुए कहा कि बिल्डर किसी भी हालत में लोगों के प्रीपेड मीटर का रिचार्ज बंद नहीं कर सकता, लेकिन उसके बावजूद भी बिल्डर उन लोगों के प्रीपेड मीटर रिचार्ज नहीं कर रहा है। जिनका मेंटेनेंस चार्ज जमा नहीं है। अब इस मुद्दे को निवासी उठा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार




बालश्रम में लगाये बच्चों को मुक्त कराती नोएडा पुलिस।

### स्कॉर्पियो व ब्रेजा में स्टंट का वीडियो वायरल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बने स्टंट वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर वायरल है। स्टंट वीडियो में युवक खुद की जान को खतरे में डालते हुए स्टंट कर रहे है। गाजियाबाद के एलिवेटेड रोड पर स्कॉर्पियो गाड़ी पर युवक स्टंट कर रहा है। स्टंट इतना खतरनाक है कि जरा.सी अनहोनी में युवक की जान भी जा सकती है। स्टंट कर रहे युवक का वीडियो दूसरी गाड़ी पर सवार होकर युवक बना रहे है। वहीं सीबीआई अकेडमी रोड पर युवक ब्रिजा गाड़ी के ऊपर बैठकर वीडियो बनवा रहा है। वीडियो देखी ट्रैफिक पुलिस के संज्ञान में आती है तो गाड़ी का 5000 का चालान कर दिया जाता है। गाजियाबाद में यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी काफी मामले सामने आए हैं। हालांकि, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इस मामले में एक्शन लेती है।

### ललितपुर और चंदौली कांड पर आप का प्रदर्शन

**नोएडा।** ललितपुर और चंदौली में हुई जघन्य आपराधिक घटना की आम आदमी पार्टी ने उच्च न्यायालय की निगरानी में सीबीआई जांच कराने की मांग की है। जांच को लेकर रविवार को सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय नोएडा पर आप के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च किया। साथ ही जिला संगठन प्रभारी ओमवीर पहलवान के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अयोध्या के माध्यम से सौंपा। जिला के निर्वतमान जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन ने कहा कि ललितपुर में एक किशोरी से गैंगरेप हुआ, जब पीड़िता न्याय पाने के लिए थाने गई तो दरोगा ने न्याय दिलाने की जगह पर पीड़िता के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद चंदौली में 2 बेटियों को घर मे घुसकर पुलिसकर्मियों द्वारा बेरहमी से पीटा गया। जिससे उनकी मौत हो गई।

### मुठभेड़ में बदमाश को पुलिस ने मारी गोली

**नोएडा।** एडीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बाइक सवार बदमाश ने वसुंधरा सेक्टर-6 में एक युवक से मोबाइल लूटा है। आरोपी वारदात के बाद बॉर्डर से नोएडा आ गया। इसी बीच बदमाश बाइक पर आया तो पुलिस ने उसे रुकने के लिए कहा। इस पर आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस पूछताछ में उसकी पहचान जौनपुर के गांव पशेरा निवासी आदित्य सिंह के रूप में हुई है। वह वर्तमान में कविनगर की वेव सिटी में रहता था।

### फ्यूजन होम्स सोसायटी के बिल्डर के खिलाफ नारेबाजी

**नोएडा।** फ्यूजन होम्स हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ रविवार को प्रदर्शन किया। निवासियों ने मेंटेनेंस चार्ज बढ़ाने और बिल्डर द्वारा मेंटेनेंस सेवाएं बंद करने पर बिल्डर के खिलाफ यह प्रदर्शन किया है। पिछले तीन सप्ताह से निवासियों द्वारा लगातार बढ़े मेंटेनेंस चार्ज का विरोध किया जा रहा है, लेकिन बिल्डर सुनने को तैयार नहीं है। निवासियों ने मेंटेनेंस चार्ज पर वृद्धि को स्वीकार नहीं किया। बिल्डर द्वारा वृद्धि करके 2.65 रुपये प्रति वर्ग फीट कर दिया है।

### मारपीट के आरोपी में पिता-पुत्र समेत 3 पकड़े

**नोएडा।** बिसरख गांव में एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता.पुत्र समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

परिवार की महिलाओं का झगड़ा होने पर पुरुषों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इस मामले में एक महिला के सिर में गंभीर चोट आई है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि पांच दिन पहले बिसरख गांव में एक ही परिवार की दो महिलाओं के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। महिलाओं का विवाद पुरुषों तक पहुंच गया।

# छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराने पर भाई को चाकू से गोदा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मसूरी थानाक्षेत्र के डासना में छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराने पर मनचले और उसके साथियों ने युवती के भाई पर चाकू से हमला कर दिया। युवक के चाचा की तहरीर पर मसूरी पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया है।

डासना निवासी व्यक्ति का कहना है कि उनकी भतीजी पांच मई को अपने परिजनों के साथ सिहानी गेट थानाक्षेत्र में स्थित ऑप्यूलेंट मॉल गई थी। कॉलोनी के ही रहने वाले ओवैस, सुहेब, फेरिस, समीर और फैजान भी उनकी भतीजी का पीछा करते हुए पहुंच गए और छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने झगड़ा शुरू कर दिया। घटना के संबंध में सिहानी गेट थाने में शिकायत की गई थी। इसी बात को लेकर आरोपी रंजिश मान रहे थे। शिकायतकर्ता का कहना है कि शुक्रवार रात उनका भतीजा घर के बाहर कुर्सी पर बैठा हुआ था। उसी दौरान समीर, ओवैस और सुहेल आए और उनके भतीजे से गाली गलौज करने लगे।

# मृत महिला को जिंदा दिखा वसूली किस्त

- फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों पर केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कविनगर थानाक्षेत्र में मृत महिला को जिंदा दिखाकर फाइनेंस कंपनी द्वारा उसके खाते से किस्त काट ली।

महिला के अधिवक्ता पति ने कोर्ट के आदेश पर टाटा मोटर्स फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों समेत 11 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। राजनगर निवासी अधिवक्ता का कहना है कि उन्होंने अपनी पत्नी के नाम पर वर्ष 2018 में कार खरीदी थी। उन्होंने कार पर तीन लाख का लोन कराया था। लोन की किश्त उनकी पत्नी के खाते से कट रही थी। अधिवक्ता का कहना है कि अप्रैल 2021 में उनकी पत्नी का कोरोना से देहांत हो गया।

इस संबंध में फाइनेंस कंपनी को सूचना भी दे दी गई थी। बैंक व फाइनेंस कंपनी को पत्र भेजकर खाता बंद करने तथा लोन फाइनल करने करने के लिए कहा। अधिवक्ता का आरोप है कि सूचित करने के बावजूद कंपनी ने न तो खाता बंद किया और व ही लोन फाइनल करने की प्रक्रिया अपनाई। इतना ही नहीं, उनकी पत्नी को जिंदा दिखाकर उनके खाते से किस्त काटी जाती रही। अधिवक्ता का कहना है कि उन्होंने बैंक जाकर खाता बंद करा दिया, लेकिन इसके बाद फाइनेंस कंपनी उनकी मृत पत्नी के नाम कार्रवाई की चेतावनी देते हुए नोटिस भेजती रही।

पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर टाटा मोटर्स कंपनी की आरडीसी शाखा के प्रबंधक, टाटा मोटर्स के सेल्स मैनेजर, फाइनेंस कंपनी सेल्स एंड मार्केट के सीईओ, चीफइनेंशियल ऑफि सर, टाटा मोटर्स फाइनेंस के एमडी के अलावा तीन अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया गया है।

# संबंध बनाने से इंकार करने पर हुई थी महिला की हत्या, चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के एक होटल में 2 दिनों पहले महिला की लाश बरामद हुई थी। इस मामले में गाजियाबाद पुलिस ने खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।


जांच में पता चला है कि होटल का मैनेजर और वहां पर काम करने वाले कर्मचारी भी इस हत्या में शामिल थे। महिला से अवैध संबंध बनाना चाहता था, लेकिन जब महिला ने इंकार कर दिया तो आरोपी ने उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। जबकि, होटल के मैनेजर, स्टाफ और कर्मचारी ने इस बात को छुपाया था।

गाजियाबाद के घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में स्थित आर्यदीप होटल के कमरा नंबर-104 में एक महिला की लाश बरामद हुई थी। महिला की पहचान प्रियंका निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई थी। होटल के मैनेजर ने पुलिस को सूचना दी थी कि अज्ञात व्यक्ति होटल में घुसा था। पुलिस ने इस मामले में छानबीन शुरू की। छानबीन के दौरान होटल का मैनेजरए स्टाफ और सफाईकर्मी तीनों ने अलग-अलग बयान दिया थे।

# हिंदुत्व पर विवादित सवाल पूछने वाला असिस्टेंट शिक्षक निलंबित

- शारदा यूनिवर्सिटी ने मांगी माफी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी में बीए पॉलिटिकल साइंस का विवादित पेपर बनाने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर वकास फारूख को सस्पेंड कर दिया गया है। यूनिवर्सिटी ने एक बयान जारी करके पूरे प्रकरण पर खेद जाहिर किया और माफी मांगी है।

दरअसल, बीए पॉलिटिकल साइंस के पॉलिटिकल आइडियोलॉजी सब्जेक्ट के पेपर में हिंदुत्व और राइटविंग मूवमेंट पर विवादित सवाल पूछा गया है। जिसे लेकर दो दिनों से बवाल चल रहा है। अब यूनिवर्सिटी ने मामले में कार्रवाई की है। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क में स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में अंतर विभागीय परीक्षाएं चल रही हैं। इन्हें मिड टर्म एग्जामिनेशन कहा जाता है। पोलिटिकल साइंस डिपार्टमेंट ने बीए के छात्र-छात्राओं से सवाल पूछा है। पॉलिटिकल आइडियोलॉजी विषय प्रश्न पत्र में यह सवाल पूछा गया। प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या 6 पर आपत्ति है। सवाल कुछ इस तरह है, क्या आप हिंदू राइट विंग हिंदुत्व, फासिज्म और नासिज्म में समानता पाते हैं, तर्क के साथ समझाइए। यह मामला सार्वजनिक हो गया। सोशल मीडिया पर हिंदूवादी संगठन और समर्थक विश्वविद्यालय का विरोध कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है कि शारदा विश्वविद्यालय हिन्दू विरोधी मानसिकता का प्रचार.प्रसार कर रही है। हिंदुत्व को नाजीवाद और फ ासीवाद जैसा बताकर छात्रों को गलत शिक्षा दी जा रही है। इस मामले में विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि शारदा यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम में हिंदुत्व को नाजीवाद और फासीवाद की तरह पढ़ाया जा रहा है।

यही वजह है कि परीक्षा में इस तरह का प्रश्न छात्र.छात्राओं से पूछा गया है। विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम की जांच होनी चाहिए।

इस पर शिक्षा मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार को और केंद्र सरकार को तत्काल संज्ञान लेना चाहिए। शारदा विश्वविद्यालय के पोलिटिकल साइंस डिपार्टमेंट के सारे पाठ्यक्रमों की जांच की जानी चाहिए। यह गलती नहीं बल्कि अपराध है।

# 15 दिन में दुरुस्त करें ग्रेनो की हरियाली, नहीं तो लगेगा जुर्माना

- लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ और मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने उद्यान विभाग को चेतावनी दी है कि 15 दिन में ग्रेटर नोएडा के पार्क, रोड साइड ग्रीनरीए ग्रीन बेल्ट और रोटरी आदि की हरियाली को दुरुस्त कर लें।

इसके बाद सीनियर अफ सर पूरे शहर का निरीक्षण करेंगे। अगर खामी मिली तो ठेकेदारों के बॉन्ड निरस्त करने के साथ ही काली सूची में डाल दिया जाएगा। उन पर भारी-भरकम पेनल्टी भी लगाई जाएगी। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ और मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने शनिवार की शाम 6:00 बजे मई की शाम को प्रोजेक्ट और उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। सीईओ ने निर्देश दिए कि ग्रेटर नोएडा सभी सेक्टरों के पार्कों, ग्रीन बेल्ट, रोड साइड ग्रीनरी और गोलचक्करों आदि की हरियाली को दो सप्ताह में दुरुस्त कर लिया जाए। कहीं भी पेड़, घास आदि सूखे मिले तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीईओ ने ठेकेदारों के बॉन्ड को निरस्त करने और भारी.भरकम पेनल्टी लगाने के साथ ही काली सूची में डालने की चेतावनी दी। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

सीईओ ने निर्देश दिए कि इस बैठक से ठीक 15 दिन बाद सभी सीनियर अधिकारी ग्रेटर नोएडा के अलग.अलग हिस्सों का निरीक्षण करेंगे। सीईओ खुद भी फ ील्ड में जाकर हरियाली व अन्य रखरखाव कार्यों का जायजा लेंगे।

खामी मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीईओ ने वरिष्ठ अधिकारियों को निरीक्षण अभियान लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह के निर्देश को ध्यान में रखते हुए महाप्रबंधक एके अरोड़ा, वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह व एके सक्सेना, प्रबंधक जितेन्द्र सिंह वैभव नागर और पूरी टीम ने अवकाश के बावजूद शनिवार और रविवार को सड़कों पर घूमकर हरियाली का जायजा लिया। टीम नॉलेज पार्क टू, सिटी पार्क, 60 मीटर चौड़ी सड़क, सेक्टर गामा व अल्फा, डेल्टा टू व थ्री के पार्कों, ओपन जिम, गोलचक्कर आदि का जायजा लिया। सेक्टरों के निरीक्षण के दौरान आरडब्लूए व सेक्टर के निवासी भी मौजूद रहे। महाप्रबंधक ने इन कार्यों को देख रहे ठेकेदारों को और बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। हालांकि टीम को कई जगह रोटरी, ग्रीन बेल्ट और पार्कों की सिंचाई करते कर्मचारी दिखे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 9 मई, 2022



# राहत का दौर खत्म, आज से बढ़ेगी गर्मी

## अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री तक रहने की संभावना : आईएमडी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अप्रैल में चिलचिलाती धूप व लू के बाद राजधानी में इस माह के पहले सप्ताह में लू से राहत रही। पिछले बुधवार को हुई बारिश के बाद तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे आ गया था। लेकिन शनिवार को आसमान साफ होने के बाद मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने लगा है।

इस वजह से रविवार कोज्यादातर इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया। फिर भी अभी दो दिन भीषण गर्मी से थोड़ी राहत रहेगी। इसके बाद फिर लू चलेगी। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मंगलवार से शुक्रवार तक कई इलाकों में लू चलने से तापमान चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसके मद्देनजर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में शनिवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है। इस बीच दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण के स्तर में आंशिक सुधार हुआ है। दिल्ली, फरीदाबाद, गाजियाबाद व नोएडा में हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही। सफर इंडिया के अनुसार अगले तीन दिन मध्यम गति की हवा चलने के कारण हवा की गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में या खराब श्रेणी में निचले स्तर पर रहेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली का एयर इंडेक्स 209 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में है।


### गर्मी से बचाव को स्कूलों ने उठाए एहतियाती कदम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लू की स्थिति को देखते हुए, स्कूल प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा के लि कुछ कदम उठाए हैं जिनमें स्कूल के समय में संशोधन, बाहरी गतिविधियों को प्रतिबंधित करना, ओआरएस और ग्लूकोज पाउच का स्टॉक रखना और बच्चों को लगातार पानी पीने के लिए प्रेरित करना आदि शामिल हैं। भीषण गर्मी के बीच उत्तर भारत के अधिकांश इलाकों में तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है और दिल्ली का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। दिल्ली में इस साल अप्रैल महीना, पिछले 72 सालों में दूसरा सबसे गर्म महीना रहा और पूरे महीने का यहां औसत अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विभाग ने इस हफ्ते के शुरू में कहा था कि उत्तर पश्चिम भारत में सात मई से और पूरे मध्य भारत में आठ मई से दोबारा लू की शुरूआत होने की संभावना है। लू के कारण स्कूलों को बंद करना कोई विकल्प नहीं हो सकता है, जैसा कि विशेषज्ञों द्वारा सुझाया गया है। कोविड महामारी के कारण पहले ही स्कूल करीब दो साल तक बंद रहे हैं और नए अकादमिक सत्र से ऑफलाइन कक्षाएं शुरू हुई है।

# विस पर खालिस्तानी झंडा लगाना भाजपा की असफलता : संजय

● आप नेता संजय सिंह ने कहा हिमाचल प्रदेश और देश की सुरक्षा कैसे होगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



हिमाचल प्रदेश विधानसभा पर खालिस्तानी झंडा लगा कर चले जाना राज्य की भाजपा सरकार की घनघोर असफलता है। यह आरोप आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकारें एक गुंडे को बचाने में व्यस्त हैं।

वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि अगर भाजपा एक विधानसभा को सुरक्षा नहीं दे सकती है, तो आम इंसान को सुरक्षा क्या देगी। हिमाचल प्रदेश के सीएम जयराम ठाकुर को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा सिर्फ इसमें व्यस्त है कि गुंडों, लफंगों और दंगाइयों को कैसे बचाया जाए। इसलिए विधानसभा पर जो सुरक्षा होनी चाहिए, वो सुरक्षा नहीं है। वहीं, मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हिमाचल विधानसभा परिसर के आसपास खालिस्तानी झंडे लगाना, देश और हिमाचल प्रदेश के लिए शर्म की बात है। भाजपा और पुलिस अपराधियों को बचाने में लगी रहेगी, तो आतंकवादियों को झंडे लगाने से कैसे रोक पाएगी।

### पंजाब में आंतकी गतिविधियां तेज : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव तेजिंदर पाल सिंह बग्गा को गिरफ्तार करने के बाद भाजपा और आम आदमी पार्टी में आरोप प्रत्यारोप तेज गया है। इस सिलसिले में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की पंजाब में सरकार बनने के बाद देश में खालिस्तानी गतिविधियां जिस तरह से बढ़ती जा रही है और उसका सीधा संबंध पंजाब से निकल कर आ रहा है, वह देश के लिए खतरनाक साबित होने वाला है। केजरीवाल की पार्टी खालिस्तानी समर्थक पार्टी बन चुकी है। खालिस्तान के एजेंडे पर चलने वाली सरकार आज देश के कई राज्यों में खालिस्तानी गतिविधियों को अंजाम दे रही है। आदेश गुप्ता ने कहा पूर्व नेता स्पष्ट करते हो कि अरविंद केजरीवाल की मंशा खालिस्तान के प्रधानमंत्री बनने की है।

# दिल्ली में बढ़ रहा अपराध, पुलिस भाजपा के गुंडों को बचाने में व्यस्त

● देश के मेट्रो शहरों में सबसे अधिक क्राइम दिल्ली में : आतिशी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है और दिल्ली पुलिस भाजपा के गुंडों-लफंगो को बचाने में व्यस्त है। यह आरोप आम आदमी पार्टी की आतिशी ने रविवार को लगाया है।

आतिशी ने रविवार को एक प्रेसवार्ता में कहा कि शनिवार को सुभाष नगर मार्केट में तीन बदमाश शाम 7~30 बजे खुलेआम लोगों पर गोलीबारी करके निकल जाते हैं, 20 घंटे बाद भी पुलिस आरोपियों का पता नहीं लगा पाती है। अपराधियों को आज दिल्ली पुलिस का डर इसलिए नहीं है क्योंकि उन्हें पता है कि पूरी दिल्ली पुलिस भारतीय जनता पार्टी के गुंडों को बचाने में बहुत व्यस्त है। भाजपा के गुंडों को बचाने के लिए पुलिस की सारी फोर्स तत्काल सड़क पर उतर जाती है और हरियाणा तक चली जाती है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में जो सारे मेट्रो शहर हैं, उसमें सबसे ज्यादा अपराध के मामले दिल्ली में रिपोर्ट होते हैं। भारत के 19 मेट्रो शहरों में सामने आने वाले कुल बलात्कार के मामलों में से 40 प्रतिशत और हत्या के 25 फीसदी मामले सिर्फ दिल्ली के होते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों दिल्ली पुलिस ने तेजिन्दर बग्गा को गैर कानूनी रूप से बचाने के जबरदस्त फुर्ती दिखाई।? तब भारतीय जनता पार्टी के गुंडों को बचाने के लिए दिल्ली पुलिस की सारी फोर्स गाड़ियों में बैठकर जेम्स बांड की तरह कुरुक्षेत्र पहुंच जाती है।

दूसरी तरफ दिल्ली के लोगों के साथ खुलेआम अपराध होते हैं। पूरे भारत में 19 मेट्रो शहर हैं, लेकिन उन 19 मेट्रो शहर में सामने आने वाले कुल बलात्कार के मामलों में से 40 प्रतिशत सिर्फ दिल्ली के होते हैं।

### तकनीकी निगरानी की मदद से दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक विशेष दस्ते ने शनिवार को दो अपराधियों को गिरफ्तार किया, जो अदालत की सुनवाई से बच रहे थे।

उन्होंने बताया कि जावेद और जुनैद नेब सराय इलाके के सैनिक फार्म में छिपे हुए थे। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया, आरोपियों के ठिकाने का पता तकनीकी निगरानी की मदद से लगाया गया। विशेष पुलिस दल जानकारी मिलने के बाद छापेमारी करने मौके पर पहुंचा और इसके बाद इन अपराधियों को छह मई की देर रात गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि जावेद और जुनैद को क्रमश: वर्ष 2017 और 2019 में एमएम महिला अदालत, कड़कड़डूमा ने अपराधी घोषित किया था।

# डीयू दाखिला: हर वर्ष आरक्षित सीटे रह जाती हैं खाली

● फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फ़ॉर सोशल जस्टिस ने वाइस चांसलर पत्र लिखकर मांगे पांच साल के आंकड़े

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में इन दिनों दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। सभी कॉलेजों में एससी, एसटी, ओबीसी कोटे के सीटे निर्धारित है लेकिन हर साल देखा गया कि इन वर्गों की दाखिले पूरे नहीं होते। इसके बाद कॉलेज इन सीटों पर सामान्य वर्गों के छात्रों को आवंटित कर देते है। जबकि केंद्र सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार एससी /एसटी सीटों में बदलाव किया जा सकता है लेकिन इस नियम को अधिकांश कॉलेज नहीं लागू करते।

यूजीसी और एमएचआरडी द्वारा जारी आरक्षण संबंधी निर्देशों का खुलेआम उल्लघंन किया जाता है। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फ़ॉर सोशल जस्टिस (डीयू) ने वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश सिंह को पत्र लिखकर मांग की है कि मौजूदा शैक्षिक सत्र में कॉलेजों में यूजी, पीजी, एमफिल, पीएचडी पाठ्यक्रमों में एससी, एसटी, ओबीसी व पीडब्ल्यूडी कोटे में एडमिशन प्रक्रिया शुरू करने से पहले पिछले पांच वर्षों के आंकड़े मंगवाकर उनकी जांच करवाई जाए।

फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने पत्र में लिखा है कि एडमिशन के लिए ऑन लाइन इंट्रेंस टेस्ट रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद विश्वविद्यालय स्तर पर एडमिशन के लिए टेस्ट होगा। डीयू कॉलेजों में हर साल स्वीकृत सीटों से 10 फीसदी ज्यादा एडमिशन होते है। उन्होंने बताया है कि कॉलेज अपने स्तर पर 10 फीसदी सीटें बढ़ा लेते हैं। बढ़ी हुई सीटों पर अधिकांश कॉलेज आरक्षित वर्गों की सीटें नहीं भरते। उन्होंने यह भी बताया है कि पिछले तीन साल से सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए 10 फीसदी आरक्षण दिया गया है। जो अब बढ़कर 25 फीसदी सीटों का इजाफा हुआ है ।

इन वर्गों के छात्रों की सीटें भी खाली रह जाती है । इस तरह से विश्वविद्यालय के आंकड़ों की माने तो 70 हजार से ज्यादा सीटों पर हर साल एडमिशन होता है फिर भी एससी /एसटी , ओबीसी व पीडब्ल्यूडी छात्रों की सीटें खाली रह जाती है।

# पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियों का होगा संरक्षण



**जीनोम संसाधन बैंकिंग**

● चुनिंदा दुर्लभ, संकटग्रस्त प्रजातियों की प्रजनन कोशिकाओं और भ्रूण का भंडारण किया जाएगा : सैकॉन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में अधिकारियों ने सरोगेट प्रजातियों का उपयोग करके चुनिंदा दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त (आरईटी) पक्षियों की प्रजातियों के प्रजनन और उनके संरक्षण के लिए तरीके विकसित करने तथा एक अत्याधुनिक जीनोम संसाधन बैंकिंग केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है।

जीनोम संसाधन बैंकिंग के जरिए संकटग्रस्त प्रजातियों के प्रजनन कार्यक्रम के उद्देश्य से उनकी प्रजनन कोशिकाओं और भ्रूण का भंडारण किया जाएगा।

सालिम अली सेंटर फॉर ऑर्निथोलॉजी एंड नेचुरल हिस्ट्री (सैकॉन) ने अगले 10 वर्षों में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पक्षियों की विविधता, उनके पारिस्थितिक तंत्र, आवास और परिदृश्य के संरक्षण के लिए एक मसौदा कार्य योजना तैयार की है। दिल्ली-एनसीआर के लिए कार्य योजना एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसमें पांच क्षेत्रों उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और मध्य के 17 राज्यों को शामिल किया गया है। इसे पिछले महीने दिल्ली वन और वन्यजीव विभाग के साथ साझा किया गया था। 1970 के बाद से इस क्षेत्र में दर्ज की गईं पक्षियों की कुल 446 प्रजातियों में से 63 को दुर्लभ, संकटग्रस्त और लुप्तप्राय माना जाता है।

20 आरईटी प्रजातियों सहित आर्द्रभूमि पक्षियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले अध्ययनों ने पक्षियों के आवासों पर अतिक्रमण सहित कई संरक्षण मुद्दों पर प्रकाश डाला है।

# आठ पिस्टल व दो मैग्जीन के साथ हथियार तस्कर धरा

● आरोपी मंदीप कुमार उर्फ काली मध्य प्रदेश के बुरहानपुर से पिस्टल लेकर उसे दिल्ली व पंजाब के बदमाशों को बेचता था : पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने हथियार तस्कर मंदीप कुमार उर्फ काली को मुकरबा चौक से गिरफ्तार किया है। इसके पास से आठ पिस्टल व दो अतिरिक्त मैग्जीन बरामद की गई है। काली मध्य प्रदेश के बुरहानपुर से पिस्टल लेकर उसे दिल्ली व पंजाब के बदमाशों को बेचता था। मार्च से अबतक वह उक्त दोनों राज्यों के बदमाशों को 20 पिस्टल बेच चुका है। मंदीप के खिलाफ पहले के आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और हत्या की कोशिश के 10 मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा के मुताबिक एसीपी ललित मोहन नेगी व हृदय भूषण के नेतृत्व में इंस्पेक्टर प्रवीण दुग्गल व राकेश राणा की टीम ने अंतरराज्यीय तस्कर मंदीप कुमार ऊर्फ काली को गिरफ्तार किया। वह रवि दास मंदिर वाली गली, रामतीर्थ रोड, ग्वालमंडी, अमृतसर, पंजाब का रहने वाला है। वह मार्च से दिल्ली और पंजाब के बदमाशों को अवैध हथियार व कारतूस आपूर्ति कर रहा था। वर्ष 2012 में वह अमृतसर के ड्रग्स तस्कर साहिल उर्फ कालू के संपर्क में आया था। इसके बाद उसने साहिल के लिए तस्करी करनी शुरू कर दी थी। उसी साल पंजाब पुलिस ने उसे पहली बार गिरफ्तार किया था। जेल से बाहर आने के बाद भी उसने अपने तरीके नहीं बदले और नशीले पदार्थों की तस्करी में लगा रहा। बाद में उसे अमृतसर से हत्या के प्रयास और आ ?र्म्स एक्ट के एक मामले में भी गिरफ्तार किया गया। गुरदासपुर जेल में रहते हुए उसकी मुलाकात बुरहानपुर के हथियार सप्लायर से हुई जो दिल्ली और पंजाब में हथियारों की आपूर्ति के आरोप में अपने दो सहयोगियों के साथ जेल में था। जेल में मंदीप ने उसने हथियार बेचने को कहा। दिसंबर 2021 में जेल से बाहर आने के बाद मंदीप ने बुरहानपुर में हथियार सप्लायर से मुलाकात की।

### रोहिणी में फहराया गया 75 फुट ऊंचा तिरंगा

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली की पूर्व महापौर व निगम पार्षद प्रीति अग्रवाल की अध्यक्षता में आज़ादी के 75 वें अमृत महोत्सव कार्यक्रम में मातृत्व दिवस पर माँ भारती के तिरंगे का ध्वजारोहण रोहिणी सेक्टर 18 स्थित पार्क में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तराखंड प्रभारी श्याम जाजू व राष्ट्रीय मंदिर के संस्थापक अजय का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर किसान मोर्चा अध्यक्ष राजपाल राणा, पूर्व स्थायी समिति उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव, आयुक्त संजय गोयल, प्रमुख निदेशक वीके गुप्ता, क्षेत्रीय उपायुक्त जेके जैन व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।



मातृत्व दिवस पर मां भारती के तिरंगे का ध्वजारोहण रोहिणी स्थित पार्क में किया।

### ऑटो पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री में आग, कोई घायल नहीं

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है वैसे-वैसे आग लगने की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला लाल बाग इलाके का है जहां ऑटो पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री में रविवार सुबह आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया।

एक की पहली मंजिल पर ऑटो पार्ट्स बनाने और दूसरी मंजिल पर कपड़ा बनाने की फैक्ट्री है। इन दोनों की फैक्ट्री में आज सुबह पांच बजे के करीब भीषण आग लग गई। जानकारी मिलने पर दमकल की दो दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंच कर आग को काबू किया। फैक्ट्री में हवा के आने-जाने की वजह से दमकल कर्मियों को अंदर जाने में काफी दिक्कतें आईं।

## संक्षिप्त समाचार



संगीत संध्या में जेएनयू के छात्र शिरकत करते हुए।

### राष्ट्रीय कला मंच ने कराई संगीत संध्या

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कला मंच की जेएनयू इकाई ने सत्याग्रह स्थल पर शनिवार देर रात भव्य संगीत संध्या का आयोजन कराया। रैप्सॉडी नामक इस कार्यक्रम में जेएनयू छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जाने माने संगीतज्ञ राजीव रंजन ने अपने समूह के साथ बॉलीवुड एवं सूफी गाने पेश गाए। राष्ट्रीय कला मंच के संयोजक गौरव कुमार ने कहा कि करीब 80 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। राष्ट्रीय कला मंच हमेशा से छात्र समुदाय को अपनी कला प्रदर्शित करने का मंच देता आया है। उनका उद्देश्य जेएनयू परिसर में सकारात्मक माहौल बनाना और छात्रों में कला के प्रति रुचि बढ़ाना है। सह संयोजिका आइना माकर ने बताया कि भविष्य में भी मंच न केवल संगीत,अपितु चित्रकला, रंगोली नाटक इत्यादि कायक्रमों की सहायता से विवि में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने का प्रयास करेगा।

### यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने लीगल सेल का किया गठन



**नई दिल्ली।** हिन्दुत्व के मामलों में कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने लीगल सेल का गठन किया गया है। इस संदर्भ में वकीलों के साथ एक आवश्यक बैठक का आयोजन संत शिरोमणी महामंडलेश्वर राघवानंद महाराज के सान्निध्य में किया गया। बैठक की अध्यक्षता फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने किया। इस अवसर पर गोयल ने बताया कि हिंदुत्व की रक्षा के लिए कानून की सहायता का बहुत महत्व है। हिंदुओं को कानूनी सहायता के लिए सक्षम बनाने के लिए कई वकील फ्रंट के साथ जुड़ने के लिए आगे आए है। इसी प्रकार तीस हजारी कोर्ट के लिए पीएस शर्मा, साकेत के लिए अनूप राज, पटियाला हाऊस के लिए बी.आर. वर्मा, कड़कड़डूमा कोर्ट के लिए तरूण गौतम, द्वारका राजीव चौहान, रोहिणी कोर्ट सी. एल. गौतम, तथा राऊज ऐवेन्यू के लिए बीएस रावत मामले देखेंगे। गाजियाबाद, नोएडा एवं गुडगांव के लिए भी शीघ्र तदर्थ नियुक्तियां कर दी जाएंगी। लीगल सैल की अगली बैठक 28 मई को होगी।

### राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण पर कांग्रेस ने आप को घेरा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की सरकार ने नई शराब नीति लागू करने का दिल्ली कांग्रेस ने बार बार विरोध किया है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 में भी साबित हो गया है कि महिलाओं पर घरेलु हिंसा व अत्याचार के 70 फीसदी मामलों का मुख्य कारण पतियों द्वारा शराब का सेवन है। चौधरी अनिल कुमार ने रविवार को कहा कि अरविंद सरकार ने शराब नीति को उदार बनाने के लिए शराब माफियाओं से भारी मात्रा में रिश्वत ली है, जिससे न केवल घरेलू शांति भंग हुई है, बल्कि शराब के लिए कई परिवारों की आर्थिक स्थिति बिगड़ी है, क्योंकि बेरोजगार युवा इसके आदी हो चुके हैं । अरविंद सरकार ने हर वार्ड में न केवल 3-4 शराब की दुकानों की अनुमति दी है, बल्कि शराब की दुकान का समय भी बढ़ा दिया है, ताकि शराब लगभग चौबीसों घंटे उपलब्ध हो।

# कामकाजी महिलाओं के लिए एनडीएमसी घर से दूर बनाएगा एक घर

## इंदिरा निकेतन वर्किंग वुमन हॉस्टल का होगा विस्तार, जहां 117 महिलाओं को सुरक्षित और आरामदायक वातावरण मिलेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अकेली रहने वाली कामकाजी व पढ़ने वाली महिलाओं को सुरक्षित और आरामदायक वातावरण मुहैया कराने के मकसद से नई दिल्ली नगर पालिका परिषद उनके लिए घर से दूर एक घर बनाएगी।

एनडीएमसी इंदिरा निकेतन वर्किंग वुमन हॉस्टल लक्ष्मीबाई नगर में सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ एक अतिरिक्त ब्लॉक का निर्माण करेगी। इसके बन जाने से 117 और महिलाएं इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगी। वर्तमान में इंदिरा निकेतन में लगभग दो सौ महिलाओं को हॉस्टल सुविधा प्रदान की जा रही है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्याक्ष सतीश उपाध्याय ने रविवार को बातया कि राजधानी में छात्रों की आवाजाही बढ़ना, उनकी इच्छा अनुसार शिक्षा प्राप्त करना, छात्रावास की मांग को बढ़ाता है। एक आवासीय इकाई के रूप में छात्रावास समुदाय के रहने को बढ़ावा दे सकता है और सुरक्षा प्रदान भी कर सकता है, विशेष रूप से महिला छात्रों के लिए, जो शहरों में अकेले नहीं रह सकती हैं या छोटे समूहों में नहीं रहना चाहती। वर्तमान में एनडीएमसी के पास शहर के तीन प्रमुख स्थानों मंदिर मार्ग पर स्वाति, मंडी हाउस के पास आकांक्षा और लक्ष्मीबाई नगर में इंदिरा निकेतन नामक तीन कामकाजी महिला छात्रावास हैं।

इन छात्रावासों में राजधानी के बाहर से आई कामकाजी महिलाओं को सस्ती दर पर घर जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इससे पहले अन्य छात्रावासों में भी सुविधा का विस्तार करने की योजना बनाई थी, लेकिन जगह की कमी की वजह से यह संभव नहीं हो पाया। इंदिरा निकेतन का क्षेत्र विशाल है, इसलिए उन्होंने यहां एक नया ब्लॉक बनाने का फैसला किया है। इन्दिरा निकेतन परिसर में प्रस्तावित अतिरिक्त हॉस्टल ब्लॉक का तकनीकी विवरण देते हुए उपाध्याय ने कहा कि इंदिरा निकेतन का कुल क्षेत्रफल 6715.91 वर्ग मीटर है जिसमें पुराना भवन क्षेत्र 852.87 वर्ग मीटर है, और नया भवन 521.65 वर्गमीटर में होगा। समग्र इमारत आरसीसी फ्रेम की संरचना पर होगी जिसमें एक तीन मंजिला इमारत शामिल है जिसकी प्रत्येक मंजिल में 10 कमरों के साथ शौचालय का भी प्रावधान है। भूतल के रिसेप्शन में 1.8 मीटर चौड़े आम मार्ग के साथ 9 कमरों का प्रावधान है, जिसमें लिफ्ट, और सीढ़ियां भी होंगी।

परियोजना की कुल अनुमानित लागत 9.4 करोड़ रुपये है जो वर्षा जल संचयन प्रणाली, अग्निशमन प्रणाली आदि जैसी सभी आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल सुविधाओं से लैस होगी। उन्होंने यह भी बताया कि विट्रीफाइड टाइल फ्लोरिंग का उपयोग सभी कमरों, फ्लश डोर शटर, एल्यूमीनियम ग्लेज्ड खिड़कियों स्टेनलेस स्टील रेलिंग, राइजर में ग्रेनाइट पत्थर और सीढ़ी में चलने और जैसलमेर स्टोन क्लैड्डिंग के साथ बाहरी फिनिश आदि में किया जाएगा। इस परियोजना की सभी निविदा औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जून 2022 तक काम शुरू होने की संभावना है। उपाध्यक्ष के अनुसार परिवारों, समुदायों और देशों के सामाजिक विकास के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना आवश्यक है। जब महिलाएं सुरक्षित, पूर्ण और उत्पादक जीवन जी रही हैं, तो वे अपनी पूरी क्षमता से काम कर सकती हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 9 मई, 2022



# जूस पिलाकर भूख हड़ताल पर बैठे कर्मियों का आंदोलन कराया समाप्त

## कहा, एचआरईसी के कर्मचारियों को पिछले पांच महीने से वेतन तक नहीं मिला



एचआरईसी में कर्मचारियों को जूस पिलाकर भूख हड़ताल का समापन कराते पदाधिकारी।

**गुरुग्राम।** कर्मचारियों की मांगों को लेकर रोडवेज वर्कर यूनियन ने हरियाणा रोडवेज इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचआरईसी) परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को रविवार की प्रात: श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव ने जूस पिलाकर हड़ताल को समाप्त कराया।

भूख हड़ताल पर यूनियन के सुरेश यादव, सुखबीर, मांगेराम, निर्मल व करतार सिंह बैठे थे। अनिल पंवार ने कहा कि एचआरईसी के कर्मचारियों को पिछले पांच महीने से वेतन तक नहीं मिला है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि प्रदेश सरकार कर्मचारी मजदूर विरोधी कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एचआरईसी को बंद करने पर तुली हुई है। यदि सुचारू रूप से इसको चलाया जाए तो यह बहुत मुनाफा देने वाला वर्कशॉप है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि सरकार तानाशाही न बनकर तुरंत सभी कर्मचारियों को उनका पिछला वेतन जारी करे और वर्कशॉप को सुचारू रूप से चलाए ताकि कर्मचारियों व उनके परिवार को आर्थिक व मानसिक परेशानी से न गुजरना पड़े। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि एटक उनके आंदोलन में पूरी तरह से उनके साथ है। कर्मचारियों ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी भी की।

# मदर्स-डे : महिला हेल्थ जागरुकता को यात्रा निकाली

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की देखरेख में 15 डाक्टर्स की टीम ने किया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में मदर्स डे पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की ओर से महिला हेल्थ जागरुकता यात्रा के दौरान जागरुक करते सदस्य।

**मदर्स** डे के अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने सेक्टर-15 की रेजिडेंट वेल्फेयर सोसाइटी के साथ मिलकर सिटीजन पार्क में महिला हेल्थ के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने और अन्य महिलाओं को जागरूक करने का संकल्प लिया।

उपस्थित चिकित्सकों और योग गुरुओं ने भी उपस्थित लोगों के साथ महिलाओं से जुड़ी बीमारियों और बचाव के तरीकों पर चर्चा की। मदर्स डे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने कहा कि मां केवल अपने बच्चों की निर्माता ही नहीं होती, बल्कि संस्कारों की भी निर्माता होती है। मां के द्वारा दिए गए संस्कारों से ही एक समाज का निर्माण होता है। इसलिए स्वस्थ समाज के लिए माताओं का स्वस्थ रहना जरूरी है।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने मदर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में कहा है कि मां के दिए संस्कार से ही एक बेहतर समाज का निर्माण होता है। जीएल शर्मा ने कहा कि सभी को अपने-अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि महिलाओं का स्वास्थ्य सीधे-सीधे परिवार और समाज पर असर डालता है। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक महिला हेल्थ योजनाओं का भी जिक्र किया। जीएल शर्मा ने पोस्टरों के माध्यम से हेल्थ स्कीम्स के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। मदर्स डे के नाम पर केक काटकर और पदयात्रा कर राहगीरों को भी मदर्स डे की बधाई दी गई और हेल्थ के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई।

# संक्षिप्त समाचार

## अवैध हथियार संग एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी सौरव बल्लभगढ़ की शिव शारदा कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सदर बल्लभगढ़ के एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टे के साथ जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी को थाना सदर बल्लभगढ़ में ले जाकर अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मथुरा जन्मभूमि घूमने के लिए गया था जहां पर उसकी मुलाकात ऋतिक नाम के लड़के से हुई उससे वह 3500 रुपये में एक देसी कट्टे के साथ जिंदा कारतूस दोस्तों में हवाबाजी के लिए खरीद कर लाया था। ऋतिक के बारे में और कुछ नहीं जानता। आरोपी ने इसी कट्टे के साथ अपने दोस्त के साथ मिलकर थाना खेड़ी पुल में एक घर के रसोई के तोड़ने के मामले में इस कट्टे का प्रयोग किया था। थाना खेड़ी पुल में आरोपी के खिलाफ लड़ाई झगड़ा व अवैध हथियार की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। आरोपी से पूछताछ करने के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## जगन डागर बने कांग्रेस के जिला प्रभारी

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगन डागर को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रविवार को छतीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता अमित श्रीवास्तव जिनको फरीदाबाद में संगठन निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगन डागर के निवास पर पहुंचे। जहां वह पत्रकारों से रूबरू हुए और जिला में कांग्रेस के संगठन की तैयारियों को लेकर अपनी रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के विरोध में कांग्रेस लगातार प्रदर्शन करती रही है और आगे भी जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का संगठन पूरे देश में है और कांग्रेस एक मजबूत पार्टी है। आने वाले समय में फरीदाबाद में हरियाणा का सबसे मजबूत संगठन फरीदाबाद में तैयार किया जाएगा। इसके लिए महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, कांग्रेस सेवादल सहित सभी का सहयोग लिया जाएगा। इस मौके पर फरीदाबाद कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगन डागर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेन्द्र हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का आभार प्रकट करते हुए कहा कि फरीदाबाद मे कांग्रेस की अभूतपूर्व रैली की सफलता और दिल्ली से चंडीगढ तक की रैली में जिस तरह से जनसमूह उमड़ा है। उसने ये बता दिया है भाजपा की जन विरोधी नीतियों से जनता त्रस्त है। जनता ने अब पूरी तरह मन बना लिया है की आने वाले समय में प्रदेश में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनेगी और प्रदेश की जनता को भाजपा के कुशासन से मुक्ति मिलेगी।

## किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

**फरीदाबाद।** औद्योगिक नगरी फरीदाबाद की धरती पर लगातार किसानों के लिए संघर्ष करने वाले मास्टर ऋषिपाल को किसान कांग्रेस का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ-साथ इनको प्रदेश प्रवक्ता की भी किसान कांग्रेस की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी नियुक्ति के बाद उनके निवास पर आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के मौजिज लोगों व किसानों ने आज उनका स्वागत कर आशीर्वाद दिया। मास्टर ऋषिपाल ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला, महासचिव डॉ. विनीत पुनिया, हरियाणा किसान सैल के प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर कोलेखा व ईश्वर जैन न का आभार व्यक्त किया है और कहा कि जो जिम्मेदारी आज कांग्रेस हाईकमान ने सौंपी है। वह उसे बाखूबी निभाएगें। किसानों के हितों की लड़ाई सडक़ से लेकर संसद तक लड़ेगें। इस अवसर पर मास्टर ऋषिपाल ने अपने स्वागत समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए किसानों की दुर्दशा के लिए भाजपा सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों के बच्चे बेरोजगारी एवं आर्थिक तंगी के चलते गलत दिशा में जा रहे हैं।

# हरियाणा में मनोहर लाल के नेतृत्व में घूम रहा विकास का पहिया : सांसद

## सांसद अरविंद शर्मा ने रामपुरा के स्कूल में स्वागत के दौरान कहा

## विधायक सत्यप्रकाश जरावता, सरपंच सुदंर लाल समेत अनेक लोगों ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में रोहतक के सांसद अरविंद शर्मा का स्वागत करने के बाद उनके साथ विधायक सत्यप्रकाश जरावता व सरपंच सुंदर लाल शर्मा।

**रोहतक** से भारतीय जनता पार्टी के सांसद अरविंद शर्मा का गांव रामपुरा के सरकारी स्कूल में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदर लाल यादव समेत अनेक ग्रामीणों ने उनका फूलमालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि वे इस पगड़ी का सदा मान रखेंगे। गुरुग्राम के लोगों ने उन्हें जो सम्मान दिया है, उसे सदा ऊंचा रखेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश में सरकार समान विकास कर रही है। सड़क से लेकर आसमान तक देश विकास की तेज गति से चलते हुए उड़ान भर रहा है। उन्होंने कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना देश को मजबूत बनाने का है और वे इसमें कामयाब हो रहे हैं। हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास का पहिया घूम रहा है।

इस अवसर पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने सांसद अरविंद शर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि वे देश की सबसे बड़ी पंचायत में रहते हुए प्रदेश में विकास की बात करते हैं। अक्सर वे केंद्र में मंत्रियों के साथ बैठक करके रेल, सड़क के विकास पर चर्चा करके उन्हें अमलीजामा पहनाते हैं। गुरुग्राम में उनके आगमन से सभी गदगद हैं।

इस अवसर पर लक्ष्मण सरपंच नखड़ौला, हरजस यादव सरपंच रामपुरा, प्रदीप सरपंच नौरंगपुर, दयाराम चेयरमैन, देविंदर यादव शिकोहपुर, दिनेश यादव रामपुरा, धर्मबीर यादव, आरडब्ल्यूए प्रधान, दमन यादव, महेन्द्र, डाक्टर जनक, राजपाल, भगत, ईश्वर फौजी, ओमयादव रामपुरा मौजूद रहे।

# लक्ष्मण विहार में विधायक ने किया ओपन जिम का उद्घाटन



गुरुग्राम के लक्ष्मण विहार में ओपन जिम का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

## पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी व पार्षद शीतल बागड़ी समेत कई नेता, कार्यकर्ता रहे मौजूद

**गुरुग्राम।** विधायक सुधीर सिंगला ने रविवार को वार्ड-10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और पार्षद शीतल बागड़ी की मौजूदगी में लक्ष्मण विहार में दौलताबाद फ्लाईओवर के नीचे नगर निगम द्वारा निर्मित ओपन जिम का उद्घाटन किया।

यह जिम मदर्स-डे के शुभ अवसर पर युवाओं, बच्चों और मातृत्व को समर्पित किया गया। गुरुग्राम के लोकप्रिय विधायक सुधीर सिंगला ने अपने कर कमलों से इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश का विकास करने के साथ जनता को अत्याधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में सरकार द्वारा सभी जिलों में नगर निगम अथवा जिला पंचायतों के माध्यम से पार्कों में अथवा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर ओपन जिम शुरू किया जा रहा है, ताकि आम नागरिक व्यायाम कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें।

# विधायक ने दिया स्कूल को अपग्रेड कराने का आश्वासन

## दमदमा में छात्र-छात्राओं के साथ ग्रामीण दरिया बिछाकर धरना पर बैठे

## दमदमा स्थित राजकीय मिडल स्कूल को अपग्रेड कराने को टेंट में पढ़ते छात्र-छात्रा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



गांव दमदमा में छात्र-छात्राओं का 7वें दिन भी मांग को लेकर टेंट में ऐसे रहा पढ़ना जारी ।

**दमदमा** में छात्र-छात्राओं का राजकीय मिडल स्कूल को अपग्रेड किए जाने की मांग को सार्वजनिक स्थान पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को भी जारी रहा। छात्र-छात्राओं का ग्रामीण महिला एवं पुरुष धरना पर साथ बैठकर हौसला बढ़ा रहे हैं। धरना पर पहुंचे विधायक संजय सिंह ने स्कूल अपग्रेड की मांग को मंगलवार तक पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

अभयपुर के राजकीय सीनियर सैंकेडरी स्कूल में दमदमा निवासी छात्र-छात्राओं पर कक्षा के अंदर नकाबपोश युवकों द्वारा डंडों से हमला करके की गई मारपीट के बाद अपने ही गांव के राजकीय मिडल स्कूल को अपग्रेड कराने की मांग को लेकर धरना रविवार को भी जारी रहा। साप्ताहिक अवकाश होने के बावजूद छात्र-छात्राओं ने धरना जारी रखा। रविवार को भी गांव के निवासी कक्षा 9 से 12 वीं की कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं अपना-अपना बैग लेकर धरना पर आ गए। रोजाना की तरह से छात्र-छात्राओं का पढ़ने व पढ़ाने का कार्य शुरू कर दिया।

### भूख हड़ताल करने को तैयार ग्रामीण

**सार्वजनिक** स्थल पर लगे टेंट के साथ ही ग्रामीणों ने भी अपना धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीण बच्चों का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से अलग से धरना देकर बैठे हैं। यहां के निवासी विरेन्द्र सिंह ने बताया कि यदि सरकार और शिक्षा विभाग ने उनकी मांग को जल्द पूरा नहीं करता है। यह धरना ग्रामीण भूख हड़ताल में परिवर्तन कर सकते हैं।

### विधायक ने दिया स्कूल अपग्रेड का भरोसा

**शनिवार** की शाम को दमदमा धरना पर पहुंचे विधायक संजय सिंह ने छात्र-छात्राओं समेत ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि मंगलवार को वह चण्डीगढ़ जाकर स्कूल अपग्रेड की फाइल को दोबारा से शुरू कराएंगे। जिससे सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा दूसरी बार जारी की जाने वाली स्कूल अपग्रेड की सूची में दमदमा स्कूल का नाम भी शामिल हो सके।

### निजी खर्चे पर कराएंगे पढ़ाई ग्रामीण

**ग्रामीण** छात्र-छात्राओं को सार्वजनिक स्थान पर लगे टेंट के साथ-साथ कूलर, पानी और शिक्षक को दिया जाने वाला मेहनताना अपनी निजी जेब से देंगे। जिसके लिए ग्रामीण जल्द चंदा इकट्ठा करेंगे। समाज सेवी श्योराज खटाना ने कहा कि ग्रामीण 9 से 12वीं नहीं कक्षा प्रथम तक पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई को निजी खर्चे से कराएंगे।

# महिला पुलिसकर्मियों की होगी नि:शुल्क ब्रेस्ट कैंसर जांच

## हेल्थियंस की ओर से की गई यह घोषणा

## पुलिस कमिश्नर व हेल्थियंस ने की हेल्थ ऑन व्हील्स की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




हेल्थ ऑन व्हील्स की शुरूआत करती पुलिस कमिश्नर कला रामचन्द्रन।

**गुरुग्राम** की महिला पुलिसकर्मियों के लिए फ्री ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह घोषणा हेल्थियंस की ओर से रविवार को यहां हेल्थ ऑन व्हील्स के शुभारंभ अवसर पर की गई। इस सेवा का शुभारंभ हेल्थियंस के मुख्यालय पर गुरुग्राम की पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन ने किया।

स्वास्थ्य जांच के मामले में देश में 26 लाख से ज्यादा घरों में विश्वसनीय हेल्थियंस ने हेल्थ ऑन व्हील्स के माध्यम से अपनी सेवा को विस्तार देने की दिशा में बेहतर काम किया है। अभी दिल्ली एनसीआर में हेल्थ ऑन व्हील्स की सुविधा उपलब्ध होगी। दिसंबर, 2022 तक मुंबई और बेंगलुरु समेत कई अन्य शहरों में इसकी शुरुआत कर दी जाएगी। इसका उद्देश्य दूरदराज के उन क्षेत्रों तक स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं पहुंचाना है, जहां अभी आसानी से ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं है। हेल्थियंस ने आठ साल पहले घर बैठे स्वास्थ्य जांच की शुरुआत की थी। हेल्थियंस के संस्थापक एवं सीईओ दीपक साहनी ने कभी भी एवं कहीं भी सटीक, किफायती और सुगम स्वास्थ्य जांच की सुविधा देते हुए हर भारतीय के जीवन में 10 स्वस्थ वर्ष और जोड़ने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि हम देश और दुनिया को स्वस्थ रखने की दिशा में काम कर रहे हैं। हेल्थ ऑन व्हील्स के साथ हम इस लक्ष्य के एक कदम और नजदीक पहुंच सकेंगे पिछले महीने हेल्थियंस ने आईपीएल में आप जहां टेस्ट वहां की थीम के साथ एड कैंपेन किया था।

# एनीमिया जांच अभियान में आखिरी दिन 400 ग्रामीणों की हुई जांच

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



शनिवार को एनीमिया की जांच करते स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारी।

**एनीमिया** मुक्त भारत अभियान के आखिरी दिन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने 400 नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की। जिसमें 248 नागरिकों को एनीमिया ग्रस्त पाया गया। एक मई से लेकर 7 मई के बीच केन्द्र व राज्य सरकार के आह्वान पर स्वास्थ्य विभाग ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। जिसमें 7 दिनों के अदर शहर के 15 वार्डों में घर-घर से लेकर आंगनबाड़ी केन्द्र और सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 से 12वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के एनीमिया की जांच की गई।

अभियान के आखिरी दिन 400 नागरिकों की जांच हुई। बीतें एक सप्ताह में 2214 नागरिकों की एनीमिया जांच हुई। जिनमें से कुल 1507 लोगों को एनीमिया ग्रस्त पाया गया। अभियान की प्रभारी डॉक्टर सुनीता ने बताया कि एनीमिया ग्रस्त रोगियों का उपचार शुरू कर दिया है।

**एनीमिया से बचाव का पढ़ाएंगे पाठ :** स्वास्थ्य विभाग जल्द ही नागरिकों को एनीमिया से बचाने का पाठ पढ़ाया जाएगा। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को रीढ़ की हड्डी बनकर अमलीजामा पहनाने वाली आशा वर्क र्स और नवजात बच्चों से लेकर माताओं के स्वास्थ्य की जांच करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एनीमिया सुरक्षा के प्रति प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे आशा वर्क र्स और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को एनीमिया से मुक्ति दिलाने में सबसे अच्छा तरीका होगा।

> “ **एनीमिया** से शरीर में रक्त की कमी के कारण कई अन्य रोग पनप जाते हैं। गर्भवती महिलाएं पेट में पल रहे बच्चे को सही से आहार नहीं पहुंचा पाती हैं। बच्चों का दिमाग पढ़ाई में नहीं लगता है। बच्चे का शरीरिक विकास रुक जाता है। प्रवीण यादव
> **( एसएमओ नागरिक अस्पताल )**

# आज 104 टीकाकरण केन्द्रों पर लगेगी कोविशिल्ड की सभी डोज

**गुरुग्राम।** जिला में वैक्सीनेशन अभियान के तहत सोमवार को 104 केन्द्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को कोविशिल्ड की पहली व दूसरी डोज लगाई जाएगी। वहीं 18 वर्ष से अधिक आयु के वे नागरिक जिनकी दूसरी डोज लगने के बाद नौ महीने का समय पूरा हो गया है उनको सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बूस्टर डोज के नि:शुल्क टीके लगाएं जाएंगे।

इसके अतिरिक्त जिन नागरिकों को कोविशिल्ड का पहला या दूसरा टीका लगवाना है वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी कोरोना रोधी वैक्सीन लगवा सकता है। सोमवार को 104 टीकाकरण केंद्रों पर उपर्युक्त वैक्सीन के कुल 15040 स्लॉट उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स व 60 वर्ष से अधिक आयु के वे लोग जो कॉर्बिटी से प्रभावित उनके लिए ऑफलाइन माध्यम से स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। बूस्टर डोज के लिए किसी प्रकार के नए रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है। इसके साथ साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुन: शुरू किए गए हर घर दस्तक अभियान के तहत कल जिला के विभिन्न आयु वर्ग के लोगों का 39 स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा।

# चौथी कक्षा की छात्रा शुभावरी ने गिनती में बनाया रिकॉर्ड

## इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम

## अब पैरोडिक टेबल में एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के साथ शुभावरी सैनी।

**कहते** हैं प्रतिभा किसी उम्र की मोहताज नहीं होता। यह साबित कर दिया है चौथी कक्षा की छात्रा शुभावरी सैनी पुत्री सुमित सैनी निवासी गुरुग्राम ने। शुभावरी ने गिनती में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है।

मानेसर स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में चौथी कक्षा की छात्रा शुभावरी सैनी ने मात्र 28 सेंकेंड में एक से 100 तक गिनती (पहला अंक अंग्रेजी, दूसरा अंक हिंदी) का सुनाया। इतने कम समय में शुभावरी द्वारा इस तरह से सुनाई गई गिनती को सुनकर हर कोई दंग रह गया। नैनो सेकेंड्स से भी कम समय में सोचना और बोलना अपने आप में बहुत बड़ी प्रतिभा है। जिस उम्र में बच्चे मोबाइल व अन्य उपकरणों पर तरह-तरह की चीजें दिनभर देखने में लगे रहते हैं, उस उम्र में शुभावरी का दिमाग इतना तेज हो गया है कि वह इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डधारी बन गई। शुभावरी सैनी के पिता सुमित सैनी ने बताया कि अप्रैल 2022 में उन्होंने शुभावरी द्वारा इस तरीके से सुनाई गई गिनती को वीडियो रिकॉर्ड करके इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड को भेजा गया था। इसके बाद इसका परिणाम निकालते हुए अब शुभावरी का नाम रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब पैरोडिक टेबल में एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड की तैयारी करवा रहे हैं। उम्मीद है कि शुभावरी इसमें भी रिकॉर्ड कायम करेगी। शुभावरी की प्रतिभा और भी है। उसे आजादी से लेकर अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों के नाम, आजादी से लेकर अब तक के राष्ट्रपति के नाम याद हैं।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर एक जुलाई से पूर्ण रोक

## डीसी ने प्लास्टिक वेस्ट रूल्स का सख्ती से पालना के निर्देश दिए

## कहा, जिले में जनभागीदारी से ही मिलेगी प्लास्टिक के प्रयोग से निजात

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**जिला** में आगामी पहली जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल, भंडारण व बिक्री पर पूर्णतया रोक होगी। निर्धारित तिथि से पहले जिला में पर्यावरण को सिंगल यूज प्लास्टिक से पहुंचने वाले नुकसान के प्रति जनमानस में चेतना जागृत करने व बाजार में व्यापारियों व खुदरा विक्रेताओं को पॉलीथिन के विकल्प अपनाने से जुड़ी गतिविधियां भी आरंभ की जा रही हैं।

बढ़ते प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण प्लास्टिक है। प्लास्टिक हमारे वातावरण को कई तरीकों से नुकसान पहुंचाता है। वायु प्रदूषण के साथ साथ प्लास्टिक से जल व भूमि प्रदूषण भी बड़े पैमाने पर होता है। प्लास्टिक के कारण भूजल रिचार्ज भी नहीं हो पाता है। प्लास्टिक कई सालों तक नष्ट नहीं होता है, जिसके कारण सालों तक वातावरण को इसका नुकसान झेलना पड़ता है। हम सभी को ये बात समझनी होगी कि प्लास्टिक ना केवल वातावरण के लिए बल्कि मनुष्य के लिए भी खतरनाक है। आगामी एक जुलाई से प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध लग जाएगा। ऐसे में हम सभी को मिलकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभानी है। पॉलीथिन पर रोक न केवल हमारे लिए बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी बहुत जरूरी है। प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को लेकर जन जागरण अभियान भी चलाया जा रहा है। डीसी निशान्त कुमार यादव ने जिला में प्लास्टिक वेस्ट रूल्स का सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा है कि एसयूपी के इस्तेमाल को रोकने के लिए गंभीरता से कार्य किया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक के लिए स्कूल व कॉलेजों में निबंध लेखन, पेंटिंग आदि जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

# आठ साल बाद भी अधूरा पड़ा है मंझावली पुल

**कविता।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** नोएडा को फरीदाबाद से जोड़ने के लिए यमुना नदी पर बन रहे मंझावली पुल आठ साल में भी पूरा नहीं हुआ। फिलहाल पुल निर्माण दिसंबर 2022 तक पूरा करने का दावा किया जा रहा है। पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2018 से शुरू हुआ था। जो फिलहाल तेजी से चल रहा है। वहीं देखरेख कर रहे एक्सईएन प्रदीप ने वर्ष 16 दिसंबर 2020 में जून 2021 में काम पूरा होने का दावा किया था। जिसे पायनियर की तरफ से प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।

### पुल का काम कर रहे लोग बोले, अभी बड़ी संख्या में रखेंगे स्लैब

### निर्माण कार्य का शुभारंभ 2014 में, कागजों में काम शुरू 2018 से



बनाए जा रहे मंझावली पुल का दृश्य।

**आठ साल बाद भी अधूरा :** अगस्त 2018 में केन्द्रीय सड़क, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पुल के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया था। 18 महीनों में काम पूरा होने का वायदा उन्होंने किया था। इसकी अंतिम डेडलाइन जून 2020 रखी गई थी। लेकिन अधूरा पुल फरीदाबाद के विकास के पहियों की रफ्तार में रोड़ा बना हुआ है।

**फोर लेन है पुल :** फरीदाबाद से ग्रेटर नोएडा की कनेक्टिविटी सुधारने के लिए 24 किलोमीटर लंबी परियोजना (मंझावली पुल) पर काम हो रहा है। इसके तहत गांव मंझावली में यमुना नदी पर फोर लेन पुल बनाया जाना है। वहीं, पुल से फरीदाबाद को जोड़ने के लिए 20 किलोमीटर लंबी व यूपी की सीमा में लगभग 4 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जा रही है। लेकिन फिलहाल यहां कई काम अधूरे हैं।

**ऐसे हुई देरी :** अगस्त 2014 में फोर लेन पुल की आधारशिला रखी थी। डिजाइन व एस्टिमेट मंजूर होने पर लगभग 122 करोड़ रुपये की लागत से 630 मीटर लंबे इस फोर लेन पुल का निर्माण शुरू हुआ था। काम पूरा करने के लिए डेड साल की डेडलाइन तय की गई थी, लेकिन कई कारणों के चलते काम पूरा नहीं हो सका। वहीं लॉकडाउन के चलते पुल का निर्माण कार्य बंद रहा। बारिशों में यमुना का जल स्तर बढ़ने से कई महीने तक बाधा बनी रही।

**चल रहा काम :** ग्रेटर फरीदाबाद निवासी सतेन्द्र दुग्गल ने रविवार को पुल का जायजा लेते हुए बताया कि पुल का कार्य चल रहा है। यमुना के अंदर बने पिलर पर प्री कास्ट गार्टर रखने का काम हो रहा है। जिसके बाद अन्य काम होंगे। दिसंबर 2022 तक निर्माण पूरा होने की बात वहां काम कर रहे लोगों द्वारा कही गई है। इस परिजयोजना के पूरा होने से फरीदाबाद व ग्रेटर नोएडा के बीच की दूसरी लगभग 15 मिनट की रह जाएगी। पुल को जोड़ने वाली सड़क का भी निर्माण अभी शेष है।

# हार्डवेयर-प्याली रोड के ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के दिए आदेश

### चरमराई सफाई व्यवस्था को देख निगमायुक्त ने लगाई फटकार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


बूस्टिंग स्टेशन का निरीक्षण करते निगमायुक्त यशपाल यादव।

**निगमायुक्त** ने 40 वार्डों में सफाई व्यवस्था और नाले-नालियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने संबंधित जो कार्य दिसम्बर और जनवरी माह में करवाये गये थे, उनको चैक करने के लिए 10 अधिकारियों को 4-4 वार्ड देकर टीमें बनाई थी। निगमायुक्त ने एक बार फिर एक्शन मोड में आते हुए इन कामों का जायजा लिया। इस दौरान कमी पाए जाने पर उन्होंने अधिकारियों की फटकार भी लगाई

निगमायुक्त यशपाल यादव ने रविवार सुबह 4 वार्डों (11, 12, 14 और 15 ) का निरीक्षण किया और इन वार्डो में सफाई, सीवरेज, मलबे की सफाई, पार्को की सफाई, लाईटों की व्यवस्था, कूड़े के ढेर और अतिक्रमण से संबंधित कार्यो को चैक किया तथा निरीक्षण के दौरान कई खामियां पाई गई और उन्होंने इस बारे नाराजगी जताई। निगमायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खामियों को जल्द से जल्द दूर किया जाए। निरीक्षण के दौरान 4 वार्डों के कार्यकारी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता और कनिष्ठ अभियन्ता भी मौके पर उपस्थित थे। निगमायुक्त यशपाल यादव ने वार्ड नंबर-15 का निरीक्षण के दौरान बोध विहार का बूस्टिंग स्टेशन अंदर और बाहर से गंदा पाया गया। सिविल और इलेक्ट्रिकल का काम भी ठीक नहीं था। बोध विहार पार्क में कूड़े के ढेर और गंदगी पाई गई। इसके अलावा एसजीएम नगर में अनाधिकृत निर्माण होता हुआ, सड़क के किनारे वाहनो द्वारा कब्जा तथा दोनों तरफ की सड़कों पर कचरा पाया गया। निगमायुक्त ने इस प्रकार की सभी खामियों को उपस्थित अधिकारियों को दूर करने के निर्देश दिए।

वहीं निगमायुक्त ने हार्डवेयर प्याली चौक के सड़क के कार्य का निरीक्षण किया। सड़क निर्माण में कोताही बरतने के कारण ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के आदेश दिए तथा सड़क निर्माण के कार्यों को किसी अन्य ठेकेदार से शीघ्र अति शीघ्र पूरा करवाने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने एनएच एक मार्केट एरिया के निरीक्षण के दौरान देखा कि नाले पर अतिक्रमण है और नाला सिल्ट से भरा हुआ है। निगमायुक्त ने अतिक्रमण को हटाने तथा नाले की सफाई के निर्देश दिए। इसी तरह एनएच-5 का नाले के ओवरफलों का निपटान करने तथा जनता बैंड के साथ पार्क की सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के निर्देष दिए। निगमायुक्त ने इकोग्रीन की गाड़ियों पर 18 साल से कम उम्र के ड्राईवरों को नियुक्त करने तथा गाड़ियों में गीले तथा सूखे कचरे को अलग-अलग न करने पर भी नाराजगी जताई।

# शिविर में 275 लोगों ने कराई सेहत की जांच

### एकॉर्ड अस्पताल की तरफ से चावला कॉलोनी में लगाया गया कैंप

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**ग्रेटर** फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल की तरफ से रविवार को चावला कॉलोनी राधा कृष्ण मंदिर में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इसमें करीब 375 लोगों ने जांच कराई। लोगों को कोरोना महामारी के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर पूर्व पार्षद दीपक यादव, राव राम कुमार और पवन यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

फिजिशियन डॉ. सुरेंद्र मीना ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण अनेक लोग घरों में कैद हो गए थे। इससे उनकी फिजिकल एक्टिविटी बंद हो गई थी। डॉक्टर के पास जाने से कतराते थे। इस कारण वह कई प्रकार की बीमारियों का शिकार हुए हैं। कोरोना एक बार फिर चौथी लहर के रूप में तेजी से बढ़ रहा है। इससे बचने के लिए लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है समय- समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मेघा शारदा ने कहा कि कोरोना महामारी में तनाव बढ़ने के कारण लोग मानसिक बीमारियों का तेजी से शिकार हुए है। ओपीडी में तानाव ग्रस्त रोजाना 8-10 मरीज जांच के लिए पहुंचते है। वहीं किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुखविंदर कौर ने ग्रामीणों को किडनी की बीमारी से बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण का असर फेफड़ों पर पड़ने के साथ हो किडनी व अन्य अंगों को भी प्रभावित करता है। इसलिए लोगों को जागरूक होकर अपनी जांच करवानी चाहिए। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि लोगों में फिजिकल एक्टिविटी बंद होने से जोड़ों में दर्द की समस्याएं बढ़ी हैं।

# थाना तिगांव प्रभारी ने ग्रामीणों को किया जागरुक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


पुलिस थाना तिगांव के प्रभारी अशोक कुमार का स्वागत करते ग्रामीण।

**पुलिस** और समाज के बीच की दूरियों को कम करके के उद्देश्य से पुलिस थाना तिगांव प्रभारी अशोक कुमार रविवार को थाना एरिया में स्थित अलीपुर गांव में पहुंचे। जहां उन्होंने नागरिकों के साथ बैठक आयोजित कर समाज में फैली बुराइयों को खत्म करने के बारे में आमजन को जागरुक करते हुए उन्हें आपसी भाईचारा बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आज अलीपुर थाना तिगांव फरीदाबाद में ग्राम पंचायत द्वारा पुलिस पब्लिक संवाद के संबंध में एक मीटिंग हुई जिसमें आस-पड़ोस के मोजीज व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। जिसमे समाज में फैली हुई कुरीतियों के बारे में विचार-विमर्श हुआ तथा साइबर अपराध व ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया गया। साइबर अपराधियों के चंगुल से बचने के लिए थाना प्रभारी ने बताया कि आपके मोबाइल फोन में कई बार फ्री में गिफ्ट, लॉटरी या बहुत सारे अन्य प्रकार के लुभावने विज्ञापन देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाया जाता है।

नागरिकों को इस प्रकार के लुभावने विज्ञापनों से बचना चाहिए और ज्ञात रहे कि इस दुनिया में मुफ्त में कोई भी चीज किसी को नहीं देता और यदि आपको वह कोई चीज मुफ्त में दे रहा है तो इसका मतलब है कि इसके बदले में आपसे उस लुभावने ऑफर से कई गुना महंगी चीज आपसे लेने की फिराक में है। थाना प्रभारी ने सोशल मीडिया पर फैल रहे भड़काऊ और तथ्यहीन खबरों से बचने के लिए नागरिकों को हिदायत देते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर फैल रही किसी भी प्रकार की भड़काऊ खबर पर तुरंत विश्वास न करें तथा पूरी तरह से जांच पड़ताल करने के पश्चात ही इसे आगे भेजें।

# आईपीएल मैच में सट्टा खिलाने वाले तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी नरेंद्र कादयान के द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की टीम ने आईपीएल मैच में सट्टा लगवाकर खिलौने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपी राहुल उर्फ कालीस, मनोज उर्फ सुरज और सन्दीप बल्लभगढ़ की भगत सिंह कॉलोनी के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को थाना सिटी बल्लभगढ़ के क्षेत्र से रेड कर कबू किया है। तीनों आरोपियों से मौके पर तलाशी के दौरान एक लैपटॉप, एलईडी टीवी, 5 मोबाइल फोन के साथ सट्टा पर्ची बरामद किए गए हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि आरोपी लखनऊ और कोलकाता के बीच में चल रही मैच पर सट्टा खिला रहे थे। पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है।

# पेपरेक्स 2022 में मिलेगी कागज की तमाम जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**आईएआरपीएमए** द्वारा दुनिया में पेपर सेक्टर के बड़े कॉन्फ्रेंस में शुमार पेपरेक्स इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एवं इग्जीबिशन का आयोजन 10 से 13 मई तक एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। भारत में कागज का उपयोग अगले पांच साल में 6-7 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ते हुए वित्त वर्ष 2026-27 में 3 करोड़ टन तक पहुंच जाने का अनुमान है। इस वृद्धि दर के साथ भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ पेपर मार्केट है। इंडियन एग्रो एंड रिसाइकिल्ड पेपर मिल्स एसोसिएशन (आईएआरपीएमए) ने यह बात कही है।

आईएआरपीएमए के प्रेसिडेंट प्रमोद अग्रवाल ने कहा, 'कोविड के दौरान जब राइटिंग एवं प्रिंटिंग पेपर की मांग कम थी, उस दौरान पेपर पैकेजिंग इंडस्ट्री ने बेहतर प्रदर्शन किया था। उस समय फार्मा सेक्टर, एफएमसीजी और ई-कॉमर्स सेक्टर की वृद्धि ने पेपर सेक्टर के विकास में अहम भूमिका निभाई। अब महामारी से उबरने के बाद आर्थिक गतिविधियां पुन: प्रारंभ हो गई हैं और इससे पेपर सेक्टर के विकास को भी और गति मिलने की उम्मीद है।' पेपरेक्स 2022 में महामारी के बाद विकास और रीस्ट्रक्चरिंग की थीम रखी गई है। इस 15वें अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में महामारी के बाद के दौर में सभी उपलब्ध अवसरों का लाभ लेने के साथ ही नई टेक्नोलॉजी व प्रक्रियाओं के माध्यम से भारतीय पेपर उद्योग में सतत विकास के रोडमैप पर चर्चा होगी।

इंडियन पेपर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) के प्रेसिडेंट एएस. मेहता ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में देश में कागज उद्योग में आमूल चूल बदलाव आया है। उद्योग सस्टेनेबिलिटी की तरफ बढ़ा है और टेक्नोलॉजी के मामले में ज्यादा एडवांस्ड हुआ है। पिछले पांच से सात साल में क्षमता बढ़ाने एवं क्लीन एंड ग्रीन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए 25,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश हुआ है।'

भारत में कागज उद्योग में विकास की व्यापक संभावनाएं हैं, क्योंकि यहां प्रति व्यक्ति कागज का प्रयोग दुनिया में सबसे कम औसत वाले देशों में से है। भारत में दुनिया की करीब 15 प्रतिशत आबादी रहती है, लेकिन दुनिया में उत्पादित कुल कागज का मात्र 5 प्रतिशत ही यहां प्रयोग होता है। शिक्षा एवं साक्षरता पर जोर के साथ संगठित रिटेल में विकास एवं बेहतर गुणवत्ता के कागज की मांग ने इस सेक्टर के विकास को गति दी है। एफएमसीजी प्रोडक्ट, फार्मा, टेक्सटाइल, ऑर्गनाइज्ड रिटेल, बढ़ते ई-कॉमर्स और अन्य सेगमेंट से क्वालिटी पैकेजिंग की मांग लगातार आ रही है।

# सीनियर जिला एथलेटिक्स चैम्पियन प्रतियोगिता सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


मुख्यातिथि खेल अधिकारी अनीता संग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी व पदाधिकारी।

**सेक्टर-12 स्थित** खेल परिसर में पहली बार जिला सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। यह बात जिला एथलेटिक्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने बताई। उन्होंने बताया कि इस चैम्पियनशिप का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी अनीता भाटिया और जिला सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह के द्वारा किया गया।

ओमवीर सिंह ने बताया कि 100 मीटर दौड में विकास ने पहला, सचिन पीलवान ने दूसरा और निमेश, नकुल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड में अजय खान पहले, वैभव तंवर दूसरे और दीपक और अंकित तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड में सचिन पीलवान ने पहली, हेमंत ने दूसरा और अर्पित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड में सोनू पहले, मोहित दूसरे और देवेंदर तीसरे नंबर पर रहा। 1500 मीटर दौड में तुषार ने पहला, विनेश चंदीला ने दूसरा और सागर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर दौड में गौरव पहले, लक्ष्य दूसरे और अमित तीसरे स्थान पर रहा। 10000 मीटर दौड में तुषार ने पहला, अभिषेक ने दूसरा और मुकेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।


ओमवीर सिंह ने बताया कि महिला वर्ग में 100 मीटर दौड में ईशा ने पहला, मनप्रीत कौर ने दूसरा और रचना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड में डाली पहले, रचना दूसरे और सोनिया तीसरे नंबर पर रही। 400 मीटर दौड में दिव्या तिवारी ने पहला, कामिनी ने दूसरा और तन्नू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड में दिव्या तिवारी पहले, मनदीप कौर दूसरे और मेघा चंदीला तीसरे नंबर पर रही। 1500 मीटर दौड में रितु और मनीषा ने पदक जीते। 5000 मीटर दौड में कंचन पहले, कीर्ति दूसरे और दीपिका तीसरे स्थान पर रही। शाट पुट इवेंट में चेतन कपूर ने स्वर्ण, विकास ने रजत और लवकुश और हितेश चपराना ने संयुक्त कांस्य पदक जीते। डिस्कस इवेंट में प्रशांत बीसला पहले, दिव्यांश दूसरे और हरित धनखड तीसरे स्थान पर रहा। जेवेलिन थ्रो इवेंट में रोहन ने पहला, दीप अधाना ने दूसरा और तुषार नागर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लांग जंप इवेंट में तनुज पहले, देवेश दूसरे और अमोघ तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग लांग जंप इवेंट में वर्षा पहले स्थान पर रही।

# गुमशुदा की तलाश कर किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** डीसीपी नरेंद्र कादयान के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सब इंस्पेक्टर सरजीत सिंह की टीम ने 32 वर्षीय गुमशुदा व्यक्ति को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद के एसजीएम नगर में रहने वाला व्यक्ति घर में आपसी कलह के कारण 14 अप्रैल को घर से बिना बताए कहीं निकल गया था। परिजनों के द्वारा जिसके गुम होने की सूचना थाना एसजीएम नगर में दी गई थी। जिस पर मुकदमा दर्ज कर गुमशुदा व्यक्ति की तलाश की जा रही थी। मामले की कार्यवाही क्राइम ब्रांच कैट के द्वारा की गई जिसमें क्राइम ब्रांच कैट ने गुमशुदा व्यक्ति को अपने सूत्रों के माध्यम से फरीदाबाद के सेक्टर 30 का पता लगाया। गुमशुदा व्यक्ति को फरीदाबाद से बरामद कर परिजनों को सूचना दी। परिजनों के सामने व्यक्ति से पूछताछ की गई जिसमें उसने बताया कि वह घर में आपसी कलह के कारण घर से बिना बताए निकल गया था।

# सांस लेनी है तो पर्यावरण को बचाएं : विपुल गोयल


सेक्टर-16 में पक्षी प्रोजेक्ट के तहत पक्षियों के लिए पाट वितरित करते पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल।

**फरीदाबाद।** पर्यावरण को बचाने और चिलचिलाती गर्मी में पक्षियों के लिए दाना पानी उपलब्ध करवाने की मुहिम शुरू करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने आज पंछी प्रोजैक्ट के तहत पक्षियों के लिए दाना पानी उपलब्ध करवाने के लिए मिट्टी के पॉट व दाने के पैकेट वितरित किए।

इस मौके पर कई एनजीओ और धार्मिक सामाजिक संगठनों के लोगों के अलावा महिला संगठनों की प्रतिनिधियों व आम लोगों ने हिस्सा लिया और पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की इस मुहिम की जमकर तारीफ की और संकल्प लिया कि पर्यावरण को बचाने और पक्षियों के लिए दाना पानी उपलब्ध करवाने को लेकर वह अपना पूरा सहयोग देंगे। इस मौके पर डा. आरएन सिंह, पीके मित्तल एडवोकेट, एनके गर्ग एडवोकेट, जेपी गुप्ता, आरएस गांधी, प्रवीन चौधरी, नरेश नंबरदार, मुकेश शास्त्री, राजकुमार राज, आर के चिलाना सहित महिला संगठनों से आईएमए की प्रदेशाध्यक्ष डा. पुनीता हसीजा, प्रतिमा गर्ग, काम्या बत्रा, स्माइली, आशु मेहरा, शिरीन सिंह आदि मौजूद रहे।


## संक्षिप्त समाचार

### रेडक्रॉस दिवस पर हुई पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिता




**फरीदाबाद।** रेडक्रॉस के भारत में 102 वर्ष पूर्ण होने पर तथा अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी तीन फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने पोस्टर और पेंटिंग के माध्यम से रेडक्रॉस द्वारा मानवतावादी गतिविधियों के फलस्वरूप प्राप्त किए गए चार नोबेल पुरस्कार एवं अन्य कार्यकलापों और उपलब्धियों से सभी छात्राओं और अध्यापकों को अवगत करवाया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि वैश्वीकरण के युग में तेल और परमाणु हथियारों पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए युद्ध की बढ़ती आशंका और समय-समय पर भूकंप, तूफान और इसी प्रकार की अन्य अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदाओं के समय आने वाली कठिन परिस्थितियों से सामना करने में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस जैसी संस्था का महत्व और अधिक बढ़ गया है। मनचंदा ने बताया कि रेड क्रॉस का चिन्ह् सफेद पट्टी पर लाल रंग का क्रॉस है। इस चिन्ह का गलत उपयोग करने पर कानून के अंतर्गत कार्यवाही की जाती है। रेडक्रॉस के कर्मचारी, स्वयंसेवक एवम रेडक्रॉस के बैनर के अंतर्गत मानव कल्याण में जुटे व्यक्ति ही रेडक्रॉस के एंबलम का उपयोग कर सकते हैं। 9 फरवरी 1863 को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में पांच लोगों द्वारा इसकी नींव रखी गई थी। आज दो सौ दस से भी अधिक विभिन्न देशों में रेडक्रॉस संस्थाएं स्थापित हैं जो मानव जीवन के स्वास्थ्य तथा अन्य कई मुख्य उद्देश्यों हेतु कार्यरत हैं। अपने कार्यों के लिए इस संस्था को चार बार वर्ष 1917, 1944 और 1963 एवम एक बार व्यक्तिगत नोबेल शान्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वर्ष 1984 में पहली बार इस दिन को आधिकारिक तौर पर मनाया गया था। रैड क्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी पवित्र आत्मा थे जिन्होंने अपना जीवन लोगों की सहायता करने में लगा दिया उन्होंने अपने बारे में नहीं सोचा कि उनके मानव जीवन का असली उद्देश्य क्या है। उनकी उत्तम सोच के अनुसार केवल पीड़ितों की मदद करना ही उनका उद्देश्य था। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा, जे आर सी इंचार्ज प्राध्यापिका मनीषा, प्राध्यापिका मोनिका, प्राध्यापिका शीतू, शिवम, दीपक मदान एवम पूनम सहित सभी अध्यापकों ने पोस्टर और पेटिंग बनाने वाले सभी स्टूडेंट्स का अभिनंदन करते हुए सम्मानित किया।

### वाटर सप्लाई चौकीदार को बंधक बनाकर लूटने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए गांव भनकपुर की वाटर सप्लाई से वाटर सप्लाई के चौकीदार को बंधक बनाकर ट्रांसफार्मर से कॉपर और 5500 रुपये लूटने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी वीरेंद्र पलवल के गांव नंगला भीकू का रहने वाला है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर स्कॉर्पियो गाड़ी और देसी कट्टा के दम पर 25 अप्रैल की रात को लूट की वारदात को अंजाम दिया था। चौकीदार की शिकायत पर थाना सेक्टर 58 में लूट, डकैती और अवैध हथियार की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बल्लभगढ़ के सिकरी से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी की परचून की दुकान है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 25 अप्रैल की रात को गांव भनकपुर से खदावली रोड पर बने सरकारी पानी के बूस्टर पर चौकीदार और उसके पिता को बंधक बनाकर देसी कट्टे के दम पर ट्रांसफार्मर से कॉपर और चौकीदार से 5500/-लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी ने पलवल में भी कई वारदातों को अंजाम दिया है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी से बरामद की और पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पूछताछ करने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

### रविंद्र फागना ने 135 रन से जीता क्रिकेट मैच



**फरीदाबाद।** शर्मा क्रिकेट मैदान फरीदाबाद में प्रैक्टिस मैच खेला गया और यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मिर्ज़ापुर और शर्मा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मिर्ज़ापुर ने शर्मा क्रिकेट अकादमी को 135 रन से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने ओवर 40 में 9 विकेट पर 295 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद वैश ने 69 रन, वंश ने 38 रन, लक्षय ने 25 रन, अंजली और ओम कुमार ने 24-24 रन बनाए। शर्मा क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए निकुंज और मनन ने 2-2 विकेट, ओम नेगी और प्रतुश व् समक्ष ने 1 -1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए शर्मा क्रिकेट अकादमी ने 30.1 ओवर में 10 विकेट पर 160 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य ने 33 रन, निकुंज ने 32 रन, प्रतुश ने 24 रन, राजदीप ने 17 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए ऋषभ और मोहम्मद वैश ने 3-3 विकेट, अभिषेक ने 2 विकेट, जतिन ने 1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहम्मद वैश को दिया गया। ऋषभ को सर्वेष्ट गेंदबाज का पुरस्कार मिला और रिजवान खान को सर्वेष्ट फील्डर का पुरस्कार मिला।

### जनरल बॉडी मीटिंग का मजदूरों ने किया आयोजन

**फरीदाबाद।** बोनी पॉलीमर के मजदूरों की जनरल बॉडी मीटिंग सिटी पार्क बल्लभगढ़, में हुई। जिसकी अध्यक्षता सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर ने की। जबकि संचालन जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया। मीटिंग में कंपनी प्रबंधकों पर श्रमिकों के वेतन में पिछले तीन सालों से वृद्धि नहीं करने का आरोप लगाया गया। डंगवाल ने बताया कि महंगाई आसमान छू रही है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि होने की वजह से खाद्य पदार्थों और रसोई गैस फल और सब्जियों के मूल्यों में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जिस रफ्तार से आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं। उसकी तुलना में मजदूरों को मिलने वाली मजदूरी में वृद्धि नहीं हो रही है। कारखाने के मालिक मजदूरों से काम तो लेते हैं। लेकिन उन्हें जीने लायक वेतन नहीं देते है। बोनी पॉलीमर में यूनियन के मांग पत्र पर पिछले 5 वर्षों से समझौता नहीं हो पाया है। डिमांड चार्टर लंबित पड़ा हुआ है। लेकिन यूनियन के पदाधिकारियों को बुलाकर उस पर मैनेजमेंट द्वारा चर्चा भी नहीं की जाती है। कोरोना काल में जब कारखाना बंद था। तब भी मजदूरों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया। जबकि सरकार ने लॉकडाउन अवधि का वेतन देने का वादा किया था। लेकिन फैक्ट्री के प्रबंधकों ने सरकार के द्वारा जारी आदेशों का उल्लंघन किया।सीटू के नेताओं ने कंपनी प्रबंधक पर यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार पिछले एग्रीमेंट की अवधि समाप्त होने के तत्काल बाद नई एग्रीमेंट को लागू किया जाता है। लेकिन बोनी पॉलीमर की मैनेजमेंट इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिसके कारण मजदूरों में भारी निराशा व्याप्त है। सीटू नेतृत्व ने कंपनी प्रबंधकों से अपील की है।कि निश्चित अवधि में मजदूरों के एग्रीमेंट को लागू किया जाए।

# कोविड मौतों की संख्या

## पारदर्शिता आवश्यक

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ ने भारत में कोविड से मरने वालों की संख्या 4.7 मिलियन बताई है जो दुनिया में सर्वाधिक है। इससे काफी उत्तेजना फैली है। सरकार ने कठोरता से डब्लूएचओ रिपोर्ट अस्वीकार करते हुए इसके गणितीय माडल पर सवाल उठाया है जिसके कारण मौत की इतनी अधिक संख्या सामने आई है। केन्द्र द्वारा आलोचना के अपने कारण हैं, लेकिन यह तथ्य भी स्पष्ट है कि विश्व स्वास्थ्य संस्था की उस समय दुनिया भर में आलोचना हुई थी जब वह लगभग दो साल पहले कोविड का ठीक से पता नहीं लगा पाई थी। लेकिन इसके बावजूद देश में डब्लूएचओ रिपोर्ट पर चिन्ता है। हालांकि, डब्लूएचओ द्वारा बताई मौतों की संख्या स्वीकार नहीं की जा सकती है, पर अनेक कारणों से भारत के 5.2 लाख के आधिकारिक आंकड़ों पर सवाल उठ रहे हैं। सभी जानते हैं कि कोविड मृतकों की लाशें गाड़ दी गईं या नदियों में बहा दी गईं और वे आधिकारिक आंकड़ों में शामिल नहीं हुईं। श्मसान स्थलों व कब्रिस्तानों की दिल दहलाने वाली छवियां लोगों के दिमाग में हैं जो एक अत्यधिक भयानक समय का प्रतीक बन गई हैं। इसकी भी अनेक खबरें सामने आईं कि कोविड-19 की पहली व दूसरी लहर के दौरान किसी एक दिन श्मसान या कब्रिस्तान में आई लाशों की संख्या उस दिन राज्य सरकारों के अस्पतालों की संख्या से नहीं मेल खाती थीं।

भारत में कोविड से होने वाली मौतों की संख्या कुल संक्रमित लोगों का लगभग 1.2 प्रतिशत थीं। अब तक कोविड पाजिटिव मामलों की संख्या



4.3 करोड़ है, जबकि इससे मरने वालों की संख्या 5.2 लाख है। यह आधिकारिक आंकड़ा है जो मरने वालों का प्रतिशत 1.2 बताता है। विभिन्न शहरों व राज्यों की सीरोपाज़िटिव दर पर गौर करें। अक्टूबर, 2021 में दिल्ली में कराए छठे सीरोपाज़िटिव सर्वे से पता चला कि राष्ट्रीय राजधानी में सीरोपाजिटिव दर 97 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय स्तर पर जुलाई 2021 में हुए चौथे 'सीरोसर्वे' ने 6 साल से अधिक आयु वाले 67.6 प्रतिशत लोगों में नोवेल कोरोनावायरस को निष्प्रभावी करने वाली एंटीबाडी पाईं। इसका अर्थ है कि एक साल पहले तीन व्यक्तियों में दो से अधिक वायरस या वैक्सीन के संपर्क में आ चुके थे। चूंकि सीरोपाजिटिविटी टीकाकरण से भी हो सकती है, इससे वास्तविक संक्रमण की संख्या के बारे में कुछ भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है। लेकिन इस आंकड़े के गहन विश्लेषण तथा देशव्यापी टीकाकरण अभियान से पहले सीरोसर्वे पर नजर डालने से भारत में कोविड-19 प्रसार की जानकारी मिलती है। मौतों की असली संख्या का पता लगाने के लिए संक्रमितों की असली संख्या पता होना जरूरी है। सभी जानते हैं कि दसियों हजार लोग कोविड-19 से मर गए, पर उनके परिवारों ने उनको सामान्य मौत की तरह गाड़ दिया या जला दिया। उनको डर था कि कोविड से मौत बताने पर उनकी छवि खराब होगी तथा उनको लोगों के पूर्वाग्रह का शिकार होना पड़ सकता है। इस प्रकार जहां राज्य सरकारों व केन्द्र सरकार को इस मामले में पारदर्शिता बरतनी चाहिए, वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन को भी समस्या को विस्तार से संबोधित करते हुए भारत में कोरोना से मरने वालों के आंकड़े पर उठते सवालों के जवाब देने चाहिए।

# शंघाई कोविड संकट और शी जिनपिंग

कोविड -19 शंघाई के निवासियों और बड़े निगमों के लिए एक बुरा सपना बन गया है। यह चीन के स्थायी राष्ट्रपति बने रहने की उनकी भव्य योजना को गंभीर रूप से बाधित करेगा।



**माखन सैकिया**
(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)



**चीनी** राष्ट्रपति शी जिनपिंग के लिए आगे की राह चुनौतीपूर्ण है क्योंकि बीजिंग का 'शून्य कोविड' दृष्टिकोण बढ़ती चुनौतियों का सामना कर रहा है और शंघाई 2020 में महामारी की शुरुआत के बाद से देश में अब तक के सबसे खराब कोरोनोवायरस संकट का सामना कर रहा है। ऐसे समय में जब लगभग पूरी दुनिया महामारी से उबर चुकी है, शंघाई में स्वास्थ्य आपातकाल के बारे में शी की निरंतर चिंता के पीछे विश्वसनीय कारण हैं। वास्तव में, छलांग और सीमा से, दुनिया की सबसे शक्तिशाली व्यापारिक राजधानियाँ जैसे कि न्यूयॉर्क, टोक्यो, लंदन, फ्रैंकफर्ट, हांगकांग, सिंगापुर, आदि, सामान्य व्यवसाय में वापस आ गई हैं। लेकिन चीन, जो लगातार पश्चिम के प्रकोप का सामना कर रहा है, गंभीर रूप से तनाव में है क्योंकि शंघाई नामक उसके बिजलीघर में कोविड -19 की गंभीरता में कोई कमी नहीं है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए शंघाई कोविड -19 ब्रेकआउट क्यों महत्वपूर्ण है? कोविड -19 शंघाई के निवासियों और बड़े निगमों के लिए एक बुरा सपना बन गया है, चीन के लिए इस वर्ष के लिए निर्धारित 5.5 प्रतिशत की विकास दर हासिल करना बहुत मुश्किल हो सकता है। इस साल के अंत में, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी पर शी की पकड़ एक महत्वपूर्ण नेतृत्व फेरबदल की ओर बढ़ रही है। शी का बेहद महत्वाकांक्षी राजनीतिक एजेंडा लगातार बेनकाब होता जा रहा है। उनके फौलादी पहलू के पीछे, चीन के कुछ पर्यवेक्षकों का मानना है कि सर्वशक्तिमान शी पर विश्वास धीरे-धीरे कम हो रहा है। चूंकि वह अगले साल की शुरुआत में अपने तीसरे कार्यकाल की ओर बढ़ रहे हैं, इसलिए वह पार्टी, सेना और सरकार पर नियंत्रण मजबूत कर रहे हैं। आज चीन की सबसे भीषण कोविड-19 आपदा नियंत्रण में आ गई है। लेकिन लगभग एक महीने का तालाबंदी शहर के लिए बहुत कष्टदायक और दंडनीय था। लेकिन बीजिंग के कम्युनिस्टों ने वित्तीय हब में बढ़ते व्यापार घाटे के बावजूद अपनी तथाकथित 'शून्य कोविड रणनीति' के साथ खड़े होने की कसम खाई है। 22 अप्रैल से नए संक्रमणों की संख्या में कमी आई है, लेकिन उप-महापौर वू किंग सहित शहर के अधिकारी सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करने के लिए सामने आए हैं कि वर्तमान में हमारे शहर की महामारी की रोकथाम और नियंत्रण की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है, और महामारी आ गई है। फिलहाल कम्युनिटी ट्रांसमिशन पर रोक लगा दी गई है। लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञ सावधानी बरतते हुए कह रहे हैं कि पलटाव की संभावना है। इसलिए, प्रतिबंधों को पूरी तरह से शिथिल करना मुश्किल होगा।

अंत में, यह कहा जा सकता है कि शी समय की परीक्षा का सामना कर रहे हैं। फिलहाल, यूक्रेन में चल रहे युद्ध से वैश्विक शक्ति गणना भी गंभीर रूप से परेशान है। और विनाशकारी संघर्ष में चीन की बड़ी हिस्सेदारी है क्योंकि शी ने मास्को पर पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए गंभीर प्रतिबंधों के खिलाफ सीधे रूस का समर्थन किया है। पुतिन का भारत और चीन पर बहुत अधिक भरोसा है। सभी नाटो और यूरोपीय संघ के सहयोगियों की रूस के खिलाफ मार्च की पृष्ठभूमि के खिलाफ, युद्ध के बाद में पुतिन जैसे युद्ध मोंगर को समर्थन देना दिल्ली और बीजिंग दोनों के लिए गंभीर रूप से महंगा हो सकता है। चीन लंबे समय से द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद से अमेरिका द्वारा संचालित वैश्विक उदारवादी व्यवस्था के कड़े प्रतिरोध की उम्मीद कर रहा था। इसलिए, शी निस्संदेह खुश हैं, लेकिन उन्हें यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि पुतिन चीन के नेतृत्व वाली भविष्य की वैश्विक व्यवस्था में एक कनिष्ठ भागीदार के रूप में कार्य करेंगे। न तो भारत भविष्य में किसी भी समय चीन के नेतृत्व वाली एशियाई या विश्व व्यवस्था को स्वीकार करेगा। पूर्वी लद्दाख में और उत्तर-पूर्व में ऐतिहासिक मैकमोहन रेखा पर एक लंबे समय तक सीमा संघर्ष में उलझे रहने के कारण, दिल्ली के लिए बीजिंग से सामान्य द्विपक्षीय बैठक में मिलना वास्तव में कठिन होगा। ये सभी घर, आस-पड़ोस और वैश्विक स्तर पर शी की चाल को जटिल बना रहे हैं।

इसलिए, आगामी पार्टी कांग्रेस से परे शंघाई में कोविड -19 किले का रखरखाव उसके लिए बहुत मुश्किल हो सकता है। और उनके विरोधी मौके का इंतजार कर रहे हैं। निश्चित रूप से उनके नेतृत्व के खिलाफ कोई खुला विद्रोह नहीं होगा। लेकिन पार्टी और नेतृत्व पर उनका लगातार बढ़ता नियंत्रण धीरे-धीरे कम हो सकता है। यह चीन के स्थायी राष्ट्रपति बने रहने की उनकी भव्य योजना को गंभीर रूप से बाधित करेगा।

अक्टूबर 1949 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) की स्थापना के बाद से शंघाई का महत्व लगातार बढ़ रहा है। 11 वीं शताब्दी में मछली पकड़ने के गांव के रूप में शुरू हुआ यह शहर चीन का सबसे शक्तिशाली वित्तीय केंद्र बन गया है। इसे चीन में 'मैजिक सिटी' के रूप में भी जाना जाता है। 1800 के दशक तक, यह देश का सबसे बड़ा शहर बन गया। और सबसे महत्वपूर्ण बात, शंघाई धीरे-धीरे 18वीं शताब्दी के मध्य तक कपास उगाने के लिए सुर्खियों में आ गई। 90 के दशक के दौरान, शहर ने 9 प्रतिशत से 15 प्रतिशत के बीच एक स्थिर आर्थिक विकास देखा। फिर से, शंघाई चीन में प्रशासन की कुंजी रखता है। यह पीआरसी का एक प्रांतीय प्रशासनिक क्षेत्र है। यह चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह पार्टी का जन्मस्थान था। यह प्रशांत महासागर के पश्चिमी तट पर, एशियाई महाद्वीप के पूर्वी तट पर, यांग्त्ज़ी नदी के डेल्टा के सामने के किनारे पर और देश के उत्तर-दक्षिण तट के ठीक मध्य में स्थित है। इसकी जलोढ़ मिट्टी के अलावा, उपोष्णकटिबंधीय मानसून जलवायु होने का लाभ है, पूरे वर्ष चार अलग-अलग मौसमों के साथ बहुत हल्का और आर्द्र। इसके अलावा, शंघाई में पर्याप्त धूप और प्रचुर मात्रा में वर्षा होती है। इसकी भौगोलिक स्थिति के कारण इसकी सारी शक्ति है।

आर्थिक रूप से शंघाई चीन का केंद्र बिंदु है। यह टोक्यो और नई दिल्ली के बाद दुनिया का तीसरा सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। आज यह एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र है। और 2002 में हू जिंताओ के सत्ता में आने के बाद से, चीनी सरकार शंघाई को लंदन और न्यूयॉर्क के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए एक वैश्विक व्यापार केंद्र बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। शी के साथ, इन प्रयासों को दोगुना कर दिया गया है ताकि चीन को ग्रह के आर्थिक महाशक्ति में लाया जा सके। इसके अलावा, चीन सुरक्षा नियामक आयोग द्वारा सीधे शासित शंघाई स्टॉक एक्सचेंज को आज टर्नओवर के संबंध में शेयरों के लिए देश का सबसे प्रमुख बाजार माना जाता है। आज शंघाई में कोविड-19 का खतरा शी को चीन के भीतर और बाहर एक और संघर्ष की ओर धकेल रहा है। इन दिनों लोगों ने पार्टी में शी के खिलाफ बढ़ती शांत प्रतिशोध और आलोचना की लहर देखी है। अध्यक्ष माओत्से तुंग और देंग शियाओपिंग के बाद अब तक सबसे शक्तिशाली 'सर्वोपरि नेता' कहे जाने वाले व्यक्ति को इस वर्ष एक कठिन कार्य का सामना करना पड़ रहा है। माओ पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) के संस्थापक होने के नाते सितंबर 1976 में अपनी मृत्यु तक अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध बने रहे। फिर 1976-78 से हुआ गुओफेंग के कार्यकाल की अनिश्चितता की एक संक्षिप्त शांति के बाद, देंग ने चीन का नेतृत्व संभाला। देंग चीनी राजनीतिक व्यवस्था की अनूठी प्रकृति की रक्षा करते हुए देश को बाजार अर्थव्यवस्था के लिए खोलकर आधुनिक चीन का जनक बन गया। उन्होंने 1978 से 1992 तक चीन पर शासन किया, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी), उसके नेतृत्व और वैश्विक शासन प्रणाली में चीन के प्रभाव को मजबूत किया। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने चीनी संविधान में एक बदलाव किया कि कोई भी व्यक्ति दो कार्यकालों यानी 10 साल से अधिक सत्ता में नहीं रह सकता है क्योंकि उन्होंने सामूहिक नेतृत्व की अवधारणा को दृढ़ता से प्रचारित किया ताकि माओ ने जिस तरह से प्रचार किया और 'पंथ नेतृत्व' की प्रवृत्ति के किसी भी अवसर को दूर रखा जा सके। अभ्यास किया।

शंघाई कोविड-19 संकट शी के धैर्य और नेतृत्व की परीक्षा ले रहा है। इसके ढाई करोड़ से ज्यादा लोग ज्यादातर घरों में फंसे हुए हैं। इस साल मार्च में, उन्होंने शंघाई में फैले कोविड -19 के खिलाफ अपनी लड़ाई में विफल होने वाले किसी भी कैडर को दंडित करने की अपनी धमकी को फिर से दोहराया। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि वह इस मुद्दे पर कितने गंभीर हैं क्योंकि देश के सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय केंद्र में कोविड -19 मामलों की अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। वास्तव में, वह इस बात पर बाध्य है कि शंघाई में गड़बड़ी के लिए किसे दोषी ठहराया जाए और जिम्मेदार ठहराया जाए।

# भारत में कोविड से हुई मौतों की संख्या



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)

**हाल** में न्यूयार्क टाइम्स ने विश्व स्वास्थ्य संगठन का संदर्भ देते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की है जिसमें कहा गया है कि भारत में काविड संक्रमण से मरने वालों की संख्या छिपाई गई है। इस रिपोर्ट के आधार पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश में जहां कोविड के कारण 40 लाख लोग मरे, वहीं भारत सरकार ने इनकी संख्या केवल 5 लाख बताई। भारत सरकार ने रिपोर्ट अस्वीकार करते हुए उस पर गंभीर आपत्ति जताई है। उसने कहा कि एनवाईटी ने अन्य देशों के आंकड़ों पर कुछ नहीं कहा, पर उसने चयनित तरीके से भारत के आंकड़ों पर निशाना लगाया। ऐसा लगता है कि डब्लूएचओ के 'फर्जी' आंकड़ों का उद्देश्य भारत की छवि खराब करना है। आज जहां सारी दुनिया भारत के टीकाकरण कार्यक्रम की प्रशंसा कर रही है जिसने 90 प्रतिशत सक्षम जनता का टीकाकरण करने में सफलता पाई है, वहीं डब्लूएचओ के अधिकारी जानबूझ कर भारत की उल्लेखनीय सफलता व उपलब्धियों पर सवाल उठा रहे हैं। वे भारत सरकार द्वारा कोविड से होने वाली मौतों के आंकड़ों पर संदेह पैदा कर रहे हैं। हालांकि, डब्लूएचओ सारी दुनिया में कोविड से होने वाली मौतों की संख्या पर सवाल उठा रही है और उसने नतीजा निकाला है कि वास्वत में वैश्विक महामारी के दौरान मरने वालों की संख्या सरकारों के दावे से बहुत अधिक है। डब्लूएचओ ने 0.9 मिलियन अतिरिक्त मौतों का आंकलन किया है। उल्लेखनीय है कि एनवाईटी ने डब्लूएचओ का संदर्भ देते हुए कहा है कि जहां देशों ने 60 मिलियन लोगों की मौत मानी है, वहीं वास्तविक आंकड़ा 150 लाख है। यह आंकड़ा विभिन्न देशों के आंकड़ों से दूना अधिक है। लेकिन इन 90 लाख अतिरिक्त मौतों में 35 लाख भारत में मानी गई हैं। इस प्रकार डब्लूएचओ यह कहने का प्रयास कर रहा है कि भारत में 40 लाख लोग मरे, जबकि सरकार ने यह संख्या 5.2 लाख बताई है। डब्लूएचओ कह रहा है कि भारत में होने वाली कुल मौतें केवल सीधे कोविड के कारण नहीं हुई हैं, बल्कि इनमें अन्य बीमारियों से मरे लोग भी शामिल हैं जो लाकडाउन के कारण अपना इलाज नहीं करा सके। इस प्रकार केवल कोविड तथा अन्य कारणों से मरने वालों की संख्या में भारी अंतर है।

भारत सरकार ने डब्लूएचओ के इस कृत्य पर चिन्ता जताई है। भारत सरकार ने कहा है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मौतों के आंकड़ों पर दुहरे मानक अपनाए हैं। उसने प्रथम श्रेणी के देशों द्वारा प्रस्तुत आधिकारिक आंकड़े स्वीकार किए जिसमें 80-90 देश शामिल हैं। लेकिन डब्लूएचओ ने भारत समेत दूसरी श्रेणी के देशों के आधिकारिक आंकड़े अपने गणितीय माडल में नहीं स्वीकार किए। भारत सरकार ने कहा कि विभिन्न देशों को दो श्रेणियों में बांटने का कोई औचित्य नहीं बताया गया। दूसरी श्रेणी के देशों पर जो गणितीय माडल लागू किया गया उसे पहली श्रेणी के देशों पर भी लागू किया जाना चाहिए। भारत सरकार ने कहा कि उसने विश्व स्वास्थ्य संगठन को इस बारे में छः पत्र लिखे, लेकिन उसने इनका कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। एक सरकारी स्रोत ने बताया, 'उन्होंने इन आंकड़ों पर पहुंचने के लिए 16 राज्यों से आंकड़े लिए, लेकिन उन्होंने अंतिम परिणाम पर पहुंचने के लिए प्रयुक्त आंकड़ों के स्रोत नहीं बताए। हमने भी यह जानने के लिए दबाव नहीं डाला कि ये 16 राज्य कौन हैं।' डब्लूएचओ से उम्मीद की जाती है कि वह किसी बीमारी की स्थिति में राज्यों को उचित सलाह देगा ताकि वे उपयुक्त कदम उठा सकें। शायद ऐसा कर डब्लूएचओ कोविड से होने वाली मौतों की संख्या कम कर सकता था और भविष्य में वैश्विक महामारी के लिए सही नीति बनाने में सहायक होता। लेकिन वास्तव में इस मामले में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया का विश्वास खोया है। इसका कारण यह है कि वह महामारी के बारे में विवादों में घिर गया। पहला, डब्लूएचओ ने संक्रमण का आंकलन करने में ईमानदारी नहीं बरती। 14 जनवरी, 2020 को उसने एक ट्वीट कर कहा कि मनुष्यों से मनुष्यों में संक्रमण फैलने के कोई प्रमाण नहीं हैं, जबकि यह संक्रमण सितंबर, 2019 से फैल रहा था।

डब्लूएचओ के इस ट्वीट ने दुनिया को भ्रमित कर दिया और सभी देशों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्री विमानों के माध्यम से यात्रियों का आवागमन जारी रखा। यह डब्लूएचओ की चीन के वूहान से फैलने वाले वायरस के बारे में लापरवाही थी जिसने दुनिया भर में भारी तबाही मचाई। काफी समय बाद ही अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों पर जांच व क्वारंटीन की प्रक्रिया अपनाई गई। केवल इतना ही नहीं, डब्लूएचओ ने यह छिपाने का प्रयास किया कि संक्रमण चीन में वूहान की प्रयोगशाला से फैला। वह लगातार यही कहता रहा कि इसका जन्म चीन में जानवरों के बाजार से हुआ। अधिकांश दुनिया ने उसका यह दावा ठुकरा दिया। गंभीर आशंका है कि केवल चीन के समर्थन के कारण ही टेड्रोस डब्लूएचओ के महानिदेशक बन सके। इस अव्यवस्था पर गौर करते हुए तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 50.4 बिलियन डालर का वह योगदान रोक दिया जो अमेरिका इस संगठन को देता है। उल्लेखनीय है कि डब्लूएचओ को दुनिया के देशों से पूर्व-निर्धारित योगदान मिलता है तथा उसे अनेक स्वैच्छिक योगदान भी मिलते हैं। स्वैच्छिक योगदानों में प्रमुख योगदान बिल मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन का है। अन्य तथाकथित दानदाता संगठनों में अमेरिका, चीन व विकसित देशों के अनेक संगठन शामिल हैं। गेट्स फाउंडेशन समेत अनेक संगठन डब्लूएचओ के कामकाज को प्रभावित करते हैं।

यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि जब भारत तेजी से अपनी वैक्सीन बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा था तब डब्लूएचओ के सर्वोच्च अधिकारियों ने इन प्रयासों को हतोत्साहित किया। 'वैक्सीन राष्ट्रवादियों' ने कहा कि इससे वैक्सीन के विकास में विलंब होगा तथा संक्रमण रोकने में बाधा आएगी। केवल इतना ही नहीं, बिल गेट्स को यह भी कहते सुना गया कि वे भारत जैसे देशों के साथ वैक्सीन का फार्मूला साझा करने के पक्ष में नहीं हैं क्योंकि इससे वैक्सीन की गुणवत्ता प्रभावित होगी। गेट्स फाउंडेशन से जुड़े 'गावी' के साथ ही विश्व स्वास्थ्य संगठन भारत पर दबाव डाल रहे थे कि भारत विशाल बहुराष्ट्रीय निगमों द्वारा कोवैक्स सुविधा के अंतर्गत तैयार की जा रही वैक्सीनों की खरीद प्रतिबद्धता नहीं प्रकट कर रहा है। आज भारत न केवल वैक्सीनों के उत्पादन में सफलता प्राप्त कर चुका है, बल्कि अपनी पूरी जनसंख्या का टीकाकरण भी कर चुका है, बल्कि उसने दुनिया के अधिकांश अन्य देशों की तुलना में वैश्विक महामारी से निपटने में सफलता भी पाई है।

वह दवाओं व चिकित्सा उपकरणों के उत्पादन में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है। ऐसे समय विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ कोविड संबंधी मौतों के आंकड़ों पर सवाल उठा कर भारत को बदनाम कर रहा है। भारत सरकार को ऐसे प्रयासों का सटीक जवाब देना चाहिए।

## आप की बात

### पीओके पर भी विचार करें

**आज** धारा 370 हटाने के बाद अब कश्मीर में भी विकास कार्यों की धारा बहने लगी है यानी केंद्र सरकार एक संकल्प के साथ वहां कार्य कर रही है आज जम्मू कश्मीर का नए सिरे से परिसीमन कर वहां विधानसभा सीटों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। विश्वास है कि अब केंद्र सरकार के साथ-साथ वहां आने वाली हर नई विधानसभाऐ भी अपने क्षेत्र की भलाई एवं विकास का संकल्प लेंगी। परंतु आज हम यह भी कहना चाहते हैं कि आज जरूरत इस बात की भी है कि हमारी केंद्र सरकार का आज यह भी दायित्व है कि वह भारतीय कश्मीरी क्षेत्र के विकास के साथ-साथ पाक अधिकृत कश्मीर के विषय में भी विचार करें आज वहां की जनता भी पाकिस्तानी सेना एवं स्थित आतंकवादी संगठनों के जुल्मों सितम का शिकार हो रही है। लगभग हर दिन पाकिस्तानी सेना का कहर वहां की जनता पर बरसता है, महिलाओं को बलात्कार का शिकार बनाया जाता है। भोले वाले कश्मीरी नवयुवकों को डरा धमका कर आतंकवादी बनने पर मजबूर किया जाता है। उन्हें जन्नत में हूर मिलेगी, के सपने दिखाए जाते हैं पाकिस्तान तो पाकिस्तान आज चाइना भी उनके साथ जालिमाना व्यवहार कर रहा है।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### सकारात्मक पहल

**प्रदेश** में संस्कृत पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जुलाई से छात्रवृति दी जाएगी। एवं संस्कृत शिक्षकों के पद भी भरे जायेंगे। माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने केबिनेट बैठक से पहले मंत्रियों को जानकारी दी। बहुत ही सकारात्मक पहल मानी जाएगी. और निश्चित ही यह पहल संस्कृत को बढ़ावा देगी। संस्कृत हमारी देवलिपि होने के साथ साथ धार्मिक, ग्रंथो, व प्राचीन भाषा है। संस्कृत को अनवरत बनाए रखना जरुरी हैं। देवों की लिपि संस्कृत स्कूलों मे तो चल ही रही हैं। विद्यार्थियों को इस भाषा का सार्थकता भरा ज्ञान मिल भी रहा हैं! फिर भी कही न कही विद्यार्थियों मे इस भाषा के प्रति उदासीनता नजर आती हैं। संस्कार संस्कृति की आवरण, व धर्म कर्म की भाषा को पुरे देश मे शीर्ष पर ले जाने के लिए कारगर रणनीति की जरूरत होंगी! भाषा के स्तर व वजूद को सकारात्मक रूप देने हेतु विशाल सेमिनार, वैबिनार जैसे नवाचार की भी आवश्यकता हैं! हालांकि संस्कृत में स्नातक, स्नात्तकोत्तर की शिक्षा व शोध कार्य भी हमारे यंहा कायम हैं! परन्तु इस भाषा को विशाल पैमाने पर ले जाने की जरुरत हैं। अक्सर ब्राह्मण वर्ग के विद्यार्थियों मे अपने धर्म, कर्म के प्रति संकोची भाव होता है।

- **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र


### लालच त्यागना होगा

**सत्ता** के आसपास आजकल मुफ्तखोरी की राजनीति नजर आ रही है। चुनावों के समय राजनैतिक दल बुनियादी चीजों की मुफ्त में उपलब्धि की घोषणा कर मतदाताओं को ललचाते हैं। मतदाता भी ऐसे दलों की चिकनी चुपड़ी बातों में आ जाता है और गलत फैसला कर बैठता है। ऐसा नजारा काफी समय से देखने में आ रहा है लेकिन इस मुफ्तखोरी के पीछे जो बड़ा संकट छुपा हुआ है शायद नेता उसे जान कर भी नजरअंदाज कर रहे हैं। अब दिल्ली के मुख्यमंत्री ने मांगने पर ही बिजली सब्सिडी को लेकर जो पहल की है उसे देखकर लगता है मुफ्तखोरी के वादे सरकारों को कितने भारी पड़ते हैं? सरकार की इस मंशा के पीछे यही लगता है कि कुछ तो लोगों की मानसिकता त्याग की प्रवृत्ति की बनेगी जो संपन्न है। जनता तो समय पर त्याग के लिए तैयार हो जाती है मगर राजनीतिक दल कब ऐसे निहित स्वार्थों को छोड़ेंगे यह सबसे बड़ा सवाल है। आने वाले दिनों में इस तरह की और भी पहल सामने आ सकती है।

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**जम्मू** कश्मीर परिसीमन कार्रवाई से दीर्घकालीन रूप से जम्मू कश्मीर की जनता निश्चित रूप से शक्तिहीन होगी।

- **मुहम्मद यूसुफ तारीगामी**
माकपा नेता



**हम** स्थानीय जनता से मिले, उसमें बहुत जोश है। हमें बहुत खुशी है कि वे हमारे पास आए और अपनी तकलीफें बताईं।

- **सेवानिवृत्त जस्टिस रंजना देसाई**
परिसीमन आयोग की अध्यक्ष



**कोलकाता** के काशीपुर में भाजयुमो कार्यकर्ता अर्जुन चौरसिया की मौत एक 'राजनीतिक हत्या' है।

- **अमित शाह**
गृह मंत्री

# बुन्देलखण्ड क्षेत्र भक्ति और शक्ति का महासंगमः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● मुख्यमंत्री ललितपुर में संत मोरारी बापू के राम कथा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र भक्ति और शक्ति का महासंगम है। इसी बुन्देलखण्ड की धरती पर चित्रकूट में भगवान श्रीराम ने अपने वनवास काल का सर्वाधिक समय व्यतीत किया था। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कथा भारत की कथा है। भारत के प्रत्येक मानस के हृदय में रची बसी यह मानवीय कथा हम सभी को सदैव नई प्रेरणा देती है। संकट के समय चुनौतियों से जूझने का नया मार्ग दिखाती है। बड़ी से बड़ी चुनौतियों में भगवान श्रीराम की पावन कथा राह दिखाने का कार्य करती है।

मुख्यमंत्री आज जनपद ललितपुर में संत मोरारी बापू के राम कथा कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कामना की कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के वासियों के लिए यहां हो रही रामकथा सुख व समृद्धि का वाहक बने। बुन्देलखण्ड क्षेत्र विकास की उन बुलंदियों की ओर आगे बढ़ेए जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की परिकल्पना है। इस अवसर पर उन्होंने व्यासपीठ की आरती भी की। उन्होंने कहा कि देश में विपरीत परिस्थितियों में श्री राम कथा और व्यासपीठ ने एक नई दिशा देने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामराज्य का मतलब, जहां किसी के साथ कोई भेदभाव न हो, जहां किसी के सामने कोई अभाव न हो, जहां किसी बुराई के लिए कोई स्थान न हो। ऐसी आदर्श व्यवस्था भारत में बन रही है। अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मन्दिर शीघ्र निर्मित होने वाला है। भगवान श्रीराम के भव्य मन्दिर का मतलब भगवान श्रीराम के अनुरूप राष्ट्र का मन्दिर। गरीबों के लिए मकान बन जाना, उनके लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का हो जाना, सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान निःशुल्क टेस्ट, उपचार, वैक्सीन और हर गरीब के लिए निःशुल्क राशन की व्यवस्था केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा की गई हैए यही रामराज्य है। इन सभी कार्यों में कोई भेदभाव नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की थी। आज जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर जल का स्वप्न साकार हो रहा है। इसके लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कुछ परियोजनाएं जूनए 2022 में पूर्ण हो जाएंगी। अन्य परियोजनाएं भी इसी प्रकार आगामी महीनों में पूरी होती जाएंगी। दिसम्बर 2022 तक लगभग सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड क्षेत्र के हर गांव, हर घर तक आरओ का शुद्ध पानी पहुंचा दिया जाएगा। खेतों के लिए सिंचाई की व्यवस्था हो रही है। डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण भी यहीं हो रहा है। एक तरफ खेतों में फसलें लहलहाएंगी, तो दूसरी तरफयहां का नौजवान सीमा की रक्षा के लिए तोप लेकर जाएगा और वह तोप भी यहीं की बनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें सामूहिकता के साथ कार्य करने होंगे। सामूहिकता में बड़ी ताकत होती है। भगवान श्रीराम ने सामूहिकता की इसी ताकत के साथ कार्य किया था। उन्होंने भारत की सामूहिक ताकत को पहचाना था। युद्ध के लिए वे अयोध्या व जनकपुर से सेना लेकर नहीं गए थे बल्कि वानरों व भालुओं की सेना खड़ी करके उस समय के सबसे ताकतवर योद्धा का सामना किया और विजयश्री का वरण किया था।



# महिला व बाल अपराधों के मामलों में ऐसी सजा मिले जो नजीर बनेः अवस्थी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कानून-व्यवस्था को लेकर की गई उच्चस्तरीय समीक्षा**

**● थाना व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं जाकर सही स्थिति का आकलन करें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीः एसीएस होम**

**प्रदेश** की कानून को लेकर योजना भवन में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। समीक्षा बैठक में मंडल, जोन, रेंज तथा जिला व पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अघिकारियों से वार्ता कर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण में अब तक हुई कार्यवाही की सघन समीक्षा की गई।

एसीएस होम अवनीश कुमार अवस्थी ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह आगामी 14 मई को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में पिछली लोक अदालत की अपेक्षा दो गुना वादों को सुलह समझौते के आधार पर निपटाने की दिशा में गंभीरता से प्रयास करे। पिछली सभी लोक अदालतों में उत्तर प्रदेश वादों के निस्तारण में देश में प्रथम स्थान पर रहा है। महिला व बाल अपराधों में प्रभावी कार्यवाही के साथ साथ इन अपराधों में लिप्त अपराधियों को प्रभावी पैरवी कर शीघ्र से शीघ्र अधिकतम ऐसी सजा दिलाने का प्रयास किया जाये जो नजीर बने तथा लोगों में इन अपराधों के प्रति कड़ी सजा का खौफ हो। पास्कों एक्ट में जनपद स्तर पर प्रभावी पैरवी कर अधिकतम सजा दिलाने की दिशा में हुई कार्यवाही की नियमित समीक्षा किये जाने के निर्देश अभियोजन विभाग को दिये गये हैं। बताया गया कि पाक्सो के 190 मामलों में अप्रैल में सजा करायी गयी। महिला अपराध में 135 मामलों में 182 अभियुक्तों को सजा करायी गयी। आयुध अधिनियम में 344 मामलों मे सजा करायी गयी। उन्होंने निर्देशित किया है कि जिला स्तर पर मानीटरिंग कमेटी की बैठके नियमित रूप से करते हुये उनमें अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाये जाने के प्रयासों की गहन समीक्षा की जाय। चिन्हित माफियाओं व अपराधियों के विरूद्व प्रभावी तरीके से अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। साथ ही साथ उनके खिलाफ न्यायालय में चल रहे अभियोगों में अतिशीघ्र चार्जशीट की कार्यवाही पूर्ण कराते हुये अधिकतम सजा दिलाये जाने का प्रयास किया जाए। श्री अवस्थी ने जनपदों के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वह अपने फील्ड विजिट की संख्या को और बढ़ायें तथा थाना व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं जाकर सही स्थिति का आकलन करें और एसओपी बनाकर पारदर्शी तरीके से कार्यवाही कराना सुनिश्चित करे। सोशल मीडिया पर नजर रखते हुये रिस्पांस टाइम को और अधिक बेहतर करने के निर्देश दिये गये है।अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा कि शासन स्तर से चिन्हित 50 माफियाओं पर हुई कार्यवाही की शासन व पुलिस मुख्यालय स्तर पर सघन समीक्षा की जा रही है तथा इस संबंध में प्रभावी प्रयास कर बेहतर परिणाम शीघ्र प्रस्तुत किये जाए।

# लाइटहाउस आईटीआई व पालीटेक्निक योजना जल्द शुरू की जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● व्यावसायिक और प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की अभिनव पहल**

**व्यावसायिक** और प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वाकांक्षी पहल करते हुए प्रदेश सरकार विशिष्ट विशेषताओं वाले लाइटहाउस पॉलीटेक्निक और आईटीआई स्थापित कर रही है और शीघ्र ही ये क्रियाशील भी हो जाएंगे। शिक्षा क्षेत्र के सभी विभागों द्वारा दी गई कार्य योजना के अनुसार आगामी 100 दिनों में आधुनिक प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम का संचालन शुरू हो जाएगा। इन विषयों में सम्मिलित ड्रोन टेक्नॉलजी, साइबर सिक्युरिटी, डाटा साइंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, सौर ऊर्जा आदि से संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ किया जाएगा। वहीं आगामी 6 माह में 5 लाइटहाउस आईटीआई स्थापित होंगे जिनमे कई विशेषताएँ होंगी। प्रदेश में वर्तमान में संचालित 15 से 20 सरकारी आईटीआई को भी लाइटहाउस आईटीआई के रूप में विकसित किया जाएगा जो संबंधित ट्रेड के लिए अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बेंचमार्क होंगे। इनमें विशिष्ट कौशल या मांग के अनुरूप किन्ही भी एक या दो ट्रेड का उच्चीकरण किया जाएगा। इन ट्रेड का चयन अध्ययन करके व विशेषज्ञों के साथ परामर्श के बाद किया जाएगा।

इन लाइटहाउस आईटीआई को स्वच्छ और ऊर्जा संरक्षित करने के लिए हरित कैंपस बनाया जाएगा। इनमे दिव्यांग जन के लिए विशेष व्यवस्था होगी, उद्योगों की सहभागिता व शत प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित किया जाएगा और ट्रेड, इंफ्रास्ट्रक्चर, व प्रशिक्षण राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय मापदंड के अनुरूप होगा। साथ ही इसी अवधि में आठ नए राजकीय आईटीआई को पीपीपी मॉडल पर भी क्रियाशील किया जाएगा। प्रदेश में वर्तमान में 304 राजकीय और 2963 निजी आईटीआई हैं जिनकी प्रशिक्षण क्षमता क्रमशः 172352 और 458243 है।

प्राविधिक शिक्षा के अंतर्गत डिप्लोमा सेक्टर में वर्तमान में 149 राजकीय, 19 अनुदानित, 1266 निजी व 7 अन्य पॉलीटेक्निक संस्थान कार्यशील हैं। इनकी प्रवेश क्षमता राजकीय में 36879, अनुदानित में 10464 अन्य में 656 और निजी में 1 लाख 76 हजार 436 है। आगामी 6 महीनों में 10 लाइटहाउस पालीटेक्निक परियोजना का प्रारंभ होगा। यह अखिल भारतीय प्राविधिक शिक्षा परिषद एआईसीटीई और एनबीए मानक के अनुरूप सेंटर ऑफ एक्सेलेन्स के रूप में विकसित किये जाएंगे। इनमें यहां खेलकूद, जीवन कौशल और व्यक्तित्व विकास के मॉड्यूल आउटसोर्स किये जाएंगे। नवीन प्रोद्योगिकी एवं उद्योग आधारित पाठ्यक्रम चलाए जाएंगे और छात्राओं के लिए विशेष प्रबंध होगा। इनका कैंपस पूर्ण रूप से डिजिटल, क्लीन और ग्रीन होगा जिसमे सौर ऊर्जा का प्रयोग होगा। इन विशिष्ट पालीटेक्निक में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी से छात्र और शिक्षक एक्सचेंज प्रोग्राम चलाए जाएंगे और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थानों द्वारा शिक्षण और प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा व्यावसायिक व प्राविधिक शिक्षा को रोजगार परक और आवश्यकताओं के अनुसार उनका आधुनिकीकरण करने की पहल जारी है। ऐसा अनुमान है कि आगामी पाँच वर्षों में 10 लाख युवाओं का व्यावसायिक प्रशिक्षण पूर्ण किया जाएगा और प्रदेश में स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी। इसी अवधि में समस्त पाठ्यक्रमों के लिए ई-कंटेन्ट भी उपलब्ध हो जाएगा।

# यूपी की चौपट कानून व्यवस्था नहीं ले रही सुधरने का नामः महेंद्र सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आम** आदमी पार्टी के निवर्तमान प्रदेश प्रवक्ता महेन्द्र सिंह ने यूपी की ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था पर योगी सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही हैं। श्रावस्ती में विधवा महिला के साथ दुष्कर्म और उसकी आंख फोड़ने की घटना दिल दहलाने वाली है । वहीं बुलन्दशहर में एक डॉक्टर के क्लीनिक में घुसकर दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी गई। प्रतिदिन यूपी में हत्या, रेप, दुष्कर्म की घटनाओं से समाचार पत्र भरे मिलते। श्री सिंह ने कहा कि यूपी में अराजकता का माहौल व्याप्त है। योगी सरकार बुलडोजर चलाने में मस्त है खुलेआम घूम रहे अपराधियों पर लगाम लगाने की फुर्सत नहीं बची है। ऐसी सरकार से जनता त्रस्त हो चुकी है। जनता डरी और सहमी हुई है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता को न्याय दिलाने और प्रदेश की कानून व्यवस्था को दुरुस्त कराने लिए योगी सरकार के खिलाफ आंदोलन विरोध प्रदर्शन करेगी।

# समर्थ महिला, सशक्त भारतः गीता शाक्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** महिला मोर्चा उप्र द्वारा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद राज्यसभा गीता शाक्य की अध्यक्षता में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ महिलाओं तक पहुंच सके तथा उद्यमिता के क्षेत्र में भी वह अग्रणी होकर कार्य कर सकें इसके लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महिलाओं को संबोधित करते हुए गीता शाक्य ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर महिलाओं के हितों के लिए अनेक सफल योजनाओं का कार्यान्वयन किया है। जिसका बड़े स्तर पर लाभ देश व प्रदेश की महिलाओं को मिला है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश की महिलाओं को जो छोटे लघु उद्योग व गृह उद्योग के माध्यम से अपने परिवार का सहयोग करती हैं को प्रदेश स्तरीय सरकारी योजनाओं का लाभ जेम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो सके। इसके लिए महिलाओं का मुफ्त रजिस्ट्रेशन जेम पोर्टल पर करा कर उन्हें सीधे सरकार से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है।



महिलाएं छोटे उद्योग करती हैं सामान बन जाने के बाद उसे बेचने की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जेम पोर्टल पर सरकार की आवश्यकता के अनुसार किस प्रकार उनसे जुड़ कर अपने रोजगार को राज्य स्तर पर बड़ा कर सकती हैं के लिए एक सार्थक प्रयास केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं समर्थ होंगी तभी भारत सशक्त होगा। इस कार्यशाला में केंद्र से इस अभियान की संयोजक उषा बाजपेई का मार्गदर्शन व प्रशिक्षण सभी एनजीओ प्रतिनिधियों, लघु उद्योग, गृह उद्योग चलाने वाली महिला उद्यमियों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में अनेक महिला उद्यमी लखनऊ की प्रतिष्ठित एनजीओस के प्रतिनिधि ने सहभागिता की।

# भाजपा सरकार में हर रोज बढ़ रही महंगाईः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में हर रोज महंगाई बढ़ रही है। अच्छे दिनों का सपना दिखाने वाली भाजपा के राज में आम आदमी की कमर बुरी तरह टूट चुकी है। पहले पट्रोल, डीजल, सीएनजी के दाम बढ़े अब दवाएं, खाद्य पदार्थ, परिवहन सभी कुछ महंगा हो गया है। महंगाई के कारण घर के घर ढह गए। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की आर्थिक कुनीतियों के चलते हर घर की आय में कमी आई है, बेरोजगारी बढ़ रही है, कामधंधे ठप्प हैं। भाजपा ने देश को अंधकारमय भविष्य की ओर धकेल दिया है। अखिलेश ने कहा कि एक बार फिर घरेलू गैस सिलेण्डर 50 रूपए महंगा हो गया है। सिलेण्डर की कीमत एक हजार रूपये के पार हो गयी है। हर दिन लूट रही भाजपा सरकार की डबल डकैती साबित हो रही है। अखिलेश ने कहा कि अभी रिजर्व बैंक ने अपना रेपोरेट बढ़ाने की घोषणा की। कई बैंकों ने घर कार लोन महंगा कर दिया है। इससे ईएमआई का बोझ बढ़ेगा। लाखों कर्जदारों की हालत बिगड़ जाएगी। इसके साथ ही दवाओं के दामों में भारी वृद्धि हुई है। ऐण्टीबायोटिक और स्टेराइड दवाओं की किल्लत हो रही है। अखिलेश ने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा राज में जनता दिन ब दिन कंगाल होती जा रही है।

# बार-बार अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करेंः सुरेश खन्ना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वित्त** एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी के साथ रविवार को मोहल्ला वैटगंज, रेलवेगंज, बाल्मीकी मोहल्ला, मंगलीपुरवा आदि की सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेलवेगंज में नालियों में पानी भरा होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिये कि नाली एवं नालों की बरसात से पहले व्यापक स्तर पर सफाई करायें और नाली व नालों पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटवायें और बार-बार अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करें। इसके उपरान्त मंत्री ने जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी कक्ष एवं वार्डो का निरीक्षण किया और खराब सफाई व्यवस्था पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें और मरीजों को सभी स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करायें तथा लापरवाही करने वाले चिकित्सक एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से डाक्टरों की उपस्थित एवं दवा आदि के बारे में जानकारी ली। इसके उपरान्त मंत्री ने ब्लाक टड़ियावां के ग्राम बहर स्थिति गौशाला का निरीक्षण किया तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि गौशालाओं में साफ-सफाई एवं पानी की उचित व्यवस्था करायें और गौवंशों को हरा चारा उपलब्ध करायें। इस अवसर पर मंत्री ने गौ पूजन किया तथा पीपल का वृक्ष भी लगाया।



**ग्राम सचिवालय से ही जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा-खतौनी की सुविधायें उपलब्ध कराएं**

**लखनऊ।** जनपद हरदोई के नयागांव मुबारकपुर में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने ग्राम सचिवालय में कम्प्यूटर कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा बीडीओ एवं ग्राम पंचायत को निर्देश दिये कि ग्रामीणों को ग्राम सचिवालय से ही जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा खतौनी आदि सुविधायें उपलब्ध करायें। इसके उपरान्त प्राथमिक विद्यालय नया गांव मुबारकपुर में आयोजित जन चौपाल की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र में सबसे नीचे पायदान पर जीवन यापन करने वालों को सभी लाभकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होने कहा कि गांव की किसी भी समस्या के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर समस्याओं का समाधान करायें।

# भाजपा के खिलाफ गठबंधन मजबूती से लड़ेगा लोस चुनावः राजभर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सुहेलदेव** भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि गठबंधन के सभी दल साथ में 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के खिलाफ एक साथ मिलकर लड़ेंगे। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बने गठबंधन के साथ ही मजबूती से लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव, केशव देव मौर्य, जयंत चौधरी और संजय चौहान के साथ गठबंधन बना रहेगा। लोकसभा चुनाव में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी इस बार भागीदारी मोर्चा को भी साथ में लेगी। ओमप्रकाश राजभर ने यह बात रविवार को दारुलसफा कॉमन हाल ए में आयोजित सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन के उपरांत आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करने वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनाव 2024 में कई दलों के महागठबंधन के उतरने की तैयारी की जानकारी दी।



उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विरोधी देश भर की सभी पार्टी को लेकर लोकसभा चुनाव में इस बार देश में बड़ा गठबंधन बनेगा। राजभर ने कहा कि इसमें ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविन्द केजरीवाल, लालू प्रसाद यादव और उद्धव ठाकरे सबको एक साथ लाने का प्रयास होगा। हमने तो इसको लेकर ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे और लालू यादव से मुलाकात भी की है। इस मौके पर राजभर ने कहा कि इस शिविर में पार्टी की जिला इकाइयों के कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण लिया। उन्होंने इस दौरान सभी में जोश भरने के साथ ही लोकसभा 2024 की तैयारी में जुटने का निर्देश दिया। राजभर ने सभी को इंटरनेट मीडिया पर बेहद सक्रिय होने के साथ ही जमीनी स्तर पर मोर्चा भी संभालने को कहा। इस दौरान उन्होंने सांगठनिक स्तर पर प्रदेश में पार्टी का चार जोन तय किया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में पदाधिकारियों को पार्टी की सदस्यता बढ़ाने के लिए ट्रेनिंग दी गई। हम लोग एक समान अनिवार्य और फ्री शिक्षा की जनता के बीच चौपाल लगाकर चर्चा करेंगे। हम उनको यह भी बताएंगे की सत्ता में आने के बाद हम मुफ्त इलाज देंगे, रोज़गार देंगे और प्रदेश में जातिगत जनगणना कराएंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व राज्य मंत्री अरविंद राजभर मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संगठन मंत्री संतोष पाण्डेय द्वारा किया गया । इस प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय व प्रदेश कमेटी के 200 पदाधिकारियों ने भाग लिय। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री सालिक यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव संगठन प्रभारी डा. संतोष पाण्डेय , महेन्द्र राजभर, बलिराज राजभर, रामपाल माण्डी, सतीश बंजारा, मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता, पियूष मिश्रा समेत प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# कोरोना महामारी में हुई मौतों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएः युवा कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** युवा कांग्रेस पूर्वी के अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय व पश्चिम के अध्यक्ष ओमवीर यादव ने प्रदेश व केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कोरोना महामारी में हुई मौतों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना महामारी में जनवरी 2020 से दिसम्बर 2021 तक देश में लगभग 47 लाख लोगों की मौतों का आंकड़ा जारी किया है वहीं केन्द्र की मोदी सरकार ने इस रिपोर्ट को खारिज करते हुए मौतों के आंकड़ों को गलत बताया है। यह देश की जनता के साथ धोखा है। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने यह बात रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कोरोना महामारी के दौरान देश में हुई मौतों के आंकड़ो को जारी करने के बाद केन्द्र की मोदी सरकार का कोरोना महामारी को रोकने के किये गये प्रयास पूरी तरह फर्जी साबित होता है। यह मोदी सरकार की विफलता को दर्शाता है। इससे यह साबित होता है कि केन्द्र की मोदी सरकार कोरोना महामारी को रोकने के लिए पूरी तत्परता से प्रयास नहीं किया है और अब मौतों को आंकड़ों को छिपाकर अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना महामारी के दौरान हुई मौतों को छिपाना देश की जनता के साथ धोखा है। केन्द्र सरकार को देश की जनता को सच सामने लाना चाहिए । उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस मांग करती है कि कोरोना महामारी के दौरान देश में हुई मौंतों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ताकि देश की जनता के सामने सच आ सके। इस मौके पर मुख्य रूप से भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तनु यादव एवं मोहित चैधरी तथा प्रदेश महासचिव अवनीष शुक्ला, शिवम त्रिपाठी, प्रदेश सचिव रविन्द लोधी, मुकेश अवस्थी, लखनऊ जिलाध्यक्ष अंकित तिवारी एवं सै. इमरान मौजूद रहे।

# मध्यस्थता के माध्यम से आपसी विवादों के निपटान के महत्व पर हुई चर्चा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के मिनी ऑडिटोरियम में मीडिएशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ**

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के मिनी ऑडिटोरियम में रविवार को 40 घंटे के मीडिएशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस मौके पर उन्होंन मध्यस्थता के माध्यम से आपसी विवादों के निपटान के महत्व को बताया। साथ ही उन्होंने अधिवक्ताओं को प्रशिक्षण के महत्व को बताते हुए उन्हें मध्यस्थता में और अधिक पारंगत बनने के लिए उत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का निपटारा कम खर्च पर तथा शीघ्रता से होता है। इस अवसर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने भी मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के निपटारे की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति ए रहमान मसूदी समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार के नेतृत्व में अवैध कब्जे पर गरजा बुलडोजर

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटवाए जाने का अभियान प्रशासन की ओर से चलाया जा रहा है। इस दौरान अवैध कब्जे हटाने के लिए प्रशासन का बुलडोजर भी गरज रहा है। लहरपुर तहसील क्षेत्र के उदनापुर कोरैया गांव में सरकारी भूमि के अवैध कब्जे पर रविवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। दरअसल, शासन के फरमान पर उपजिलाधिकारी दिलीप मौर्य के नेतृत्व में सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को तहसील प्रशासन की टीम कोरैया मजरा उदनापुर कोरैया पहुंची। जहां नवीन परती भूमि पर संतलाल पुत्र द्वारिका व छैलबिहारी पुत्र कल्लू द्वारा

**● सरकारी नवीन परती भूमि से हटवाया गया अतिक्रमण**

**लहरपुर तहसील क्षेत्र के उदनापुर कोरैया गांव में की गई कार्रवाई**

संयुक्त रूप से अवैध कब्जा करके चक्की लगाकर कार्य किया जा रहा था। नायब तहसीलदार लहरपुर दिलीप कुमार, राजस्व निरीक्षक जितेन्द्र शुक्ल, क्षेत्रीय लेखपाल सचिन श्रीवास्तव व मोहम्मद फाजिल अंसारी की मौजूदगी में बुलडोजर की सहायता से अवैध कब्जा हटवाने की कार्रवाई की गई। बुलडोजर चलवाकर नवीन परती भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करा दिया गया। नायब तहसीलदार दिलीप कुमार ने बताया कि तहसील क्षेत्र में अभियान चलाकर सरकारी भूमि से अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है।

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के अभय कुमार पांडेय सह संयोजक नियुक्त

**सीतापुर।** कमलापुर क्षेत्र के पतारा कला निवासी अभय कुमार पांडेय को भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ सीतापुर का सह संयोजक नियुक्त किया गया है। प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. यूसी दीक्षित ने अभय पांडेय को मनोनयन पत्र सौंपा है। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े अभय पांडेय के इस मनोयनयन पर उनके शुभचिंतको ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

**23वी अंतर वाहिनी पीएसी मध्य जोन वॉलीबॉल, बास्केटबॉल हैंडबॉल, टेपक टकरा और योगा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ**

## वॉलीबॉल में 11 वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर रही विजेता

**सीतापुर।** द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर के ग्राउंड में 23वी अंतर वाहिनी पीएसी मध्य जोन वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, टेपक टकरा एवं योगा प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सेनानायक द्वितीय वाहिनी पीएसी संजय सिंह ने किया। फ्री प्रतियोगिता में पीएसी मध्य जोन की कुल 9 पीएसी वाहिनियों के करीब 280 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर सहायक सेनानायक महमूद अली, शिविर पाल विनोद, सूबेदार सैन्य सहायक अधीन सिंह तथा वाहिनी के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कंपनी कमांडर उमाशंकर धर दुबे तथा जिला व्यायाम शिक्षक सीतापुर राज शर्मा, शिव पाल बघेल, पंकज कनौजिया एवं प्रमोद दीक्षित ने निभाई। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल का प्रथम मैच 11 वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर एवं 30 वीं वाहिनी गोंडा के मध्य खेला गया, जिसमें 11 वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर विजेता रही। द्वितीय मैच 10 वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी एवं 25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली के मध्य खेला गया, जिसमें 25 वीं वाहिनी विजेता रही। तीसरा मैच 26 वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर एवं एसडीआरएफ के मध्य खेला गया जिसमें एसडीआरएफविजेता रही। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम मैच 10 वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी एवं 30 वीं वाहिनी पीएसी गोंडा के मध्य खेला गया जिसमें 10 वीं वाहिनी पीएसी ने 30 वीं वाहिनी पीएसी को 26-02 के भारी अंतर से पराजित किया, द्वितीय मैच 25 वी वाहिनी पीएसी रायबरेली एवं 35 वी वाहिनी पीएससी लखनऊ के मध्य खेला गया जिसमें 35 वी वाहिनी ने 25 वीं वाहिनी को 14-00 से पराजित किया।

## 472 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर बांटी गई नि:शुल्क दवाएं

संवाददाता। सीतापुर

**लहरपुर सीएचसी** के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर, ढखेरा, बिलरिया एवं खैरुल्लापुर में रविवार को स्वास्थ्य मेलों में भारी भीड़ उमड़ी। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच कर दवाइयां निशुल्क दी गयीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 472 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। इस आरोग्य मेले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में डॉक्टर राशिद अली, डॉक्टर दीपा गोस्वामी, राम आसरे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरिया में डॉ आदित्य प्रकाश सिंह, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढखेरा में डॉ आनंद एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरुल्लापुर में डॉक्टर दीपा गोस्वामी ने जांच कर मरीजों को दवाइयां वितरित की। इस मौके पर गोल्डन कार्ड भी बनाए गए।

## क्विक न्यूज

### भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया धूमधाम से मातृत्व दिवस

**बरेली।** भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष नीलम जेठा ने अपनी टीम की बहनों के साथ शक्ति एंक्लेव कॉलोनी में स्थित निकट रूहेलखंड गैस एजेंसी काशीराम वृद्धा आश्रम में जाकर कुछ फलाहार,बिस्कुट, मिष्ठान, वस्त्र और गर्मी को देखते हुए ओआरएस के पैकेट आदि देकर अपनी मां सरूप ऐसी वृद्ध माताओं के साथ समय बिताया जिनकी आंखें हमेशा अपनों को तलाशती रहती है, महिला मोर्चा की महामंत्री मंगलेश सक्सेना ने अपनी मां को याद कर आश्रम की वृद्ध माताओं को ही अपनी मां समझ कर उनके साथ दुख सुख को साझा कर कुछ समय साथ में बिताकर यादगार के रूप में वृद्ध बहनों को साड़ी सप्रेम भेंट की । अंत में प्रभारी प्रतिभा जोहरी, मंत्री सुधा सक्सेना, नीलम रस्तोगी, नंदा अग्रवाल,कार्यालय मंत्री प्रतिभा जोहरी ,प्रीता सक्सेना, शिवाली, मंडल अध्यक्ष सीमा अरोरा, रेनू मिश्रा, अंजू भारद्वाज, आदि महिला मोर्चा की सभी बहनों ने सेवार्थ हेतु वृद्ध माताओं के साथ कुछ समय बिता आशीर्वाद प्राप्त कर पुनः उनसे जल्दी ही मिलने की बात कह विदा ली।

### इंडो बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन ने किया ईद मिलन समारोह

**बरेली ।** इंडो बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन बरेली मण्डल का ईद मिलन समारोह का आयोजन निशार पहलवान के कार्यालय पर निकट शयामतगंज , पर हुआ। ईद मिलन समारोह का मुख्य उद्देश समाज के प्रीति सभी वर्गो को एक जुट करना और समाज में भाईचारा को कायम करना है।ईद मिलन समारोह का मुख्य आयोजन श्री निशार पहलवान ने किया ।ईद मिलन समारोह में अगामी बरेली मण्डल प्रतियोगिता दिनांक एवम स्थान पर चर्चा की गई और सभी समस्त प्ठ्ठ बरेली मण्डल के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। ईद मिलन समारोह में नदीम खान , पंकज अग्रवाल, निशार पहलवान, प्रवीण भारद्वाज, अनुराग शर्मा, रोहन भारद्वाज,आलम सिद्दीकी, अनमोल सक्सेना, नवाजिश खान, राहुल गुप्ता, हफीज खान सादाब बेग, आदिल रागवेंद्र यादव , रहमान आदि लोग, समस्त प्ठ्ठ बरेली मण्डल सदस्य एवम मीडिया कर्मी उपस्थित रहे ।

### तीन पूर्व घर से निकले नशेड़ी युवक की लाश मिली

**बरेली।** तीन दिन पूर्व घरवालों से झगड़ा करने के बाद बाहर गए नशेड़ी युवक की लाश आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर सड़क किनारे पाई गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।प्रेम नगर थाना क्षेत्र के पटेल नगर निवासी 35 वर्षीय सुधांशु पुत्र रमेश कुमार सिंह की लाश आज सुबह इज्जत नगर थाना क्षेत्र में डेलापीर के पास सड़क किनारे पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सुधांशु मूल रूप से मोहम्मदी जिले के लखीमपुर खीरी का रहने वाला था लेकिन लगभग 10 सालों के साथ परिवार के साथ ही पटेल नगर में रह रहा था वह शराब और नशे का आदी था वह अक्सर घरवालों से झगड़ा करने के बाद बाहर चला जाता था और वापस लौटता था तीन दिन पूर्व भी वह झगड़ा करके घर से बाहर गया था लेकिन वापस नहीं लौटा और आज सुबह लोगों ने उसकी लाश को डेलापीर पर सड़क के किनारे देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के घर वालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक दो भाई-बहन थे उसकी मां का नाम कुसुम सिंह है।

### अज्ञात युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**संडीला(हरदोई)।** एक अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक पर खंभा सं0 1123/18, 1123/20 के बीच लगभग 35 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली हालांकि मृतक के पास कोई ऐसा कागज इत्यादि नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। मृतक एक अंगूठी पहने है जिसपर राजेश लिखा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे मोर्चरी में रखवा दिया है।

### महंत बजरंग मुनि के संगठन में आने से मजबूत होगा संगठन-विकास

**सीतापुर।** बड़ी संगत खैराबाद के महंत बजरंग मुनि ने राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना की सदस्यता राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिन्दू के समक्ष ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने बताया कि महंत के संगठन में आने से संगठन और मजबूत होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महंत बजरंग मुनि को राष्ट्रीय संरक्षक के पद पर नियुक्ति किया है। महंत बजरंगी मुनि ने कहा कि वह हिंदुत्व की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे। हर तरीके से राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के साथ हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भगवान शरण हिंदू, सरोज त्रिपाठी, दीपक बाजपेई, सनी हिंदू, नीलम राजपूत, शालिनी राजपूत, पूनम आदि मौजूद थी।

### विश्व हिन्दू महासंघ मनायेगा 5 से 11 जून तक सीएम योगी का 51वां जन्मदिन

**सीतापुर।** विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के तत्वधान में सीएम योगी के जन्मोत्सव पर प्रदेश व्यापी भव्य कार्यक्रम नैमिषारण्य में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापती ने कहा कि महासंघ अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरख पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ का 51 वां जन्मोत्सव विविध कार्यक्रमों द्वारा 5 जून से 11 जून तक मनाएगा। हर कार्यकर्ता 51 दीप जलाकर उनके ज्योतिर्गमय जीवन की कामना करेगा, जन्मोत्सव के साप्ताहिक कार्यक्रम में दीपोत्सव यज्ञ, हवन, पूजा पाठ, शोभायात्रा, केसरिया ध्वज, वृक्षारोपण, गोसेवा, दीन दुखियों की मदद जैसे कार्यों की अतिरिक्त सभी जिला इकाइयां हिंदुत्व राष्ट्रीयता का पर्याय हैं विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित करेंगी। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश यादव, जिला प्रभारी अजय कुमार विश्वकर्मा युवा जिलाध्यक्ष अनुराग मिश्रा, राज किशोर विश्वकर्मा, संजय शुक्ला, जयशंकर केसरी, आलोक शुक्ला, राजेश मिश्रा, सत्य प्रकाश कटियार, संजय मिश्रा, अभिषेक मिश्रा आदि मौजूद थे।

### रोटी गाय के नाम से कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**सीतापुर।** मातृ दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना एवं काष्ठा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों से रोटी गाय के नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू एवं काष्ठा फाउंडेशन की चेयरमैन भावना हिन्दू द्वारा झंडा लहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिन्दू व जिलाध्यक्ष भगवान् सरन हिन्दू ने कहा कि हमारा वाहन प्रत्येक दिन सुबह घर-घर जाकर गौ माता के लिए एक रोटी मांगेगा। इसके बाद सड़को पर घूम रही भूखी गौ माता को हम भोजन उपलब्ध करवाएंगे। इस अवसर पर अभिषेक हिन्दू, संजीव हिन्दू, सरोज हिंदू, योशिता हिंदू, कमलनयन आर्य, दीपक हिन्दू, शरण हिंदू आदि मौजूद थे।

### 11 मई को वितरित होंगे छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन

**सीतापुर।** आरएमपी स्नाकोत्तर महाविद्यालय सीतापुर के प्राचार्य रजनीकांत श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के तकनीकी सशक्तीकरण के लिए टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण की योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत आरएमपी कॉलेज में 11 मई को छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे। पूर्वान्ह 11 बजे से एमए द्वितीय वर्ष राजनीति विज्ञान व हिंदी, बीएएस तथा बीए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण किया जाना है। प्राचार्य ने बताया इन कक्षाओं के छात्र-छात्राएं अपने परिचय पत्र, फीस रसीद एवं आधार कार्ड के साथ 11 मई को प्रातः आठ बजे महाविद्यालय में पहुंच जाएं।

### चोरों ने पांच घरों को बनाया निशाना

**सीतापुर।** सिधौली कोतवाली इलाके में बेखौफचोरों ने एक ही रात में पांच घरों को निशाना बनाते हुए हजारों की नगदी समेत लाखों की संपति पार कर दी। सिधौली नगर से सटे अलादादपुर गांव में चोरों ने प्रभाकर भार्गव पुत्र भुल्लू राम के घर में धावा बोलकर लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर लगभग 34 हजार की चोरी कर ली। नगर के मोहल्ला नरोत्तम नगर दक्षिणी में कमलेश पुत्र माखनलाल के घर 700 की नगदी व जेवरात पड़ोसी चंद्रपाल पुत्र मथुरा प्रसाद के घर से दो हजार की नगदी व जेवरात, मालती रावत पत्नी महेंद्र के घर से जेवरात तथा महावीर प्रसाद पुत्र गंगूराम के घर से 20 हजार की नगदी पर हाथ साफकर दिया। महावीर प्रसाद के घर में ही किराए पर रहने वाले रजनीश के कमरे से 21 हजार की नगदी व जेवरात बटोर ले गए। सभी पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद में चले लाठी-डण्डे

**सीतापुर।** रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के बंगालीपुरवा मजरा कनरखी निवासी शिवशंकर भारती व लाखिया देवी में दो दिन पूर्व पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। कहासुनी इतनी बढ़ी की लाठी डंडे भी चल गए। जिसमे क्षेत्रीय पुलिस ने शिवशंकर भारती के प्रार्थना पत्र के आधार पर लाखिया के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। इस पर पीड़ित लखिया द्वारा मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया। लखिया का आरोप है कि मारपीट के दौरान विपक्षी ने अवैध असलहे से फायर भी किया था। गोली उसकी पीठ पर लगी। थानाध्यक्ष रामपुर मथुरा को पूरी बात बताई लेकिन कार्रवाई एक पक्षीय कर दी गई। सीएम से शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई और पीड़ित लाखिया को डॉक्टरी परीक्षण के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला हॉस्पिटल रेफर कर दिया। रामपुर मथुरा एसएचओ जितेंद्र ओझा ने बताया कि दोनों पक्षो की तरफसे मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद ने गोलीकांड की घटना फर्जी बताई है।

### कान्हा गौशाला में लगेंगे चार कूलर और 14 पंखे

**सीतापुर।** शहर की कान्हा गौशाला में आश्रय पा रहे गोवंशों को अब तपती धूप में तड़पना नहीं पड़ेगा। उन्हें राहत पहुंचाने के लिए गौशाला में चार कूलर और 14 पंखे लगाए जाएंगे। पंखे लगाने का काम तेजी से किया जा रहा है। नगर पालिका के ईओ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि मौजूदा समय गौशाला में 350 गोवंश आश्रय पा रहे हैं। कूलर-पंखे लगाने के अलावा आयरन राड लगाकर नर और मादा को अलग-अलग रखने की तैयारी भी की जा रही है ताकि गोवंश आपस में लड़ाई न कर सके।

### ज्येष्ठ मास की शुरूआत 17 से

**सीतापुर।** इस बार ज्येष्ठ माह की शुरुआत मंगलवार से हो रही है। ज्येतिषाचार्य पंडित संदीप शुक्ल ने बताया कि 17 मई से ज्येष्ठ मास की शुरुआत हो रही है। उसी दिन मंगलवार होने से बड़ा मंगल भी शुरू होगा। इस बार ज्येष्ठ माह में पांच बड़े मंगल पड़ेंगे। 17 मई, 24 मई, 31 मई, सात जून और 14 जून को मंगल पड़ेगा। जबकि 15 जून से आषाढ़ मास की शुरुआत हो जाएगी।

## वादों का हो शीघ्र निस्तारण: मंडलायुक्त

**संडीला( हरदोई )।** मण्डलायुक्त लखनऊ मण्डल ने तहसील संडीला का औचन निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि वादों का समयबद्ध और स्वरित निस्तारण किया जाए ताकि वादकारियों को राहत मिल सके। मण्डलायुक्त लखनऊ मण्डल रंजन कुमार आईएएस ने तहसील की औचक निरीक्षण करते हुए सबसे पहले तहसील परिसर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और उस पर संतुष्ट भी दिखाई दिए लेकिन बाथरूम की सफाई की स्थिति ठीक ना होने पर उन्होंनें नाराजगा व्यक्त की और इसे तत्काल ठीक कराने के कड़े निर्देश एसडीएम देवेन्द्र पाल सिंह तथा तहसीलदा अंबिका चौधरी को दिए। संगृह अनुभाग की सफाई व्यवस्था भी उन्हें नहीं जची। इसके बाद मण्डल आयुक्त ने एसडीएम न्यायालय तथा तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण किया। वादों की समीक्षा के दौरान लंबे समय से चले आ रहे वादों के अभी तक निस्तारित ना होने



तहसील का निरीक्षण करते मण्डलायुक्त

पर उन्होंनें कहा कि यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है और इसमें तत्काल सुधार की आवश्यक्ता है। उन्होंनें दोनों अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस संबंध में अधिवक्ताओं से वार्ता करें और इन वादों का शीघ्र निस्तारण कराएं। उन्होंनें यह भी निर्देश दिया कि वादों में अनावश्यक एडजर्नमेंट ना दिए जाएं। इसके बाद उन्होंनें कर्मचारियों से संबंधित पत्रावलियों जैसे सेवा पुस्तिका एवं भविष्य निधि पासबुक का निरीक्षण किया जिनमें यह प्रकाश में आया कि कई कर्मचारियों की सर्विस बुक और जीपीएफ पासबुक अधूरी हैं। उन्होंनें इन्हें पूर्ण करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। तहसील के अधिकारियों और कर्मचारियों को उन्होंनें यह निर्देश भी दिए कि तहसील आने वाले किसानों तथा आम जन के साथ ना केवल मधुर एवं सौम्य व्यवहार किया जाए बल्कि उनके कार्यों को भी तत्परता के साथ किया जाए। मीडिया कर्मियों से उन्होंनें कहा कि तहसील की कार्यप्रणाली कुल मिलाकर ठीक है और एसडीएम देवेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में तहसील सही तरह से अपना कार्य कर रही है।

## कायस्थ महासभा का अभिनंदन समारोह सम्पन्न




**लखीमपुर-खीरी।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा लखीमपुर के तत्वावधान में शहर के एक होटल में सदर विधायक योगेश वर्मा का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सक्सेना ने की व मुख्य अतिथि के रूप में लखीमपुर सदर विधायक योगेश वर्मा मौजूद रहे। मंच का संचालन डा. नमिता श्रीवास्तव ने किया।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के इस अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए आयोजकों का धन्यवाद देते हुए मुख्यातिथि क्षेत्रीय विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि युवाओं और जनमानस के सहयोग से यह प्रचंड जीत मिली है। यह जीत कार्यकर्ताओं व आप लोगो की है। मैं भाजपा कार्यकर्ता पहले हूँ। हम सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के नारे के साथ हम विकास के पथ पर उत्तरोत्तर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेत्री डा. ईरा श्रीवास्तव की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनकी नेतृत्व क्षमता, बेदाग छवि, सरल, सुलभ स्वभाव की बदौलत ही आज वो लोगों के बीच लोकप्रिय हैं।

इससे पूर्व डा. अजय आगा ने विधायक श्री वर्मा की विजय पर गौरवांवित होते हुए उनके हर सोपान पर सफलता की कामना की। महासभा संरक्षक डा. यदुलेश मुरारी सक्सेना ने कायस्थ समाज के गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए वर्तमान दशा पर फिक्र की। डा. यदुलेश ने कायस्थ समाज के उत्थान के लिए आरक्षण की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने कायस्थ समाज के राजनीति में भागीदारी पर भी बल दिया। अभाकाम संरक्षक, पूर्व चेयरमैन डा. ईरा श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की राह पर चल पड़ा है।

डा. ईरा ने सदर विधायक को दोबारा प्रचंड जीत पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने भाजपा की तरफ से उपस्थित कायस्थ जनों को भी धन्यवाद दिया। इस अभिनंदन कार्यक्रम का आगाज युवा कवि कुलदीप समर की ओजस्वी कविताओं से हुआ। कार्यक्रम के बीच मे बाल प्रतिभाओं की सुरमई प्रस्तुति व थिरकते कदमों ने समारोह का समा बांध दिया। शालिनी श्रीवास्तव की गणेश वंदना ने माहौल को भक्तिमय कर दिया।

समारोह की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त की स्तुतिए वंदना व चित्रगुप्तमयी गीत से हुई। प्रकृति संरक्षण हेतु उत्कृष्ट कार्य कर रहे मुकेश रायजादा को मुख्यातिथि विधायक श्री योगेश वर्मा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर महासभा महिला जिलाध्यक्ष मंजुला बरतरिया, कपिल श्रीवास्तव, सौरभ सिन्हा, अमित श्रीवास्तव जुग्गी, धीरज श्रीवास्तव, अंशुमान श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, अचल श्रीवास्तव, शौर्य सक्सेना, आशीष प्रताप श्रीवास्तव, नीरज सक्सेना, उत्कर्ष श्रीवास्तव, विकास अस्थाना, राहुल माथुर, इंजी. विनय कुमार श्रीवास्तव, बाल प्रतिभा आमोद व श्रेयांश समेत कई दर्जन कायस्थ उपस्थित रहे।

## देवरी लोकल टूरिस्ट स्पॉट का डीएम ने किया भव्य लोकार्पण

**लखीमपुर-खीरी।** बेहजम ब्लाक के देवरी गांव में तालाब के सौंदर्यीकरण, नौका विहार की सुविधाओं से युक्त खूबसूरत लोकल टूरिस्ट स्पॉट का डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने लोकार्पण किया। शनिवार देर शाम डीएम ने अपने परिवार व अफसरों के साथ देवरी पहुंचकर यह टूरिस्ट स्पॉट को ग्रामीणों को समर्पित किया। साथ ही कहा कि अब इस खूबसूरत टूरिस्ट स्टार्ट की देख देख और रखरखाव की जिम्मेदारी आप सबकी है। सतरंगी गुब्बारों से सजे धजे इस पिकनिक स्पॉट का डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और उनकी धर्मपत्नी जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती अल्पना सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर इसका शुभारंभ किया। डीएम की दोनों पुत्रियों ने फीता काटकर इसे ग्रामीणों को समर्पित किया। डीएम ने परिसर में औषधीय, फलदार, छायादार पौधे भी रोपित किए। डीएम ने परिवार के साथ करीब 15 मिनट तक नौका विहार का आनंद भी लिया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि देवरी के लिए यह बहुत ही उत्साह का दिन है कि आज देवरी को एक लोकल टूरिस्ट स्पॉट की सौगात मिली हैए जिसमें वह नौका विहार का भी आनंद लेगे। यह चारों तरफ सतरंगी रोशनी से सुसज्जित है। डीएम ने इस कार्य को पूर्ण करने वाले अफसरों को शुक्रिया कहा। उन्होंने मौजूद ग्रामीणों से कहा कि इसे स्वच्छ व सुंदर बनाए रखनाए सबकी समेकित जिम्मेदारी है। देवरी गांव में नौका विहार लोगो को अद्भुत आनंद देगा। स्वच्छ लखीमपुर खीरी सुंदर लखीमपुर खीरी के अभियान में ग्राम प्रधान केशव रामए सचिव रमेश कुमार ने भी बड़ी भूमिका अदा करके रिजल्ट ओरिएंटेड काम किया है जो काबिले तारीफ है। अन्य प्रधानों को भी इससे प्रेरणा लेकर अपने तालाबों को विकसित करने का संकल्प लेना चाहिएए जो स्वच्छ एवं सुंदर लखीमपुर अभियान में अहम किरदार बनेगा। इस मौके पर बीडीओ बेहजम शिखर श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान केशव राम, सचिव रमेश कुमार, पूर्व प्रधान जय हिंदर सिंह समेत अन्य अफसर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### जेट एयरवेज...

के लिए एक व्यापारी के रूप में काम किया। 2003 में, उन्होंने कोलकाता स्थित कनोई पेपर एंड इंडस्ट्रीज का अधिग्रहण किया, जिसका बाद में नाम बदलकर एगियो पेपर कर दिया गया। जालान ने बाद में दुबई में एक अस्पताल व्यवसाय शुरू किया और डॉ. नरेश त्रेहन के साथ जुड़े। वे रियल एस्टेट कारोबार के लिए एमजे डेवलपर्स फर्म की स्थापना की थी। वह सोनी और पैनासोनिक और बाबा रामदेव के पतंजलि आयुर्वेद के साथ रणनीतिक गठबंधन में भी थे। जालान का पार्टनर कालरॉक एक ब्रिटिश प्राइवेट इक्विटी फंड है।

### इंडिगो ने...

रहा है और वह उचित कार्वाई करेगा। घटना के बारे में पूछे जाने पर, इंडिगो ने कहा, यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए, एक दिव्यांग बच्चा 7 मई को अपने परिवार के साथ उड़ान में सवार नहीं हो सका क्योंकि वह घबराया हुआ था। उसने कहा कि कर्मचारियों ने आखिरी समय तक उसके शांत होने का इंतजार किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उसने कहा कि एयरलाइन ने उन्हें होटल में ठहरने की सुविधा दी और उन्होंने अगली सुबह अपने गंतव्य के लिए उड़ान भरी। एंडिगो ने कहा, हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है। इंडिगो एक समावेशी संगठन होने पर गर्व करता है, चाहे वह कर्मचारियों के लिए हो या उसके ग्राहकों के लिए और 75,000 से अधिक दिव्यांग यात्री हर महीने इंडिगो के साथ उड़ान भरते हैं।

### दिल्ली-महाराष्ट्र...

69,245 लोग केरल, 40,103 लोग कर्नाटक, 38,025 लोग तमिलनाडु, 26,179 लोग दिल्ली, 23,509 लोग उत्तर प्रदेश और 21,203 लोग पश्चिम बंगाल के थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोरोना वायरस संक्रमण से अब तक जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

### हिमाचल विधानसभा...

गेट पर खालिस्तान के झंडे लटकाए जाने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग की है। सिंह ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व ऐसे कृत्यों के जरिए देश में शांति और भाईचारे के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। अमरिंदर सिंह ने ट्वीट किया, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के गेट पर खालिस्तान के झंडे लगाने के कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। यह हाशिए पर खड़े उन असामाजिक तत्वों का कृत्य है जो हमारे देश की शांति और भाईचारे को भंग करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय से इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने का आग्रह करता हूं। आम आदमी पार्टी (आप) ने इस घटना को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर विफल रहने का आरोप लगाया। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, पूरी भाजपा एक गुंडे को बचाने में लगी है और उधर खालिस्तानी झंडे लगाकर चले गए। जो सरकार विधानसभा ना बचा पाए, वो जनता को कैसे बचाएगी। ए हिमाचल की आबरू का मामला है, देश की सुरक्षा का मामला है। भाजपा सरकार पूरी तरह विफल हो गई है। स्थानीय विधायक विशाल नेहरिया ने इस घटना को घिनौना और रात के अंधेरे में किया गया कायरतापूर्ण कृत्य करार दिया। विधायक ने कहा, हम हिमाचल प्रदेश के लोग और सभी भारतीय तथाकथित खालिस्तान के समर्थकों की किसी भी धमकी से नहीं डरते। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुधीर शर्मा ने भी इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा, धर्मशाला विधानसभा के प्रवेश द्वार पर खालिस्तान के झंडे व दीवारों पर नारे लिखे जाना जहां दुर्भाग्यपूर्ण है, वहीं उस जगह पर सीसीटीवी का काम न करना और न ही सुरक्षाकर्मियों का होना प्रशासन तथा सुरक्षा एजेंसियों पर भी सवालिया निशान लगाता है। हाल ही में पंजाब और हिमाचल में इस तरह का वातावरण बनाने की जो कोशिश की गई है वह चिंता का विषय है। देश की अखंडता के लिए हम हिमाचलवासी अपनी जान तक दे देंगे पर ऐसी ताकतों को पनपने नहीं देंगे। जय हिंद।

### गंभीर चक्रवाती...

गया है। भुवनेश्वर मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने कहा, चक्रवात के प्रभाव में मंगलवार शाम से तटीय जिलों में बारिश संबंधित गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। मंगलवार को ओडिशा के गजपति, गंजम और पुरी के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। बुधवार को गंजम, खुर्दा, पुरी, जगतसिंहपुर और कटक में भारी बारिश हो सकती है। बृहस्पतिवार को पुरी, जगतसिंहपुर, कटक, केंद्रपाड़ा, भद्रक और बालासोर में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि चक्रवात के मंगलवार से शुक्रवार तक गंगीय पश्चिम बंगाल में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, साथ ही कोलकाता के तटीय जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। कोलकाता के महापौर फिरहाद हाकिम ने कहा, मौसम विभाग की भविष्यवाणी के बाद आपदा प्रबंधन दलों को सतर्क कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मई 2020 में अम्फान चक्रवात के विनाशकारी प्रभावों से सबक लेते हुए, नगर निगम प्रशासन गिरे हुए पेड़ों और अन्य मलबे के कारण होने वाली रुकावटों को दूर करने के लिए क्रेन, विद्युत आरी और बुल्डोजर (अर्थमूवर) को सतर्क रखने जैसे सभी उपाय कर रहा है। कोलकाता सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि पूर्व मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना के प्रशासन सूखे भोजन और आवश्यक दवाओं की व्यवस्था के अलावा, निकासी की जरूरत होने पर चक्रवात आश्रयों, स्कूलों और अन्य पक्के ढांचे को तैयार कर रहे हैं। मौसम विभाग ने मछुआरों को सलाह दी है कि वे मंगलवार से अगली सूचना तक समुद्र और पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटों पर न जाएं।

### दूरसंचार विभाग...

लाइसेंसधारकों और संयुक्त लाइसेंस अथवा एकल लाइसेंसधारकों से अब अंतरिक्ष खंड का उपयोग करने के बदले में कोई एनओसीसी शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह आदेश एक अप्रैल, 2022 से प्रभावी माना जाएगा। सैटेलाइट उद्योग की संस्था आईएसपीए के महानिदेशक ए के भट्ट ने कहा, यह प्रगतिशील नीतिगत कदम सही दिशा में है और यह डिजिटल संचार की वृद्धि को समर्थन देने की सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह क्षेत्र में सुधारात्मक उपायों की शुरुआत करने वाला कदम होगा।

### कांग्रेस के...

बावजूद सूची में नहीं हैं, युवा नेताओं का मानना है कि कम से कम 50 फीसदी प्रतिभागियों को सिस्टम के बाहर से नया होना चाहिए था। एक अन्य वरिष्ठ नेता, जो अब चार दशकों से पार्टी के कार्यकर्ता हैं, ने इस तथ्य पर खेद व्यक्त किया कि उन्हें ऐसी किसी भी पार्टी की सभा में शामिल होने का अवसर कभी नहीं मिला। उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण नेतृत्व संकट को छोड़कर विभिन्न मुद्दों पर समितियों का एक समूह बनाने के लिए पार्टी पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि ऐसा कौन करेगा और कब और कहाँ ऐसा अवसर आएगा।

## दो पीएचसी पर देखे गए 97 मरीज

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**मुख्यमंत्री** जन आरोग्य मेले की जमीनी हकीकत जानने के लिए एसीएमओ डा.अनिल कुमार गुप्ता ने पसगवां सीएससी के अंतर्गत पीएचसी बरबर व पीएचसी औरंगाबाद का निरीक्षण किया। दोनों जगह मेले में करीब 97 मरीज देख गए। जिन्हें आवश्यकता अनुसार दवाइयां दी गई और वहीं जाचें कराई गई। दोनों ही पीएचसी पर बने डिलीवरी प्वाइंट पर साल में 308 डिलीवरी कराई गई। इस दौरान पीएचसी प्रभारी डा.अश्वनी कुमार मौजूद रहे। एसीएमओ डा.अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों को संपन्न कराने के लिए सीएमओ डा.शैलेंद्र भटनागर के निर्देश पर उनके द्वारा पीएचसी बरबर और पीएचसी औरंगाबाद का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान पीएचसी बरबर में 58 मरीज देखे गए थे। वहीं पीएचसी औरंगाबाद में 39 मरीज देखे गए थे। पीएचपी औरंगाबाद में स्टाफ नर्स उर्वशी और विमलेश्वरी सहित वार्ड बॉय रितेश अनुपस्थित पाए गएए जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं पिछले माह में सीएचसी पर 14 डिलीवरी कराई गई थीं और साल में 235 डिलीवरी कराई गई हैं। पानी सप्लाई के लिए मोटर खराब था जिससे टंकियों में पानी नहीं आ रहा था। दरवाजे और खिड़कियां सही कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह पीएचसी बरबर में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बाउंड्री वाल टूटी है, पुराने आवास कंडम कराकर नीलामी करने के निर्देश दिए गए।

# शिक्षा व स्वास्थ्य में स्टार्ट-अप लाभदायक : कोविंद

**भाषा।** नागपुर



**राष्ट्रपति रामनाथ** कोविंद ने रविवार को कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों यूनिकॉर्न और स्टार्ट-अप का प्रवेश देश के लिए बड़े बदलाव वाला साबित हो सकता है। कोविंद ने रविवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) नागपुर के स्थाई परिसर का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। आईआईएम नागपुर की स्थापना 2015 में की गई थी। राष्ट्रपति ने कहा कि एक शिक्षण संस्थान केवल सीखने का ही स्थान नहीं होता बल्कि यह हम सभी को भीतरी और छिपी हुई प्रतिभाओं को और संवारने का काम करता है।

उन्होंने कहा, शिक्षण संस्थान वह जगह है जो हम में से प्रत्येक में आंतरिक और कभी-कभी छिपी हुई प्रतिभा को भी निखारने का काम करते हैं। पाठ्यक्रम हमें अपने भीतर आत्मनिरीक्षण करने, महत्वाकांक्षा रखने और अपने सपनों को पूरा करने का अवसर देता है। राष्ट्रपति ने कहा, हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहां नवाचार और उद्यमिता की सराहना की जाती है और उसे प्रोत्साहित किया जाता है। विभिन्न यूनिकॉर्न या स्टार्ट-अप की कहानियों ने नया इतिहास रचा है। इसने नए रास्ते खोले हैं क्योंकि व्यावसायिक उद्यमों के अंतर्गत कई नए क्षेत्र आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्रियों के वितरण से लेकर कई अन्य चीजें पहुंचाने और ले जाने तक, ऐसी सभी सेवाएं स्टार्ट-अप और ऐप-आधारित प्लेटफॉर्म द्वारा प्रदान की जाती हैं। कोविंद ने कहा,शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्र भी इन नए उद्यमों का हिस्सा बन गए हैं। इस तरह के प्रयास हमारे देश के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं। यह हमारे देश के लोगों के लिए नौकरी प्रदाता और राजस्व अर्जित करने का जरिया बन सकते हैं। कोविंद ने यह भी कहा कि नवाचार और उद्यमिता दोनों में न केवल प्रौद्योगिकी के माध्यम से लोगों के जीवन को बेहतर और आसान बनाने की क्षमता है, बल्कि यह कई लोगों को रोजगार के अवसर भी प्रदान कर सकते हैं।राष्ट्रपति ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनसे कहा कि वे एक दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया में रहते हैं और जल्द ही पेशेवरों के रूप में दुनिया की सैर करने वाले बनेंगे।राष्ट्रपति ने छात्रों से अपील करते हुए कहा, हालांकि, इस प्रयास में हमारे देश की मूल भावना और नैतिकता को कभी मत भूलना। आप दुनिया भर में भारतीय संस्कृति और ज्ञान के दूत होंगे और आपका प्रदर्शन पूरे देश के लिए मानक साबित होगा। उन्होंने आईआईएम नागपुर के उद्यमिता विकास संस्था की सराहना भी की जिसने सफलतापूर्वक महिला उद्यमियों को स्नातक करने में सक्षम बनाया है और उनमें से छह ने अपने उद्यम भी शुरू किए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री सुभाष देसाई, राज्य के ऊर्जा मंत्री नितिन राउत और राज्य के पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे।

# महिला सशक्तीकरण के लिए मदरसों में कलाकारी

● मुंबई की कलाकार ने मिसाल कश्मीर अभियान शुरू किया

**भाषा।** श्रीनगर

**मदरसों में** बच्चों के हाथों में कूची और रंग पकड़ाकर उनकी रचनात्मक ऊर्जा को आकार देने तथा महिलाओं को स्व-रोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिहाज से मुंबई में रहने वाली स्थल नागी ने मिसाल कश्मीर नाम का एक कार्यक्रम शुरू किया है। जम्मू में सेना से जुड़े एक परिवार में जन्मी और स्लेड स्कूल ऑफ फाइन आर्ट, लंदन से स्नातक नागी का मानना है कि रंग खासतौर पर बच्चों के लिए चमत्कार कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें अपनी कूची से अंधेरे को हटाकर नया सवेरा और मुस्कराहट लानी चाहिए। वह अपनी टीम के साथ वातलाब, संग्रामा, हंडवारा, लांगेट जैसे सुदूर इलाकों और पुलवामा के ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर रही हैं और बच्चों को कलाकारी के गुर सिखाने के साथ ही महिलाओं को खुद के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने की सलाह दे रही हैं।

नागी अब तक 800 भित्तिचित्र (म्यूरल) बना चुकी हैं और उनकी 150 से अधिक प्रदर्शनी लग चुकी हैं। वह कश्मीर के नौजवानों पर ध्यान केंद्रित कर काम कर रही हैं और मानती हैं कि युवाओं को विकास तथा सकारात्मकता की सोच के साथ अपना जीवन जीना होगा और जब उन्हें महसूस हो कि नेता लोग नकारात्मक रास्ते पर ले जा रहे हैं तो उनकी बात का अनुसरण बंद करना होगा। उन्होंने कहा, डर का सामना कर और संदेह की स्थिति से उबरकर प्रसन्नता की ओर बढ़ा जाता है। प्रगति बहुत मेहनत से होती है और तभी हो सकती है जब उद्देश्य पवित्र हो। उत्तर कश्मीर के वातलाब में मिसाल कश्मीर का केंद्र चलाने वाली निगहत रमजान ने कहा कि जिले भर की महिलाएं कढ़ाई और सिलाई सीखने केंद्र पर आ रही हैं। उन्होंने कहा, यह केवल वातलाब तक सीमित नहीं है। दूरदराज के इलाकों से लड़कियां आकर सिलाई का काम सीख रही हैं। कई बार हम उन्हें काम देते हैं और कई बार उन्हें बाहर भी काम मिल जाता है। महीने के आखिर में उनके भीतर आर्थिक आजादी की भावना आती है जो जरूरी है। पिछले साल मार्च में अपनी यात्रा शुरू करने वाली नागी ने कहा, न तो मुझे अचानक से चमत्कार होने की उम्मीद रहती है और ना ही मैं रातोंरात बदलाव में भरोसा करती हूं। यह धीरे-धीरे आता है। मुझे कश्मीर में अपार संभावनाएं दिखाई देती हैं। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा और उत्तर कश्मीर के हंडवारा में मदरसों के अपने दौरे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह अचानक से हुआ। उन्होंने बताया, मैं लड़कियों के ऐसे एक मदरसे में गई तो मैं उन्हें रंगों के साथ खुश देखकर अभिभूत हो गई।

# झारखंड की आईएएस अधिकारी, उनके पति के खाते में थी बड़ी रकम, सीए को स्थानांतरित किया धन : ईडी

**भाषा।** रांची



**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने कहा है कि झारखंड की खनन सचिव पूजा सिंघल और उनके पति को उनके बैंक खातों में वेतन के अतिरिक्त 1.43 करोड़ रुपए की भारी मात्रा में नकद राशि मिली थी। ईडी के अनुसार अनियमितता के आरोपों का सामना कर रहीं सिंघल को राज्य के विभिन्न जिलों की जिलाधिकारी के रूप में तैनाती के दौरान यह रकम मिली। ईडी ने रांची में धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत को यह भी बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी सिंघल ने कथित तौर पर अपने निजी खाते से 16.57 लाख रुपए अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) सुमन कुमार के नियंत्रण वाले खाते में स्थानांतरित किए। कुमार को शनिवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) के धन के कथित धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार किया गया। कुमार को ईडी ने रांची से गिरफ्तार किया। इससे पहले एजेंसी ने कुमार, सिंघल, उनके व्यवसाई पति अभिषेक झा और अन्य के खिलाफ छह मई को कई शहरों में छापेमारी की थी। विशेष अदालत ने उन्हें 11 मई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी झा से पूछताछ कर रही है।

ईडी ने कहा कि उसने चार्टर्ड अकाउंटेंट के आवासीय और कार्यालय परिसर से 17.79 करोड़ रुपए से अधिक नकदी जब्त की है। अधिकारियों ने नकदी की गिनती के लिए मशीन की भी सहायता ली और इस कवायद की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए थे। एजेंसी के अनुसार, इन छापों के बाद कुल 19.31 करोड़ रुपए की नकदी जब्त हुई है और जब्ती रांची के एक अन्य स्थान से भी की जा रही है। कुमार की हिरासत का अनुरोध करते हुए एजेंसी ने अदालत से कहा कि सीए उनके घर से जब्त की गई नकदी के स्रोत के बारे में जानकारी दबा रहा था और नकदी के वास्तविक मालिक का खुलासा नहीं कर रहा था। एजेंसी ने आरोप लगाया कि 2000 बैच की आईएएस अधिकारी सिंघल ने 2007-2013 के दौरान तीन जिलों के जिलाधीश के रूप में काम करते हुए अपने बैंक खातों में नकद जमा किए गए धन का इस्तेमाल जीवन बीमा योजनाओं की खरीद में किया। ईडी की जांच धन शोधन के एक मामले से संबंधित है जिसमें झारखंड सरकार के एक पूर्व कनिष्ठ अभियंता राम बिनोद प्रसाद सिन्हा को एजेंसी ने 17 जून, 2020 को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया था। सिन्हा के खिलाफ राज्य सतर्कता ब्यूरो की प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद 2012 में एजेंसी ने उनके खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया था। सिन्हा पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की आपराधिक धाराओं के तहत धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार से संबंधित आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। सिन्हा ने ईडी को बताया कि उन्होंने जिला प्रशासन को पांच प्रतिशत कमीशन का भुगतान किया। ईडी ने कहा है कि सिंघल के खिलाफ अनियमितताओं के विभिन्न आरोप लगाए गए, जब उन्होंने 2007-2013 के बीच चतरा, खूंटी और पलामू की उपायुक्ताजिलाधिकारी के रूप में कार्य किया था।

# पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर वापस लेना जल्द हकीकत बनेगा : विहिप नेता

**जम्मू।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र जैन ने रविवार को यहां कहा कि संविधान का अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन गया है और पाकिस्तान एवं चीन के अवैध कब्जे वाले जम्मू कश्मीर को वापस लेना जल्द ही हकीकत बनेगा। विहिप के केंद्रीय संयुक्त महासचिव जैन यहां 22 अक्टूबर 1947 को पाकिस्तानी हमले में मारे गए लोगों को सामूहिक श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समर्थित जम्मू-कश्मीर पीपुल्स फोरम की ओर से आयोजित पुण्य भूमि स्मरण सभा रैली में बोल रहे थे। इस रैली में शामिल होने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने शहर के विभिन्न हिस्सों से तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। इस रैली में पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के विस्थापित लोगों ने भी हिस्सा लिया, जो राज्य से और राज्य के बाहर से आए थे।

# सुबह पांच बजे मंदिरों में हनुमान चालीसा या भक्ति गीत बजाए जाएंगे : मुतालिक

**भाषा।** मांड्या (कर्नाटक)

**श्रीराम सेना** के प्रमुख प्रमोद मुतालिक ने रविवार को कहा कि कर्नाटक के करीब एक हजार मंदिरों में नौ मई से सुबह पांच बजे हनुमान चालीसा सुप्रभाताओं का राभक्ति गीत बजाए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर के खिलाफ कार्रवाई करने में असफल रही है। मुतालिक ने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और गृहमंत्री अरगा ज्ञानेंद्र को साहस दिखाने की चुनौती दी, जैसा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धार्मिक स्थलों पर लगे अनधिकृत लाउडस्पीकर के खिलाफ कार्वाई कर दिखाया है।

मुतालिक ने कहा, पूरे कर्नाटक में हमने एक हजार से अधिक मंदिरों से संपर्क किया है। मंदिरों के पुजारी, धर्माधिकारी और प्रबंधन समिति कल सुबह पांच बजे हनुमान चालीसा, सुप्रभात, ओंकार या भक्ति गीत बजाने पर सहमत हुए हैं। बातचीत में उन्होंने कहा, सरकार के खिलाफ आक्रोश है, क्योंकि वह उन लोगों के खिलाफ कार्वाई नहीं कर रही है, जो लाउडस्पीकर के संदर्भ में अदालत के आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं। मुतालिक ने कुछ मुस्लिमों पर इस मुद्दे को लेकर हठ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम कल से अपना विरोध-प्रदर्शन शुरू करेंगे। मुतालिक ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह पुलिस के जरिए मंदिर समितियों को धमका कर श्रीराम सेना के विरोध को नाकाम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, अपनी दादागिरी मुस्लिमों के माइक या लाउडस्पीकर पर दिखाएं, न कि हमारे ऊपर। ध्यान रखें कि आप (भाजपा) सत्ता में हिंदू मतों की वजह से हैं...। हम शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करेंगे और कोई बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रबंधन समिति यह काम श्रीराम सेना कार्यकर्ताओं के समर्थन से करेगी। मुतालिक ने कहा कि पहले चरण में सुबह पांच बजे मंदिरों में हनुमान चालीसा/सुप्रभाताभक्ति गीत बजाने का अभियान श्रीराम सेना चलाएगी और अगले चरण में अजान के अन्य समय पर यह कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा, हम यह सुबह कर रहे हैं, क्योंकि अदालत के फैसले के मुताबिक रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक माइक या स्पीकर का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, लेकिन वे सुबह पांच बजे इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। इसलिए हम भी इस नियम का उल्लंघन करेंगे। मुतालिक ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारी लड़ाई मस्जिद में अजान के खिलाफ नहीं है, बल्कि लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के खिलाफ है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर पुलिस श्रीराम सेना के कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश करती है तो संघर्ष हो सकता है।

# पीएम मोदी ने देश में नई राजनीतिक संस्कृति पेश की: जितेंद्र सिंह

**सीतामढ़ी (बिहार)।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने वोट बैंक की राजनीति या व्यक्तिपरक प्राथमिकताओं से ऊपर उठकर देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति पेश करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि इसका ताजा सबूत सीतामढ़ी को केंद्र के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत पूरी तरह से इस विचार पर शामिल करना है कि यह कुछ क्षेत्रों में इसके विकास के लिए विशेष ध्यान देने योग्य है। कार्मिक राज्य मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य सिंह ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां प्रधानमंत्री मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक इस सपने को साकार किया है कि स्वतंत्रता के बाद भाजपा भारत की आवश्यकताओं के अनुकूल वास्तव में एक लोकतांत्रिक पार्टी बने तो वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं की तीन पीढ़ियों के बलिदान ने इसे पिछले सात दशकों में जीवित रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अमित शाह और जेपी नड्डा जैसे पार्टी अध्यक्षों के सक्षम संगठनात्मक नेतृत्व में दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरी है। मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने वोट बैंक की राजनीति या व्यक्तिपरक प्राथमिकताओं के विचारों से ऊपर उठकर देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति पेश करने की कोशिश की है। सिंह ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें इस पवित्र स्थान पर पूजा करने का मौका मिला, जो रामायण के अनुसार मां सीता के साथ निकटता से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा जिस तरह से विशेष ध्यान दिया जा रहा है, उसे देखते हुए वह दिन दूर नहीं जब सीतामढ़ी विकसित होगा और अपने नाम पर खरा उतरेगा, जो भगवान राम और राम राज्य के विचारों को समेटे हुए है।

# बिहार सरकार ने पूजा स्थलों पर अनियमितताओं को रोकने के लिए कदम उठाए

**पटना।** बिहार में कई धार्मिक स्थानों पर अनियमितताओं की शिकायतों के बीच सरकार ने राज्य के सभी 534 मंडलों में सर्किल अधिकारियों (सीओ) से उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले पंजीकृत एवं गैर पंजीकृत मंदिरों और मठों की पहचान तथा उन्हें चिह्नित करने और इसकी सूचना जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे पोर्टल्स पर अपलोड करने को कहा है। कानून विभाग द्वारा चलाए जाने वाले बिहार स्टेट रिलिजियस ट्रस्ट काउंसिल (बीएसआरटीसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सीओ को मंदिरों और मठों पर जानकारी एकत्रित करने के लिए एक सप्ताह में कम से कम दो बार बाहर निकलना होगा और जिलाधीश इस कवायद पर नजर रखेंगे।

अधिकारी ने कहा, जिलाधीश यह सुनिश्चित करेंगे कि मंदिरों, मठों और न्यासों के बारे में सभी आवश्यक सूचना नियमित रूप से अपलोड की जाए। इसके अलावा वे ए जानकारियां बीएसआरटीसी को भेजेंगे। बिहार में सभी मंदिरों, मठों और धर्मशालाओं को बिहार हिंदू धार्मिक न्यास कानून, 1950 के तहत बीएसआरटीसी में पंजीकरण कराना होगा। मंदिर की देखभाल करने वाले लोगों द्वारा किए जा रहे जमीन के अनैतिक सौदों पर चिंता व्यक्त करते हुए विधि मंत्री प्रमोद कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा कि धार्मिक संपत्तियों को अवैध दावों से बचाने के लिए फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा, विभिन्न धार्मिक स्थानों पर बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का पता चलता है, जिसमें मंदिरों और मठों के पुजारी मालिकों के तौर पर अचल संपत्तियां बेच और खरीद रहे हैं। धार्मिक संपत्तियों की रक्षा और देखरेख के लिए प्राथमिकता के आधार पर पहचान की यह कवायद पूरी की जानी है। सरकारी रिकॉर्ड्स के अनुसार, वैशाली में सबसे अधिक 438 अपंजीकृत मंदिर और मठ हैं। कैमूर में ऐसे 338 मंदिर हैं। मंत्री ने बताया कि मोटे तौर पर अनुमान के अनुसार करीब 2,200 अपंजीकृत मंदिर और मठ हैं जिसके तहत करीब 3,200 एकड़ भूमि आती है।

# बद्रीनाथ धाम के कपाट खुले

**भाषा।** बद्रीनाथ



**उत्तराखंड में** बद्रीनाथ धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ रविवार सुबह 6.15 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। भगवान विष्णु को समर्पित बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को देखने के लिए देश और विदेश से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी ईश्वरी प्रसाद नंबूदिरी ने धार्मिक अनुष्ठान किया, जबकि वेदपाठियों (वेदों का पाठ करने वाले) ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया। कपाट खुलने के अवसर पर मंदिर और उसके परिसर को गेंदे के फूलों से सजाया गया था।

बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा पूरी तरह से शुरू हो गई है, क्योंकि इसके चारों मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इससे पहले, तीन मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट खोले गए थे, जबकि छह मई को केदारनाथ मंदिर के कपाट खुले थे। कोविड-19 महामारी के कारण पिछले दो वर्षों से चारधाम यात्रा बुरी तरह से प्रभावित रही थी, जिससे मंदिरों को कई महीनों तक श्रद्धालुओं के लिए नहीं खोला जा सका था। कोविड-19 संबंधी पाबंदियों के बीच मंदिरों को खोले जाने के बाद बेहद कम संख्या में श्रद्धालुओं ने चारधाम की यात्रा की थी। इस बार चारधाम यात्रा दो साल के अंतराल के बाद कोविड संबंधी प्रतिबंधों के बिना हो रही है और लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह है। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए शनिवार देर रात से ही श्रद्धालु कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करने लगे थे। बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलने के अवसर पर बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, बद्रीनाथ से विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी और पूर्व विधायक महेंद्र भट्ट मौजूद थे।

# हाई-स्पीड आरआरटीएस ट्रेन में मिलेगी वाईफाई और मोबाइल-लैपटॉप चार्ज की सुविधा

**भाषा।** सावली (गुजरात)

**यात्रियों के** अनुकूल तैयार की गईं दो गुणे दो की अनुप्रस्थ गद्दीदार कुर्सी, वाईफाई, हर सीट पर लैपटॉप और मोबाइल चार्ज करने की सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, मानचित्र, स्वनियंत्रित प्रकाश व्यवस्था उन कुछ अहम विशेषताओं में शामिल है, जो आधुनिक रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) ट्रेन में देखने को मिलेगी। यह ट्रेन दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रूट पर दौड़ेगी। इस हाई-स्पीड रेल का पहला ट्रेन-सेट शनिवार को गुजरात के वडोदरा जिले के सावली में अपने विनिर्माण संयंत्र में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को सौंप दिया गया।

दिल्ली और मेरठ के बीच एनसीआरटीसी भारत का पहला आरआरटीएस स्थापित करने जा रहा है, जो रेल आधारित उच्च गति, उच्च आवृत्ति क्षेत्रीय कम्यूटर ट्रांजिट सिस्टम है। एनसीआरटीसी के एक अधिकारी ने विनिर्माण संयंत्र में आरआरटीएस ट्रेन के दौरे के दौरान पीटीआई-भाषा को बताया, आधुनिक आरआरटीएस ट्रेन में यात्रियों के अनुरूप बैठने की जगह, सामान रखने की चौड़ी जगह, सीसीटीवी कैमरे, लैपटॉप, मोबाइल चार्ज करने की सुविधा, मानचित्र, स्वनियंत्रित प्रकाश व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि इन ट्रेन में खड़े हो कर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए आरामदायक हत्थे (हैंडल) लगे होंगे। रेल के साथ गलियारे की चौड़ाई को भी अनुकूलित किया गया है। आरआरटीएस ट्रेनों में एक मानक के साथ-साथ प्रीमियम श्रेणी (प्रति ट्रेन एक कोच) भी होगी, साथ ही एक कोच महिला यात्रियों के लिए आरक्षित होगा। ए ट्रेन उस रूट की आवश्यकता के आधार पर चार और छह डिब्बों के खंडों में चलाई जाएंगी। एनसीआरटीसी के अधिकारी ने बताया, प्रीमियम या व्यवसायिक श्रेणी के कोच अधिक विशाल और आरामदायक होंगे। इसकी कुर्सियां आरामदायक होंगी। प्रीमियम श्रेणी के टिकट की कीमतें सामान्य श्रेणी से अधिक होंगी। दोनों वर्गों का किराया अभी तय किया जाना बाकी है। इन ट्रेन को आधुनिक दृश्य और श्रव्य माध्यम से की जाने वाली घोषणाओं के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो यात्रियों को अगले पड़ाव, अंतिम गंतव्य, ट्रेन की गति आदि के बारे में जानकारी प्रदान करती हैं। अधिकारियों ने कहा कि जरूरत के आधार पर दरवाजों पर पुश बटन भी उपलब्ध होंगे। इससे हर स्टेशन पर सभी दरवाजे खोलने की जरूरत खत्म हो जाएगी, जिससे ऊर्जा की बचत होगी। ट्रेन के आने के बाद इस साल के अंत तक (साहिबाबाद-दुहाई) पर शुरुआती ट्रायल रन शुरू होने की उम्मीद है। 17 किलोमीटर के प्राथमिकता वाले खंड को साल 2023 तक और पूर्ण गलियारे को 2025 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है।

# आइला, अम्फन, असानी : चक्रवात के नाम में क्या है?

**भाषा।** भुवनेश्वर



**हर साल** जब किसी क्षेत्र में चक्रवात आता है तो उसका नाम कई लोगों के लिए कौतूहल का कारण बन जाता है, जो यह सोचते हैं कि तूफान का नामकरण क्यों और कैसे किया जाता है। चक्रवात के लिए असानी नाम श्रीलंका ने दिया है, जो क्रोध के लिए इस्तेमाल होने वाला सिंहली भाषा का शब्द है।

चक्रवात असानी रविवार की सुबह बंगाल की खाड़ी में बना और यह पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। लेकिन एक बार फिर वही सवाल उठता है। संयुक्त राष्ट्र के तहत एक एजेंसी विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार, किसी विशेष भौगोलिक स्थान या दुनिया भर में एक समय में एक से अधिक चक्रवात हो सकते हैं और ए एक सप्ताह या उससे अधिक समय तक जारी रह सकते हैं। इसलिए, भ्रम से बचने, आपदा जोखिम संबंधी जागरूकता, प्रबंधन और राहत कार्य में मदद के लिए प्रत्एक उष्णकटिबंधीय तूफान को एक नाम दिया जाता है। छोटे और आसानी से बोले जाने वाले नाम सैकड़ों स्टेशन, तटीय अड्डों एवं समुद्र में जहाजों के बीच तूफान की विस्तृत जानकारी को तेजी से और प्रभावी ढंग से प्रसारित करने में सहायक होते हैं। इसमें पुराने और अधिक बोझिल अक्षांश-देशांतर पहचान विधियों की तुलना में त्रुटि की संभावना कम रहती है। वर्ष 1953 से अटलांटिक उष्णकटिबंधीय तूफानों का नामकरण अमेरिका में राष्ट्रीय तूफान केंद्र द्वारा तैयार की गई सूचियों में से रखा जाता रहा। शुरुआत में तूफानों को मनमाने नाम दिए जाते थे। 1900 के मध्य से तूफानों के लिए स्त्री नामों का उपयोग किया जाने लगा। डब्ल्यूएमओ ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि मौसम विज्ञानियों ने बाद में एक अधिक संगठित और कुशल प्रणाली के माध्यम से तैयार सूची के जरिए तूफानों का नामकरण करने का फैसला किया। दुनिया भर में छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्र (आरएसएमसी) और पांच क्षेत्रीय उष्णकटिबंधीय चक्रवात चेतावनी केंद्र हैं, जो परामर्श जारी करने और चक्रवाती तूफानों के नामकरण के लिए अनिवार्य हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) आरएसएमसी में से एक है और उसे उत्तरी हिंद महासागर के ऊपर बने ऐसे किसी चक्रवात को नाम देने का काम सौंपा गया है जब वे 62 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे अधिक की गति तक पहुंच जाते हैं। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में चक्रवातों का नामकरण सितंबर 2004 में शुरू हुआ। आईएमडी उत्तरी हिंद महासागर में 13 देशों को चक्रवात और तूफान से संबंधित परामर्श प्रदान करता है। सूची के नामों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया गया है, जो लिंग, राजनीति, धार्मिक विश्वासों और संस्कृतियों के लिहाज से तटस्थ हैं। इसका उपयोग क्रमिक रूप से किया जाता है। दक्षिण चीन सागर से थाईलैंड को पार करके बंगाल की खाड़ी में निकलने वाले तूफान का नाम नहीं बदला जाता। एक बार किसी नाम का प्रयोग हो जाने के बाद उसे दोबारा नहीं दोहराया जाता। शब्द, जिसमें अधिकतम आठ अक्षर हो सकते हैं, किसी भी सदस्य देश के लिए अपमानजनक नहीं होने चाहिए या ए जनसंख्या के किसी भी समूह की भावनाओं को आहत करने वाले नहीं होना चाहिए। वर्ष 2020 में 169 नामों के साथ एक नई सूची जारी की गई, जिनमें 13 देशों के 13 नाम शामिल हैं। इससे पहले आठ देशों ने 64 नाम दिए थे। भारत की ओर से पेश जिन नामों का इस्तेमाल किया गया है उनमें गति, मेघ, आकाश शामिल हैं। अन्य पदनाम जो पहले इस्तेमाल किए गए हैं उनमें बांग्लादेश से ओग्नी (अग्नि), हेलेन और फणी तथा पाकिस्तान से लैला, नरगिस और बुलबुल शामिल हैं।

# मशहूर कन्नड़ लेखक भैरप्पा ने प्रधानमंत्री की सराहना की

**ठाणे।** मशहूर कन्नड़ लेखक एस.एल. भैरप्पा ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार पर लगातार हमला कर विपक्षी दल देश में नकारात्मक माहौल पैदा कर रहे हैं। ठाणे में शनिवार को एक साहित्यिक समारोह को संबोधित करते हुए वयोवृद्ध लेखक ने कहा कि जब सर्जिकल स्ट्राइक की बात आई तब विपक्ष ने देश के सशस्त्र बलों पर भी संदेह जताया। भैरप्पा (90) ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनकी धर्मनिरपेक्षता जातिवादी राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, महाराष्ट्र प्रदेश एवं ठाणे के समन्वय प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित समारोह में उन्होंने कहा, विपक्ष कुछ भी सकारात्मक नहीं कहता। यह देश में नकारात्मक माहौल बनाने की कोशिश है। सर्जिकल स्ट्राइक की सराहना करने के बजाय विपक्ष सबूत मांगता है। यह हमारे रक्षा बलों पर सवाल उठाता है।

# मारियुपोल में इस्पात संयंत्र से लोगों को निकाला

● रूस ने ओडेसा में मिसाइलें दागी

भाषा। जापोरिज्जिया (यूक्रेन)



**रूस की सेना** ने शनिवार को दक्षिणी यूक्रेन के ओडेसा शहर में क्रूज मिसाइलें दागी और मारियुपोल में घेरे गए इस्पात संयंत्र पर बमबारी की, जहां यूक्रेन के लड़ाके फंसे हुए है। विजय दिवस समारोह से पहले रूस को इस बंदरगाह पर कब्जा जमाने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि संयंत्र से आखिर में बची महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को निकाल लिया गया है लेकिन यूक्रेन के लड़ाके वहीं फंसे हुए हैं। वहीं, यूक्रेन की सेना ने काला सागर द्वीप पर रूस के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है जिसे रूस ने युद्ध के शुरुआती दिनों में अपने कब्जे में ले लिया था। पश्चिमी सैन्य विश्लेषकों का यह भी कहना है कि यूक्रेन की सेना देश के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव के आसपास बढ़ रही है, जहां अब भी रूस बमबारी कर रहा है। यूक्रेन की सेना ने कहा कि पीछे हट रही रूसी सेना ने शहर के उत्तरपूर्व में एक सड़क पर तीन पुलों को ध्वस्त कर दिया है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से सबसे बड़े यूरोपीय संघर्ष में हजारों लोगों की मौत हो गई है, लाखों लोगों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा और कुछ शहरों के बड़े इलाके तबाह हो गए हैं। यूक्रेन के नेताओं ने चेतावनी दी है कि 77 साल पहले नाजी जर्मनी की हार का जश्न मनाने के लिए सोमवार को आयोजित विजय दिवस के मद्देनजर रूसी हमले और भी बदतर होंगे और राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने लोगों से हवाई हमलों की चेतावनियों को मानने का अनुरोध किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शनिवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन के खिलाफ अपने बिना उकसावे के और क्रूर युद्ध को न्यायोचित ठहराने की कोशिश के लिए इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने का प्रयास करने का आरोप लगाया। हाल के दिनों में सबसे भीषण युद्ध पूर्वी यूक्रेन में देखा गया है। रूस का हमला वहां डोनबास क्षेत्र पर केंद्रित है जहां रूस समर्थित अलगाववादी 2014 से लड़ रहे हैं। लुहांस्क क्षेत्र के गवर्नर ने कहा कि रूस के हमले में बिलोगोरिव्का गांव में एक स्कूल तबाह हो गया, जहां 90 लोगों ने शरण ली हुई थी। टेलीग्राम पर जलते हुए मलबे की तस्वीरें पोस्ट करने वाले गवर्नर सेरही हेदई ने कहा कि 30 लोगों को बचाया गया है। आपात सेवाओं ने बाद में बताया कि दो शव बरामद किए गए हैं तथा और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। बचाव कार्य रात को निलंबित कर दिया गया लेकिन रविवार को बहाल किया गया। हेदई ने बताया कि प्रिविला शहर में रूस की बमबारी में 11 और 14 वर्ष की आयु के दो लड़के मारे गए जबकि आठ और 12 साल की आयु की दो लड़कियां तथा 69 वर्षीय महिला घायल हो गईं। यूक्रेन की सेना ने रविवार को आगाह किया कि पड़ोसी मोल्दोवा में रूसी और अलगाववादी सैनिक पूरी तरह चौकन्ने हैं। मॉस्को दक्षिण यूक्रेन पर कब्जा जमाना चाहता है ताकि देश को समुद्र मार्ग से अलग किया जाए और ट्रांसनिस्त्रिया तक एक गलियारा बनाया जाए।

### रूस के विजय दिवस से पहले देशभक्ति, बेचैनी की भावनाएं

**मॉस्को।** रूस मे विजय दिवस के मद्देनजर शहरों की सड़कें लाल रंग के सोवियत झंडों और नारंगी-काले रंग की धारीदार सैन्य रिबन से पटी हुई है। ग्रेट पैट्रियॉटिक वॉर से जुड़े स्मारकों पर पूर्व सैनिकों के समूह पुष्पांजलि अर्पित कर रहे है। रूस में द्वितीय विश्व युद्ध को ग्रेट पैट्रियॉटिक वॉर के तौर पर जाना जाता है। वजय दिवस यानी 1945 में नाजी जर्मनी की हार का जश्न मनाने के लिए सोमवार को होने वाले समारोह की तैयारियां पहली नजर में पिछले वर्षों की तरह ही नजर आती है। लेकिन इस साल माहौल बहुत अलग है, क्योंकि रूसी सैनिक एक बार फिर युद्ध लड़ रहे है और प्राणों की आहुति दे रहे हैं। पड़ोसी देश यूक्रेन में जारी यह युद्ध 11वें हफ्ते में प्रवेश कर गया है। रूस सरकार ने इसे नाजियों के खिलाफ युद्ध बताया है। रूस के सबसे महत्वपूर्ण अवकाश के साथ जुड़े इस गौरव और देशभक्ति को आमतौर पर सैनिकों और सैन्य उपकरणों की रेड स्क्वायर से होकर गुजरने वाली बड़ी परेड के साथ मनाया जाता है। कुछ रूसियों को डर है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस मौके का इस्तेमाल यूक्रेन पर युद्ध की घोषणा करने के लिए करेंगे, जबकि पहले वह इसे यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान कहते रहे है। यूक्रेन के खुफिया प्रमुख कायरिलो बुडानोव ने कहा कि मॉस्को गुप्त रूप से ऐसी योजना की तैयार कर रहा है।

## यूक्रेन के स्कूल में बम विस्फोट के बाद बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की आशंका

**जेपोरीजिया।** पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन के शहरों, कस्बों और गांवों पर रूस की गोलाबारी जारी है और इस बीच रूस के गिराए एक बम से रविवार को एक स्कूल तबाह हो गया और उसके तलघर में शरण लिए हुए दर्जनों यूक्रेनवासियों के मारे जाने की आशंका है। लुहांस्क प्रांत के गवर्नर ने कहा कि बिलोहोरिवका गांव के स्कूल में शनिवार को गिराए गए बम से विस्फोट होने के बाद आग लग गई और यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि आपातकालीन बचाव दल ने दो शव निकाले हैं और 30 लोगों को बचाया है। गवर्नर सरही हैदाई ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर लिखा, पूरी आशंका है कि मलबे में फंसे सभी 60 लोग मर चुके हैं। रूस की गोलाबारी में पास के प्रिविलिया कस्बे में 11 और 14 साल के दो लड़के भी मारे गए हैं। यूक्रेन की राजधानी कब्जा कर पाने में विफल रूस ने अपने हमले डोनबास की ओर केंद्रित कर दिए हैं जहां उसके समर्थित अलगाववादी 2014 से लड़ रहे हैं। अजोवस्तल इस्पात संयंत्र में फंसे सभी बच्चों, महिलाओं और बुजुर्ग नागरिकों को शनिवार को निकाला गया। वे यूक्रेन के लड़ाकों के साथ यहां शरण लिए हुए थे। संयंत्र के अंदर अब भी लड़ाके मौजूद हैं जिन्होंने समर्पण करने से इनकार कर दिया है और माना जा रहा है कि इनमें बड़ी संख्या में जख्मी हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने रात्रि संबोधन में कहा कि जख्मी लोगों और चिकित्सा कर्मियों को निकालने पर ध्यान केंद्रित रहेगा। उन्होंने कहा कि मारियुपोल और आसपास के लोगों को निकालने के लिहाज से सुरक्षित गलियारा बनाने के लिए रविवार को भी काम जारी रहेगा। यूक्रेन की सरकार संयंत्र की भूमिगत सुरंगों और बंकरों में फंसे करीब 2,000 लड़ाकों को सुरक्षित निकालने का प्रयास करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों से संपर्क साध रही है। जेलेंस्की ने इस काम को मुश्किल माना है, लेकिन कहा, हम उम्मीद नहीं छोड़ रहे। हम रुक नहीं रहे। हर दिन हम ऐसे किसी कूटनीतिक विकल्प पर काम कर रहे हैं जो कारगर सिद्ध हो सके। यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा अन्य देशों के नेताओं के साथ ऑनलाइन बातचीत कर सकते हैं।

### पाकिस्तान अमेरिकी मांग से कभी सहमत नहीं रहा : इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि सत्ता में रहते हुए वह पड़ोसी देश अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की निकासी के बाद उन्हे देश मे सैन्य ठिकाने दिए जाने संबंधी अमेरिकी मांग से कभी भी सहमत नही रहे। एक मीडिया रिपोर्ट मे यह जानकारी सामने आई है। क्रिकेटर से राजनेता बने 69 वर्षीय खान को पिछले महीने अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से सत्ता से बाहर कर दिया गया था।

### बीजिंग के वफादार जॉन ली हांगकांग के अगले नेता निर्वाचित

**हांगकांग।** हांगकांग मे लोकतंत्र समर्थक आंदोलन पर कार्वाई पर नजर रखने वाले कट्टरपंथी सुरक्षा प्रमुख जॉन ली को रविवार को शहर का अगला नेता चुना गया है। हांगकांग की चुनाव समिति ने रविवार को हुए चुनाव में जॉन ली को हांगकांग के अगले मुख्य कार्यकारी के रूप मे चुना। चुनाव समिति मे करीब।,500 सदस्य शामिल है, जिसमे से अधिकतर चीन समर्थक है। ली इस चुनाव मे शामिल इकलौते उम्मीदवार थे और उन्हे समिति के सभी।,500 सदस्यो मे से ज्यादातर यानी 99 फीसदी से अधिक ने वोट दिया।

### संसदीय चुनाव: 48 देशों में फैले लेबनानी नागरिक कर रहे मतदान

**बेरूत।** दुनिया के करीब 50 देशों में फैले लेबनानी नागरिको ने रविवार की सुबह से कड़ी निगरानी में कराए जा रहे संसदीय चुनाव में मतदान करना शुरू किया। 10 मुस्लिम बहुल देशों में इस तरह के मतदान के कुछ दिनों बाद लेबनान में ऐसा हो रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, रूस, यूरोपीय संघ के सदस्य देशों और कई अफ्रीकी देशों सहित 48 देशों में रह रहे।,94,348 लेबनानी नागरिकों ने रविवार को मतदान के लिए पंजीकरण कराया था।

### संयुक्त अरब अमीरात में सड़क दुर्घटना में भारतीय नर्स की मौत

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के रास अल खैमाह में ईद की छुट्टी के दौरान अपने परिवार के साथ कार से जा रही भारतीय नर्स की भीषण कार दुर्घटना में मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

### श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय ने जनता से मदद की अपील की, सुरक्षाकर्मियों की छुट्टियां रद्द कीं

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका के** रक्षा मंत्रालय ने जनता से देश में मौजूदा आर्थिक संकट और अशांति से अत्यधिक बुद्धिमता और संयम से निपटने में उसकी मदद करने की अपील की और साथ ही राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे द्वारा आपातकाल की घोषणा किए जाने के बाद सभी सुरक्षाकर्मियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं। राष्ट्रपति ने कैबिनेट की एक विशेष बैठक में आपातकाल लागू होने की घोषणा की थी। महज एक महीने में यह दूसरा मौका है जब देश में आपातकाल घोषित किया गया है। राजपक्षे ने इससे पहले अपने निजी आवास के सामने लोगों के बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के बाद एक अप्रैल को आपातकाल लगाने की घोषणा की थी।

### ब्रिटेन ने यूक्रेन को रूस से मुकाबले के लिए अतिरिक्त सैन्य सहयोग राशि देने का वादा किया

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन की** सरकार ने यूक्रेन को रूस से मुकाबला करने के लिए इस वित्त वर्ष में सैन्य सहायता के रूप में अतिरिक्त 1.3 अरब पाउंड राशि देने का वादा किया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को जी-7 समूह के अन्य नेताओं के साथ ऑनलाइन बातचीत की। यह अतिरिक्त सहायता इलेक्ट्रॉनिक युद्धक उपकरणों, काउंटर बैटरी रडार प्रणाली, जीपीएस जैमिंग उपकरण और हजारों नाइट विजन कैमरों के लिए दी जाएगी जॉनसन ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का जघन्य हमला यूक्रेन में न केवल विनाश कर रहा है, बल्कि पूरे यूरोप की शांति और सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है।

### सीपीईसी की 15 में से केवल तीन परियोजनाएं पूरी : खबर

**इस्लामाबाद।** चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) अपनी निर्धारित समयसीमा से पीछे चल रहा है और इसकी 15 परियोजनाओं में से केवल तीन पूरी हुई हैं। रविवार को एक अखबार की खबर में यह दावा किया गया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, 60 अरब डॉलर की लागत वाली सीपीईसी में पाकिस्तान ने अब तक केवल तीन परियोजनाएं पूरी की हैं। 30 करोड़ डॉलर की लागत वाली ए तीन परियोजनाएं ग्वादर में हैं। दो अरब डॉलर लागत की करीब एक दर्जन परियोजनाएं अभी अधूरी हैं जिनमें जलापूर्ति और विद्युत उत्पादन से संबंधित परियोजनाएं भी हैं। यह चीन के उत्तर पश्चिम में शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र को पश्चिमी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह से जोड़ने वाली 3,000 किलोमीटर लंबी आधारभूत संरचना परियोजना है।

### सऊदी अरब के शाह चिकित्सा संबंधी जांच के लिए अस्पताल में भर्ती

**दुबई।** सऊ दी अरब के शाह सलमान को चिकित्सा संबंधी जांच के लिए रविवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। कुछ सप्ताह पहले ही अस्पताल में शाह सलमान के पेसमेकर की बैटरी बदली गई थी। सऊद्दी अरब की सरकारी समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में शाह सलमान के स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

### सीरिया के राष्ट्रपति असद ने ईरान के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की

**तेहरान।** सीरिया के राष्ट्रपति बसर असद रविवार को ईरान की यात्रा पर पहुंचे और उन्होंने ईरान के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। ईरान की मीडिया द्वारा यह जानकारी दी गई।

## अचानक यूक्रेन पहुंची अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन

भाषा। उज्जोर्ड (यूक्रेन)

**अमेरिकी राष्ट्रपति** जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन रविवार को अचानक पश्चिमी यूक्रेन पहुंची और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की पत्नी ओलेना जेलेंस्की से मुलाकात की। इसके साथ ही जिल रूस के आक्रमण के बाद यूक्रेन जाने वाली अमेरिकी हस्तियों में शुमार हो गईं।

जिल ने ओलेना से कहा, मैं मदर्स डे पर यहां आना चाहती थी। मुझे लगा कि यूक्रेन के लोगों को यह दिखाना चाहिए कि अमेरिका के लोग उनके साथ खड़े हैं। दोनों की मुलाकात यूक्रेन सीमा से लगे स्लोवाकिया के गांव में स्थित एक स्कूल में हुई। दोनों ने एक छोटी सी कक्षा में बैठकर एक दूसरे से बात की। जिल दो घंटे तक यूक्रेन में रहीं। ओलेना ने इस साहसिक कदम के लिए जिल का आभार व्यक्त किया और कहा, हम समझ सकते हैं कि युद्ध के दौरान अमेरिका की प्रथम महिला के यहां आने का क्या महत्व है। वह ऐसे समय में यहां आई हैं, जब रोजाना सैन्य हमले हो रहे हैं। इससे पहले, मार्च में पोलैंड की यात्रा के दौरान जो बाइडन ने कहा था कि वह इस बात को लेकर निराश हैं कि वह अपनी आंखों से हालात देखने के लिए यूक्रेन नहीं जा सकते क्योंकि संभवत: सुरक्षा कारणों के चलते उन्हें इसकी इजाजत नहीं है। हाल में व्हाइट हाउस ने कहा था कि राष्ट्रपति यूक्रेन जाना चाहते हैं, लेकिन फिलहाल इसकी कोई योजना नहीं हैं।

### कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भी अचानक पहुंचे

***कीव।*** बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के यूक्रेन पहुंचे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने तबाह हो चुके शहर इरपिन का दौरा किया। यूक्रेन के मीडिया संस्थान सस्पिलने और इरपिन के मेयर ओलेक्जेंद्र मार्कुशिन ने यह जानकारी दी है। युद्ध की शुरुआत में कीव पर कब्जा करने के प्रयास में रूसी सैनिकों की गोलाबारी में इरपिन को भीषण नुकसान हुआ था। कनाडा के अधिकारियों ने ट्रूडो की यात्रा के बारे में अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। यूक्रेन के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए पश्चिमी देशों के नेताओं के दौरे के तहत ट्रूडो इस यात्रा पर आए हैं।

## तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजारों की दिशा

● वैश्विक रुख, वृहद आर्थिक आंकड़ों का भी होगा असर

भाषा। नई दिल्ली



**वैश्विक बाजारों** का रुख, मुद्रास्फीति, औद्योगिक उत्पादन के आंकडे और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का मानना है कि सप्ताह के दौरान वैश्विक स्तर पर भी कई वृहद आर्थिक आंकड़े आने हैं जिसकी वजह से बाजारों में उतार-चढ़ाव कायम रह सकता है। इसके अलावा विदेशी कोषों का प्रवाह, कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपए का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दिशा तय करेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, वैश्विक बाजारों का रुख, डॉलर इंडेक्स का उतार-चढ़ाव तथा कच्चे तेल के दाम बाजार को प्रभावित करते रहेंगे। इसके अलावा 11 मई को अमेरिका के मुद्रास्फीति के आंकड़े आने हैं, जबकि 12 मई को भारत के महंगाई और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े आने हैं। निश्चित रूप से बाजार की दृष्टि से ए आंकड़े महत्वपूर्ण रहेंगे। मीणा ने कहा कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजों की अब अंतिम खेप आना शेष है। इस वजह से कुछ शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। सप्ताह के दौरान एसबीआई, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, यूपीएल, टेक महिंद्रा और सिप्ला जैसी बड़ी कंपनियां तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, सबसे पहले बाजार रिलायंस इंडस्ट्रीज के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया देगा ।

### सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.85 लाख करोड़ रुपए घटा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2,85,251.65 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,225.29 अंक या 3.89 प्रतिशत और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 691.30 अंक या 4.04 प्रतिशत के नुकसान में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण।,14,767.5 करोड़ रुपए के नुकसान से 17,73,196.68 करोड़ रुपए पर आ गया। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 42,847.49 करोड़ रुपए टूटकर 12,56,152.34 करोड़ रुपए रह गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 36,984.46 करोड़ रुपए के नुकसान से 7,31,068.41 करोड़ रुपए रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 20,558.92 करोड़ रुपए घटकर 5,05,068.14 करोड़ रुपए रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,625.96 करोड़ रुपए टूटकर 5,00,136.52 करोड़ रुपए पर और भारती एयरटेल का 16,091.64 करोड़ रुपए के नुकसान से 3,90,153.62 करोड़ रुपए पर आ गया।

### एफपीआई ने मई में अबतक शेयर बाजारों से 6,400 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने चालू महीने यानी मई के पहले चार कारोबारी सत्रों मे भारतीय शेयर बाजारों से 6,400 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की है। बीते सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों मे बढ़ोतरी की, जिसका असर एफपीआई के रुख पर पड़ा है। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मौद्रिक रुख मे सख्ती और अन्य कारकों से निकट भविष्य मे एफपीआई के प्रवाह मे उतार-चढ़ाव बना रहेगा। अप्रैल, 2022 तक लगातार सात महीने तक एफपीआई भारतीय बाजारों में शुद्ध बिकवाल रहे है और उन्होंने शेयरों से 1.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की है।

## रेपो दर में वृद्धि नहीं, इसका समय हैरान करने वाला था: सीतारमण

भाषा। मुंबई

● कोष की लागत बढ़ने से सरकार के नियोजित बुनियादी ढांचा निवेश पर असर नही पड़ेगा

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल में नीतिगत दरों में बढ़ोतरी का फैसला नहीं, बल्कि इस निर्णय का समय हैरान करने वाला है। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा जताया है कि कोष की लागत बढ़ने से सरकार के नियोजित बुनियादी ढांचा निवेश पर असर नहीं पड़ेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने गत चार मई को प्रमुख रेपो दर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 4.40 प्रतिशत कर दिया। इसके अलावा नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को भी 0.50 फीसदी बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत किया गया है। रिजर्व बैंक ने नीतिगत दरों में वृद्धि के लिए यूक्रेन युद्ध के बाद मुद्रास्फीति के बढ़े हुए दबाव और कच्चे तेल की कीमतों में हुई वृद्धि का हवाला दिया है। सीतारमण ने एक कार्यक्रम में दरों में वृद्धि के फैसले पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, केंद्रीय बैंक की दर वृद्धि का समय एक आश्चर्य की तरह था, न कि दर वृद्धि। लोग सोच रहे थे कि यह काम किसी भी तरह किया जाना चाहिए था। आश्चर्य इसलिए हुआ कि यह फैसला मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की दो बैठकों के बीच में हुआ। उन्होंने कहा कि अप्रैल की शुरुआत में हुई पिछली एमपीसी बैठक में रिजर्व बैंक ने संकेत दिया था कि यह उनके लिए भी कदम उठाने का समय है। यह वृद्धि दुनियाभर के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की तरफ से की जा रही दर वृद्धि का ही एक हिस्सा है। वित्त मंत्री ने कहा, एक तरह से यह तालमेल में उठाया गया कदम था। ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा किया और अमेरिका ने भी उसी दिन दरों में वृद्धि की। इस तरह मुझे आजकल केंद्रीय बैंकों के बीच अधिक समझ नजर आ रही है।

### ऊतक संवर्धन निर्यात को बढ़ावा देने पर एपीडा का जोर

**नई दिल्ली।** ऊतक संवर्धन प्लांट के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने एक वेबिनार का आयोजन किया। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में इस वेबिनार की जानकारी दी। निर्यातकों ने बिजली की बढ़ती लागत, प्रयोगशालाओं में संक्रमण के मुद्दों, सूक्ष्म प्रचारित रोपण सामग्री के परिवहन की लागत का मुद्दा उठाया। इसके अलावा अन्य देशों के साथ एचएस कोड में सामंजस्य की कमी की तरफ भी एपीडा के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया गया। भारत से ऊतक संवर्धन प्लांट का आयात करने वाले शीर्ष दस देश नीदरलैंड्स, अमेरिका, इटली, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, केन्या, सेनेगल, इथियोपिया और नेपाल हैं। वित्त वर्ष 2020-21 में भारत का ऊतक संवर्धन निर्यात 1.717 करोड़ डॉलर रहा था। इसमें आधा निर्यात अकेले नीदरलैंड्स को किया गया था।

### डॉ. लक्ष्मी वेणु सुंदरम क्लेटन लिमिटेड के एमडी बने

मुंबई। डॉ लक्ष्मी वेणु ने आयोजित बोर्ड की बैठक में भारत के अग्रणी ऑटो घटक निर्माता में से एक सुंदरम क्लेटन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला। डॉ.वेणु सुंदरम क्लेटन के संयुक्त प्रबंध निदेशक थीं। डॉ. लक्ष्मी वेणु एक दशक से अधिक समय से सुंदरम क्लेटन का नेतृत्व कर रही हैं। वह सुंदरम क्लेटन के वैश्विक विस्तार की प्रमुख वास्तुकार रही हैं। अमेरिका के दक्षिण कैरोलिना के डोरचेस्टर में तीन साल पहलेए 2019 में एक फाउंड्री स्थापित करने का उनका निर्णय लगभग पूर्वानुमानित था, क्योंकि अधिकांश अमेरिकी ग्राहक आपूर्ति श्रृंखला जोखिमों को कम करने और कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए ऑन- शोर फाउंड्री इकाइयों की तलाश कर रहे थे। वो सुंदरम क्लेटन लिमिटेड के टर्नअराउंड को दुनिया में एक प्रतिस्पर्धी फाउंड्री बनाने में कामयाब रहीं, और कमिंसए हुंडईए वोल्वो, पैकर और डेमलर के साथ गहरे ग्राहक संबंध बनाए।

### आईएफटीडीओ 202 वर्ल्ड कांफ्रेंस 19-21 मई को

**नई दिल्ली।** भारत 19 से 21 मई 2022 के दौरान नई दिल्ली में एक बेहतर कार्य संस्कृति के लिए रणनीतिरू नए युग के रास्त विषय पर आईएफटीडीओ 2022 विश्व कांफ्रेंस और प्रदर्शनी की मेजबानी करने जा रहा है। आईएफटीडीओ जीवन की बेहतरी के लिए विश्व स्तर पर काम कर रहे संगठनों को मानव संसाधन विकास से संबंधित अनूठा और प्रभावी संसाधन पेश करता है। इसका आयोजन इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट द्वारा नेशनल ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट और स्टेंडिंग कांफ्रेंस आफ पब्लिक एंटरप्राइजेज के सहयोग से किया जा रहा है। इसकेअन्य सहयोगी संस्थाओं में सोसाइटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट और संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट शामिल हैं। इस पूरे आयोजन का नेतृत्व डॉ. रंजन कुमार महापात्रा अध्यक्ष आईएफटीडीओ और निदेशक एचआर, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड डॉ. नटराज राष्ट्रीय अध्यक्ष, आईएसटीडी और डॉ. विनयशील गौतम, अध्यक्ष संचालन समिति जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा किया जाएगा।

### दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार लाइसेंसधारकों के लिए एनओसीसी शुल्क खत्म किया

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए वीसैट, सैटेलाइट टेलीफोनी जैसी अंतरिक्ष खंड का इस्तेमाल करने वाली उन सभी सेवाओं पर लगने वाला नेटवर्क परिचालन एवं नियंत्रण केंद्र (एनओसीसी) शुल्क खत्म कर दिया है जिनके लिए विभाग परमिट जारी करता है। इससे पहले तक विभाग एनओसीसी शुल्क के रूप में 36 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के लिए प्रतिवर्ष प्रति ट्रांसपोंडर 21 लाख रुपए वसूलता था। इसके अलावा विभाग एंटीना के प्रत्एक परीक्षण के लिए भी 6,000 रुपए का एनओसीसी शुल्क लेता था। विभाग ने छह मई के आदेश में कहा, वाणिज्यिक या निजी उपयोग वाली वीसैट सेवाओं, जीएमपीसीएस (सैटेलाइट फोन सेवा), एनएलडी (नेशनल लॉन्ग डिस्टेंस) के लिए दूरसंचार के लाइसेंसधारकों और संयुक्त लाइसेंस अथवा एकल लाइसेंसधारकों से अब अंतरिक्ष खंड का उपयोग करने के बदले में कोई एनओसीसी शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह आदेश एक अप्रैल, 2022 से प्रभावी माना जाएगा।

### पुष्प कुमार जोशी एचपीसीएल के नए चेयरमैन एवं एमडी

**नई दिल्ली।** पुष्प कुमार जोशी ने रविवार को सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाल लिया। देश की तीसरी बड़ी तेल शोधन एवं विपणन कंपनी एचपीसीएल ने एक बयान मे इसकी जानकारी दी। इसके पहले डॉ जोशी कंपनी के निदेशक (मानव संसाधन) थे। एचपीसीएल के निदेशक मंडल के वरिष्ठतम सदस्य जोशी को गत जनवरी में ही कंपनी के नए मुखिया के रूप में चुन लिया गया था। उन्होने मुकेश कुमार सुराना की जगह ली है जिनका कार्यकाल 30 अप्रैल को खत्म हुआ है।

### डेल्हीवरी लिमिटेड का आईपीओ 11 मईको खुलेगा

**मुंबई।** डेल्हीवरी लिमिटेड 11 मई 2022 को अपना आईपीओ ऑफर खोलने की योजना बना रही है। एंकर निवेशक बोली,प्रस्ताव अवधि बोली, प्रस्ताव खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पूर्व है, यानी 10 मई 2022 को है। ऑफर का प्राइस बैंड का अंकित मूल्य पर 462 प्रति इक्विटी शेयर से 487 प्रति इक्विटी शेयर के बीच तय किया गया है। इस ऑफर में कर्मचारी आरक्षण हिस्सा,नीचे परिभाषित में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों के लिए प्रस्ताव मूल्य पर 25 रु प्रति इक्विटी शेयर की कर्मचारी छूट दी जा रही है। न्यूनतम 30 इक्विटी शेयर और उसके बाद 30 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। इस ऑफर में कंपनी के अंकित मूल्य के कुल 52,350 मिलियन के इक्विटी शेयर- इक्विटी शेयर हैं ऑफर जिसमें 40,000 मिलियन का फ्रेश इश्यू और कंपनी के कुछ मौजूदा शेयरधारकों के 12,350 मिलियन का ऑफर फॉर सेल शामिल है।

### प्रूडेंट कॉरपोरेट का आईपीओ 10 मई को खुलेगा

**मुंबई।** प्रूडेंट कॉरपोरेट एडवाइजरी सर्विसेज लिमिटेड कंपनी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 10 मई 2022 को खुलेगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली,प्रस्ताव अवधि बोली से एक कार्य दिवस पहले यानी 9 मई 2022 से शुरू हो जाएगी।ऑफर का प्राइस बैंड अंकित मूल्य 5 प्रति शेयर पर प्रति इक्विटी शेयर 595 से 630 तय किया गया है। इस ऑफर में कर्मचारी आरक्षण भाग नीचे परिभाषित में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों के लिए प्रस्ताव मूल्य पर 59 प्रति इक्विटी शेयर की कर्मचारी छूट शामिल है। न्यूनतम 23 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 23 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। इस ऑफर में पात्र कर्मचारियों कर्मचारी आरक्षण भागद्ध द्वारा सदस्यता के लिए कुल 65.00 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का आरक्षण शामिल है।

### घरेलू शेयरों में एफपीआई की हिस्सेदारी घटकर 19.5 प्रतिशत पर : रिपोर्ट

भाषा। मुंबई

**घरेलू शेयरों** में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का स्वामित्व या हिस्सा इस साल मार्च में 19.5 प्रतिशत तक गिरकर 619 अरब डॉलर रह गया, जो कोविड-पूर्व स्तर के करीब है। एनएसई-500 कंपनियों के विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई है। ब्रोकरेज फर्म बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2022 में भारतीय शेयर बाजारों में एफपीआई का स्वामित्व घटकर 19.5 प्रतिशत पर आ गया जो पिछले तीन वर्षों में सबसे कम है। इसके पहले मार्च, 2019 में एफपीआई का स्वामित्व 19.3 प्रतिशत रहा था। साल-दर-साल आधार पर विदेशी कोषों की हिस्सेदारी मार्च, 2021 में 21.2 प्रतिशत के दूसरे सर्वोच्च स्तर पर थी। दिसंबर, 2021 में विदेशी कोषों के पास घरेलू शेयरों का सर्वाधिक 21.4 फीसदी स्वामित्व रहा था।

## निर्माणाधीन फ्लैट पर जीएसटी संबंधी फैसले से खरीदारों पर कम होगा कर का बोझ: विशेषज्ञ

भाषा। नई दिल्ली

**निर्माणाधीन फ्लैट** पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने से पहले जमीन का वास्तविक मूल्य घटाए जाने संबंधी गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले से घर खरीदारों पर कर का बोझ घटने की उम्मीद है। फिलहाल निर्माणाधीन फ्लैटों एवं आवासीय इकाइयों की बिक्री पर जीएसटी लगाए जाते समय कर की गणना फ्लैट या इकाई (अंतर्निहित भूमि की कीमत समेत) के पूरे मूल्य पर की जाती है। फ्लैट की एक-तिहाई कीमत की तदर्थ कटौती के बाद उस पर कर लगाया जाता है। इस प्रक्रिया में जमीन की असली कीमत का असर नहीं होता है। विशेषज्ञों ने कहा कि शहरी क्षेत्र या महानगरों में भूमि का वास्तविक मूल्य फ्लैट के एक तिहाई-मूल्य से बहुत अधिक है। एक-तिहाई कटौती का आवेदन अपनी प्रकृति में मनमाना है क्योंकि यह जमीन के क्षेत्र, आकार और स्थान को ध्यान में नहीं रखता है।

### मेडिमिक्सि की ब्रैंड एंबेसडर बनीं कैटरीना

**मुंबई।** भारत के अग्रणी आयुर्वेदिक पर्सनल केयर ब्राण्ड्स में से एक मेडिमिक्से ने कैटरीना कैफको अपना ब्राण्डी एम्बे सेडर बनाने की घोषणा की है। घर-घर में जाना,पहचाना ब्राण्डब मेडिमिक्से पिछले 50 वर्षों में प्राकृतिक तरीके से त्वीचा की देखभाल् का पर्याय बनकर आगे बढ़ा है। अपनी पोजीशनिंग तेजी से काम करने वाले आयुर्वेद से त्वचा को स्वीस्थक बनाएं, के साथ इस ब्राण्ड का लक्ष्य ऐसे युवाओं तक पहुँचना है, जो क्षमता या प्रभाव से समझौता किये बिना रसायन से मुक्तब प्राकृतिक आयुर्वेदिक उत्पाडदों पर बड़ी संख्यास में सचेत हो रहे हैं। इस भागीदारी के बारे में चोलायिल प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप चोलायिल ने कहा कि मेडिमिक्सल नाम भरोसे और गुणवत्तान का पर्याय है। हमारे पास ऐसे उत्पादों की एक श्रृंखला है जो सक्षम आयुर्वेदिक सामग्रियों से भरे है, जैसे 18 हब्स, क्लादसिक साबुन, जिसमें प्रकृति की 18 सर्वश्रेष्ठ जड़ीबूटियाँ हैं।



नदिया जिले में एक लीची को बेचता फल बिक्रेता

### बारिश में भीगते शव का वीडियो सामने आने का मामला

# डिप्टी सीएम ने प्राचार्य से जवाब-तलब किया



**बहराइच ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को बहराइच के जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के सामने खुले आसमान के नीचे स्ट्रेचर पर बारिश में भीगते युवक के शव और अस्पताल में जानवरों की मौजूदगी का वीडियो सामने आने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से जवाब तलब किया है। बहराइच के महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कालेज से सम्बद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय का रविवार सुबह एक वीडियो सामने आया जिसमें चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड के बाहर मूसलाधार बारिश में भीगता हुआ खुले आसमान के नीचे युवक का शव दिख रहा है तथा शव के आसपास जानवर घूम रहे हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा व स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं मातृ और शिशु कल्याण महकमा संभाल रहे उप मुख्यमंत्री ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए रविवार को ट्वीट किया महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज, बहराइच में बारिश में शव के भीगने व आस पास जानवरों के घूमने संबंधी प्रकरण का संज्ञान लेते हुए मैंने प्रधानाचार्य को उक्त प्रकरण के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने तथा जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए चार दिवस के अंदर रिपोर्ट प्रेषित करने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर ए. के. साहनी ने पीटीआई-भाषा को बताया, आरंभिक जांच में वायरल तस्वीर चार मई की रात की लग रही है। उस रात अचानक तेज बारिश शुरू हो गई थी और उसी समय एक युवक का शव कुछ पुलिसकर्मी शव गृह में भेजने हेतु इमरजेंसी वार्ड के बाहर स्ट्रेचर पर छोड़ गए थे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन और इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सक तथा समस्त स्वास्थ्य कर्मियों एवं सुरक्षा गार्ड से स्पष्टीकरण तलब किया गया है कि यदि शव की अनदेखी हुई है तो किन हालातों में हुई। साहनी ने कहा कि जांच में यदि कोई चिकित्साकर्मी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी।



प्रयागराज में आरएसएस के स्वयंसेवक शाखा के दौरान सुबह अभ्यास में भाग लेते हुए

## मुठभेड़ में बदमाश, सिपाही घायल

भाषा। बदायूं (उत्तर प्रदेश)

**बदायूं** जिले के इस्लाम नगर क्षेत्र में रविवार तड़के पुलिस दल और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश और एक पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ओ. पी. सिंह ने बताया कि पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) को शनिवार देर रात सूचना मिली कि इस्लाम नगर थाना क्षेत्र में मुरादाबाद के दो शातिर बदमाश लूट के इरादे से आने वाले हैं। इस पर एसओजी टीम रात में ही इस्लामनगर थाना क्षेत्र में पहुंच गई। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह लगभग चार बजे इस्लामनगर-चंदौसी मार्ग पर स्थित बरई पुल पर मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने जांच के लिए जब उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्वाई में एक बदमाश को गोली लगी जबकि उसका साथी अंधेरे में गोलियां चलाता हुआ जंगल की तरफ भाग गया। सिंह ने बताया कि इस मुठभेड़ में एसओजी टीम का सिपाही पुष्पेंद्र भी गोली लगने की वजह से जख्मी हो गया। सिपाही और पकड़े गए घायल बदमाश को तत्काल पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद कमर बताया है। जबकि उसके फरार साथी का नाम इमरान और इलायची है। सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाश के पास से पुलिस ने 2.10 लाख रुपए, एक तमंचा, चार कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। बदमाश ने पूछताछ में कुबूल किया है कि वह और उसके साथी पिछली पांच अप्रैल को फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में गल्ला व्यापारी से 5.50 लाख रुपए की लूट में शामिल थे और आज पुलिस को उसके पास से जो रुपए मिले हैं वह उसी रकम का बचा हुआ हिस्सा है। सिंह ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। घायलों का इलाज कराया जा रहा है। पकड़े गए आरोपी और उसके फरार साथी का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

## नाबालिग रिश्तेदार से बलात्कार के आरोप में पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**अलीगढ़।** जिले के अतरौली क्षेत्र में अपनी रिश्तेदारी में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में एक पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी पुलिस कर्मी को रविवार को निलंबित भी कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अतरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 साल की लड़की एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने अपने ननिहाल आई थी। परिवार का रिश्तेदार बुलंदशहर में तैनात पुलिसकर्मी धर्म सिंह भी गांव आया था। उन्होंने बताया कि आरोप है कि उसने शुक्रवार रात लड़की को बहला-फुसलाकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाया और पड़ोस के एक गांव में ले जाकर उससे बलात्कार किया। लड़की का आरोप है कि पुलिसकर्मी ने उसे इस घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। सूत्रों ने बताया कि लड़की बाद में बमुश्किल अपने घर पहुंची और पूरी घटना के बारे में परिजन को बताया।

## देवरिया में छात्राओं से अश्लील हरकत करने वाला महिला डिग्री कालेज का पूर्व प्राचार्य गिरफ्तार

**देवरिया।** जिला मुख्यालय पर स्थित दीनानाथ पांडेय राजकीय महिला डिग्री कॉलेज के पूर्व कार्यवाहक प्राचार्य राजेश भारती को पुलिस ने छात्राओं से अश्लील हरकत करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार भारती के खिलाफ छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सही पाए जाने के बाद यह कार्वाई की गई। देवरिया के पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉक्टर श्रीपति मिश्रा ने यहां जारी एक बयान में कहा कि राजेश भारती के खिलाफ छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करने के मामले में कोतवाली थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दो दिन पूर्व एक वीडियो सामने आया जिसमें आरोपी राजेश भारती अपने सरकारी आवास से एक छात्रा को अपनी कार में बैठाते हुए दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व प्राचार्य के विरुद्ध सेवारत महिला प्राचार्य की तहरीर पर पुलिस ने थाना कोतवाली में शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की है।एसपी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित विधिक कार्वाई करते हुए आरोपी को रविवार को रोडवेज बस स्टेशन के पास से दोपहर में करीब तीन बजे गिरफ्तार कर लिया।वहीं इस संबंध में क्षेत्राधिकारी नगर यश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय ले जाया गया, जिसने उसे जेल भेज दिया है। त्रिपाठी ने बताया कि महाविद्यालय की प्राचार्य ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि कॉलेज परिसर में बने आवास में ही पूर्व प्राचार्य राजेश भारती रहते हैं। वह अक्सर कुछ छात्राओं को अपने आवास पर बुलाते रहते हैं। कुछ छात्राओं ने बताया कि आवास में बुलाकर वह गलत तरीके से स्पर्श करते हैं। पिछले दिनों प्राचार्य ने एक युवती को अपने कमरे पर बुलाया था। त्रिपाठी के अनुसार किसी ने इसका वीडियो बना लिया और यह वीडियो वायरल हो गया।

क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जांच में प्राचार्य के ऊपर कालेज की छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करने का मामला सही पाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दो दिन पहले कार्यवाहक पूर्व प्राचार्य का वीडियो वायरल हुआ और उसके बाद वह फरार हो गया। इसके बाद क्षेत्रीय उच्च शिक्षा निदेशक डॉक्टर अश्विनी कुमार मिश्र ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राजेश भारती को कार्यवाहक प्राचार्य पद से हटाकर कर उनके स्थान पर महिला प्रवक्ता को कार्यवाहक प्राचार्य बनाया।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हुई

**सहारनपुर।** जिले में शनिवार देर शाम एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने के बाद हुए विस्फोट में दो और लोगों की मौत हो गई। इससे हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर पांच पर पहुंच गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि शनिवार देर शाम सरसावा क्षेत्र के बंलवतपुर गांव के पास एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने के बाद बारूद में हुए धमाके की घटना में घायल दो और लोगों की देर रात अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर पांच पर पहुंच गई। तोमर के मुताबिक, मृतकों में फैक्ट्री के लाइसेंस धारी राहुल के साथ-साथ सागर, कार्तिक, वर्धनपाल और सुमित शामिल हैं।

## छात्रों के बीच खूनी संघर्ष, एक की मौत

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के देवा थाना क्षेत्र स्थित चिनहट-देवा मार्ग पर ढाबे के पास एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रों के दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष में एक युवक की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वहीं, वारदात के शिकार युवकों को अस्पताल में भर्ती करा कर लौट रहे सिपाहियों की मोटरसाइकिल की एक आवारा पशु से टक्कर हो जाने के कारण एक पुलिसकर्मी की भी मृत्यु हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्णेंदु सिंह ने रविवार को बताया कि श्रीरामस्वरूप यूनिवर्सिटी में शनिवार रात वार्षिकोत्सव कार्यक्रम था। इसमें बाराबंकी के दयाल नगर निवासी सुयश सिंह अपने दोस्तों के साथ शामिल होने जा रहा था। उन्होंने बताया कि सुयश सिंह श्रीरामस्वरूप यूनिवर्सिटी से दो साल पहले पढ़ाई पूरी कर चुका था। उसका विश्वविद्यालय के किसी अन्य छात्र गुट से पहले से किसी बात को लेकर झगड़ा था।

## वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस पर मारपीट का आरोप

भाषा। फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश)

**फिरोजाबाद** जिले के पचोखरा क्षेत्र में कथित रूप से पुलिस द्वारा धक्का दिए जाने से गिरी एक वृद्ध महिला की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) मुकेश चंद्र मिश्रा ने रविवार को बताया कि पचोखरा थाना क्षेत्र के इमलिया निवासी फौरन सिंह के घर शनिवार शाम पुलिस का हाल-चाल दस्ता गया था। उन्होंने बताया कि सिंह के चार बेटे पिछले महीने अपने रिश्तेदारों से मारपीट के आरोप में जेल गए थे और शनिवार शाम को ही जेल से छूटकर आए थे। पुलिस का हाल-चाल दस्ता उनसे पूछताछ करने गया था। मिश्रा ने बताया कि फौरन सिंह के परिजन का आरोप है कि पूछताछ के दौरान पुलिसकर्मियों और सिंह के परिजन के बीच विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि आरोप है कि पुलिस ने सिंह की पत्नी राधा देवी (60) को झटक दिया जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी व कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। मिश्रा ने बताया कि परिजन ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि मृत वृद्ध महिला के शव का डॉक्टरों के एक पैनल के जरिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। पीड़ित परिवार के जो भी आरोप हैं, उनकी गहराई से जांच की जा रही है। परिजनों ने यह भी बताया कि राधा देवी की मौत से व्यथित उसके पति फौरन सिंह की भी रविवार सुबह हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बुलंदशहर में झोला छाप डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

**बुलंदशहर।** जिले के गुलावठी थाना क्षेत्र में रविवार को एक झोला छाप डॉक्टर की उसके क्लीनिक के अंदर कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी गई और वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक । पुलिस उप महानिरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि हापुड़ जिले के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के कुराना निवासी शादाब एक झोला छाप चिकित्सक थे और चर्म रोग का इलाज करते थे। उन्होंने बताया कि शादाब की गुलावठी इलाके के बाहरी हिस्से में दुकान है और रविवार को दुकान के अंदर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार शादाब का भाई अपने गांव के ही एक व्यक्ति इरफान की हत्या के आरोप में जेल में बंद है और पुलिस को शक है कि शादाब की हत्या इरफान की हत्या से जुड़ी पुरानी रंजिश के चलते की गई है।

## हरिश्चन्द्र महाविद्यालय छात्रसंघ के चुनाव में 19 प्रत्याशियों ने नामांकनपत्र किया दाखिल



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**हरिश्चन्द्र** स्नातकोत्तर महाविद्यालय वाराणसी में रविवार को छात्रसंघ चुनाव के लिए नामांकन का कार्य हुआ। अध्यक्ष पद के लिए तीन, उपाध्यक्ष तीन, महामंत्री पद पर दो तथा पुस्तकालय मंत्री पर दो, कला संकाय प्रतिनिधि दो, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि दो, विधि संकाय प्रतिनिधि तीन, वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि एक एवं शिक्षा संकाय प्रतिनिधि पर एक प्रत्याशियों सहित कुल 19 प्रत्याशियों ने किया नामांकन।पुस्कालय मंत्री पद पर- मनीष सोनी एवं पंकज कुमार सिंह सहित 19 प्रत्याशियों ने अपना आज नामांकन पद दाखिल किया। 9 मई को छात्रसंघ के प्रत्याशियों की दस्तावेजों की जॉच एवं सूची जारी होगी तथा 10 मई को नाम वापसी एवं प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी तथा 16 मई को सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक मतदान होगा।

## माफिया सरगना जीवा की चार करोड़ की सम्पत्ति जब्त

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश का कथित माफिया सरगना संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की मुजफ्फरनगर स्थित करीब चार करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति प्रशासन ने रविवार को जब्त कर लिया। जिला पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की अवैध तरीके से अर्जित धन से बनाए गए 131 वर्गमीटर के तीन मंजिला मकान को उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एंव समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा-14(1) के अन्तर्गत जब्त किया गया है। इस मकान में दुकानें भी बनी हुई हैं। इस मकान की कीमत लगभग चार करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस के मुताबिक जीवा वर्ष 1995 से लगातार संगीन घटनाओं को अंजाम देता रहा है। उसके विरुद्ध हत्या, रंगदारी, लूट, डकैती, अपहरण के आरोपों तथा गैंगस्टर जैसी संगीन धाराओं में दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

## मदर्स डे पर मां को भेंट की साड़ी



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मां** की ममतामयी छांव के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मदर्स डे के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश भाईचारा कमेटी द्वारा रविवार को सुबह 10बजे रामापुरा स्थित मजदा सिनेमा के पास कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने किया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित माताओं को साड़िया भेंट करके उनको सम्मानित किया।इस अवसर पर प्रमोद वर्मा ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में परिवार का जीवन-यापन कर रहीं माताओं को साड़ी वितरित करते हुए प्रमोद वर्मा ने कहा कि जन्म देने वाली माता का दर्जा सर्वोच्च है। प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक माता की यथाशक्ति सेवाकरके भी जीवनपर्यन्त हम उऋण नहीं हो सकते। माता की सेवा ईश्वर की सेवा है। माता की सेवा से बड़कर और कोई सेवा नहीं हो सकती। मां को दुख देने वाला व्यक्ति कभी भी जीवन में सुखी नहीं रह सकता।शकील अहमद जादूगर राजेश तिवारी बंटी मनीष मिश्रा दिनेश कुशवाहा रमेश सिंह श्याम बाबू गुप्ता राजेश सिंह ब्रह्मदत्त त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन शकील अहमद जादूगर ने किया धन्यवाद ज्ञापन मनीष मिश्रा ने किया।

## मगरमच्छ ने बनाया आठ साल के लड़के को निवाला ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बहराइच ।** कतर्नियाघाट जंगल से सटे गूढ़ गांव के एक तालाब में शनिवार को नहा रहे आठ वर्षीय बालक को मगरमच्छ खींच कर ले गया। रात करीब 12 बजे के बाद बच्चे का क्षत-विक्षत शव बरामद हो सका है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि मोतीपुर थाना क्षेत्र स्थित गूढ़ इलाके का निवासी वीरेंद्र (आठ) शनिवार दोपहर अपनी छोटी बहन के साथ कतर्नियाघाट जंगल किनारे स्थित तालाब पर गया था। उन्होंने बताया कि वीरेंद्र तालाब में नहा रहा था तभी एक मगरमच्छ ने उसका पैर पकड़ लिया और खीचकर गहरे पानी में ले गया। उन्होंने बताया कि तालाब किनारे खड़ी छोटी बहन का शोर सुनकर जब तक आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचते तब तक मगरमच्छ बच्चे को लेकर गहरे पानी में ओझल हो गया। घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों की मांग थी कि तालाब में मौजूद मगरमच्छ को पकड़कर अन्यत्र ले जाया जाए। बहरहाल, पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।

## अपने समय की बात को उठाने वाला रचनाकार ही रहता है लोक में चर्चा में : पवन प्रजापति

संवाददाता। मिर्जापुर





**मातृ** दिवस के उपलक्ष्य में मिलन निवासए अनगढ़ में एक काव्य गोष्ठी व पुस्तक चर्चा का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी पवन प्रजापति ने कहा कि साहित्य ने समाज की हमेशा सेवा की है और उसने समाज को ठीक.ठाक रखने के लिए दिशा निर्देश भी दिया है। आज का रचनाकार इस बात को अच्छी तरह जानता है। इसलिए वही रचनाकार लोक में चर्चित होता है जो अपने समय की बात को उठता है। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि भोलानाथ कुशवाहा ने कहा कि रचनाकार में मौलिकता से नई जमीन उभर कर लोगों के बीच आती है और वही रचनाकार मान्य होता है जो बाकी लोगों से अलग अपनी बात कहने में सफल होता है। मिथिलेश जी में ऐसा ही कुछ देखने को मिलता है। विशिष्ट अतिथि डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने अपने लेखन में समाज के उसी आम आदमी की चर्चा की है जो समय के साथ टकरा रहा है और उन्होंने उसे आज की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने को गढ़ने को प्रेरित किया है। विशिष्ट अतिथि राजपति ओझा ने कहा कि बड़े रचनाकारों तुलसीए कबीरए रहीम ने हमेशा समाज और आदमी को सुव्यवस्थित ढंग से जीने का रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि मिथिलेश जी का साहित्य लेखन हमारे लिए प्रेरणादायक है।संचालन करते हुए आनंद अमित ने कहा कि मिथिलेश जी न केवल अच्छे रचनाकार है बल्कि सुहृदय भी हैं जो कि किसी साहित्यकार के लिए बहुत आवश्यक है। क्योंकि जबतक साहित्यकार का अंतर्मन सरल नहीं होगा तब तक वह समाज को नई दिशा नहीं दे पाएगा।मातृ दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में काव्यपाठ भी हुआ। प्रारम्भ में सृष्टि राज ने मातृ वंदना से जुड़े दोहे प्रस्तुत किये। डॉ सुधा सिंह ने सुनाया. माँ तो माँ होती हैए हिन्दू न मुसलमान होती है। देखे हैं बहुतेरे काबा काशीए पर माँ तो चारों धाम होती है। भोलानाथ कुशवाहा ने माँ पर हाइकू सुनाया. माँ आओगी नध्बाँस बेर केला हैंध् तुम नहीं हो। डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव ने सुनाया. आँखों में जन्नत बसाती थीध् माँ इस तरह पेश आती थीध्मेरी गलतियों पर हर बारध् रब से माफी मांग लेती थी। आनंद अमित ने सुनाया. माँ पर लिखने की मंशा से जब भी कलम उठाता हूँए एक गीत लिखने बैठूँ तो कई कई लिख जाता हूँ। मिलन कुमार ने माँ पर कविता सुनाई। अंत में हिंदी श्री की संस्थापिका सावित्री कुमारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# डुप्लेसी और हसरंगा ने आरसीबी को दिलाई बड़ी जीत

## हैदराबाद को 67 रन से हराया

भाषा। मुंबई

**कप्तान फाफ डुप्लेसी** (50 गेंद में नाबाद 73) की शानदार बल्लेबाजी के बाद वानिंदु हसरंगा (18 रन पर पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को 67 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत के बाद टीम के 12 मैचों में 14 अंक हो गए जबकि हैदराबाद के 11 मैचों में 10 अंक है। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 192 रन बनाने के बाद हैदराबाद की पारी को 19.2 ओवर में 125 रन पर समेट दिया। डुप्लेसी ने 50 गेंद की पारी में आठ चौके और दो छक्के जड़े। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए रजत पाटीदार (48) के साथ 105 और तीसरे विकेट के लिए ग्लेन मैक्सवेल (33) के साथ 54 रन की शानदार साझेदारी की। पाटीदार ने 38 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए तो वहीं मैक्सवेल ने 24 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के उड़ाए। दिनेश कार्तिक ने आखिरी ओवरों में आठ गेंद की नाबाद पारी में चार छक्के और एक चौका लगाकर नाबाद 30 रन बनाए। उन्होंने आखिरी ओवर में अपना पहला मैच खेल रहे फजलहक फारुखी के खिलाफ लगातार तीन छक्के मारे। इस ओवर में टीम ने 25 रन बनाए। हैदराबाद के लिए जगदीश सुचित ने चार ओवर में 30 रन देकर दो जबकि कार्तिक त्यागी ने चार ओवर में 42 रन देकर एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद के लिए राहुल त्रिपाठी ने 37 गेंद में छह चौके और दो छक्के जड़ते पारी में 58 रन बनाए। उनके अलावा एडेन मार्करम (21) और निकोलस पूरण (19) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। आरसीबी के लिए मैन ऑफ द मैच हसरंगा के पांच के अलावा जोस हेजलवुड ने दो जबकि मैक्सवेल और हर्षल पटेल ने एक–एक विकेट लिए। इससे पहले हैदराबाद की शुरुआत काफी खराब रही। टीम ने पहले ओवर में ही दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। कप्तान केन विलियमसन (शून्य) पहली गेंद पर स्ट्राइक पर आए बिना रन आउट हो गए। मैक्सवेल ने इस ओवर में अभिषेक शर्मा को खाता खोले बगैर बोल्ड किया। एडेन मार्करम ने तीसरे ओवर में मैक्सवेल की शुरुआती दो गेंदों पर चौका और छक्का जड़कर दबाव को कुछ कम किया। राहुल त्रिपाठी ने छठे ओवर में मोहम्मद सिराज को गेंद को दर्शकों के पास भेजा। वानिंदु हसरंगा द्वारा किए गए नौवें ओवर में मार्कराम गेंद को कोहली के हाथों में खेल बैठे। मार्कराम ने 27 गेंद में 21 रन बनाने के साथ त्रिपाठी के साथ 50 रन की साझेदारी की।त्रिपाठी ने 10वें ओवर में शाहबाज के खिलाफ दो चौके जड़े तो वहीं पूरण ने हर्षल पटेल की गेंद पर छक्का जड़ दिया। वह हालांकि 13वें ओवर में हसरंगा की गुगली पढ़ने में नाकाम रहे और शाहबाज को कैच देकर पवेलियन लौट गए। त्रिपाठी ने इसके बाद मोहम्मद सिराज के खिलाफ छक्का जड़ कर 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। लेकिन इसके बाद टीम के बल्लेबाज जरूरी रन गति का दबाव नहीं झेल सके। पारी के 15वें ओवर में जगदीश सुचित (दो रन) हसरंगा के तीसरे शिकार बने। शशांक सिंह ने छक्के के साथ इस ओवर में खाता खोला लेकिन हेजलवुड ने लगातार दो गेंदों पर त्रिपाठी और कार्तिक त्यागी (शून्य) को आउट कर मैच का रुख अपनी टीम की ओर मोड़ दिया। अगले ओवर में हसरंगा ने लगातार गेंदों पर शशांक सिंह (आठ) और उमरान मलिक (शून्य) को आउट किया जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 114 रन से नौ विकेट पर 114 रन हो गया। हर्षल ने आखिरी ओवर में भुवनेश्वर को आउट (आठ) कर हैदराबाद की पारी को समेट दिया। टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद आरसीबी की भी शुरुआत खराब रही। विराट कोहली को पारी की पहली गेंद पर ही सुचित ने चलता कर दिया। मौजूदा आईपीएल में वह तीसरी बार पहली गेंद पर खाता खोले बगैर आउट हुए। डुप्लेसी और पाटीदार ने हालांकि टीम पर इसका असर नहीं पड़ने दिया। पाटीदार ने चौथे ओवर में भुवनेश्वर कुमार तो वहीं डुप्लेसी ने त्यागी के खिलाफ छक्का लगाकर अपने इरादे जता दिए। पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 47 रन हो गया। आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए उमरान मलिक के ओवर से 20 रन बने जिसमें डुप्लेसी का छक्का और चौका शामिल था। डुप्लेसी ने 12वें ओवर में त्यागी के खिलाफ चौका जड़कर 33 गेंद में अपना अर्धशतक और टीम के रनों का शतक पूरा किया।


हसरंगा के 5 विकेट

### स्कोरबोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पारी:** कोहली का विलियमसन बो सुचित 00, डुप्लेसी नाबाद 73,पाटीदार का त्रिपाठी बो सुचित 48, मैक्सवेल का मार्कराम बो त्यागी 33, कार्तिक नाबाद 30,**अतिरिक्त:** (लेग बाई: 01, वाइड: 06, नोबॉल: 01) 08,**कुल योग:** (20 ओवर में तीन विकेट पर) 192 रन,**विकेट पतन:** 1-0, 2-105, 3-159,**गेंदबाजी:** सुचित 4-0-30-2, भुवनेश्वर 4-0-34-0,फारूकी 4-0-47-0,कार्तिक 4-0-42-1 , मलिक 2-0-25-0, अभिषेक 2-0-13-0

**सनराइजर्स हैदराबाद पारी:** अभिषेक शर्मा बो मैक्सवेल 00, विलियमसन रन आउट (शाहबाज) 00,त्रिपाठी का लोमरोर बो हेजलवुड 58,मार्कराम का कोहली बो हसरंगा 21, पूरण का शाहबाज बो हसरंगा 19,सुचित स्टं कार्तिक बो हसरंगा 02, शशांकका मैक्सवेल बो हसरंगा 08,त्यागी का पाटीदार बो हेजलवुड 00,भुवनेश्वर का डुप्लेसी बो हर्षल 08,मलिक पगबाधा हसरंगा फजलहक फारूकी नाबाद 02,**अतिरिक्त:** (लेग बाई: 03, वाइड: 04) 07,**कुल योग:** (19.2 ओवर मे सभी आउट) 125 रन,विकेट पतन: 1-0, 2-1, 3-51, 4-89, 5-104 6-114, 7-114, 8-114, 9-114,**गेंदबाजी:** मैक्सवेल 2-0-13-1,हेजलवुड4-0-17-2,शाहबाज 2-0-20-0,सिराज 3-0-27-0,लोमरोर 1-0-7-0, हर्षल 3.2-0-20-1, हसरंगा 4-1-18-5

# सबसे निचली पायदान पर का बिज मुंबई का केकेआर पर पलड़ा भारी

भाषा। नवी मुंबई

मुकाबला आज

**कोलकाता नाइट राइडर्स** (केकेआर) को यदि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी धुंधली उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे जल्द से जल्द अदद संयोजन तलाश करके सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स से भिड़ना होगा जो अंतिम पायदान पर होने के बावजूद बढ़े मनोबल के साथ इस मैच में उतरेगा। शीर्ष क्रम में कई संयोजन आजमाना और टीम में लगातार बदलाव करना इस सत्र में केकेआर को भारी पड़ा है। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज लखनऊ सुपर जायंट्स से 75 रन से करारी हार झेलने के बाद इस मैच में उतरेगा। दूसरी तरफ मुंबई की टीम दूसरे नंबर की टीम गुजरात टाइटन्स पर पांच रन की जीत के कारण बढ़े मनोबल के साथ मैदान पर उतरेगी। मुंबई प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के 10 मैचों में चार अंक हैं। वह अधिक से अधिक 12 अंक तक पहुंच सकती है जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के 12 अंक हैं जबकि तीन अन्य टीम के 16 और 14 अंक हैं। नए कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में केकेआर को शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स से बड़ी हार झेलनी पड़ी। उसके 11 मैचों में आठ अंक है। वह बाकी बचे तीन मैच में अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकता है लेकिन इससे भी उसकी चौथे स्थान पर रहने की गारंटी नहीं दी जा सकती। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दोनों टीम यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में एक दूसरे को कड़ी चुनौती देने की कोशिश करेंगी। दोनों टीम की निगाह अब अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी रहेगी। इन दोनों टीम के बीच अब तक खेले गए मैचों में मुंबई ने 22 और केकेआर ने 30 मैच जीते हैं। मुंबई अपने इस रिकॉर्ड को अधिक बेहतर करने का प्रयास करेगा।

## लखनऊ जिला अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 11 मई को

**लखनऊ।** लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 11 मई को लखनऊ जिला अंडर-20 पुरुष व महिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगी। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण के अनुसार चैंपियनशिप में भाग लेने के इच्छुक एथलीटों को की उम्र 11.5.2002 से 31.12.2006 के मध्य होनी चाहिए। उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपना आधारकार्ड लाना होगा। इच्छुक एथलीट चैंपियनशिप के दिन उनसे सुबह 7 बजे संपर्क कर सकते है। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप के माध्यम से से चयनित लखनऊ जिला टीम आगामी 15 व 16 मई को साई सेंटर लखनऊ में होने वाली यूपी स्टेट अंडर.20 पुरुष व महिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेगी। चैंपियनशिप के बारे में अधिक जानकारी के लिए बीआर वरुण 9415027942 से संपर्क कर सकते है।

## लखनऊ के साइकिलिंग खिलाड़ियों ने मिट्टी बचाओ का संदेश

**लखनऊ।** ईशा फाउंडेशन के वालंटियर्स ने मिट्टी बचाओ के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए आयोजित साइक्लोथॉन के दौरान अपनी साइकिलों पर 6 किमी का सफर तय किया। इस दौरान साइकिलिस्ट जनेश्वर मिश्र पार्क से लोहिया पार्क और वापस जनेश्वर मिश्र पार्क तक का सफर तय किया। पिछले माह सद्गुरु जग्गी वासुदेव द्वारा शुरू किए गए इस अभियान में मिट्टी को नष्ट होने से रोकने और पलटने की मुहिम के लिए जागरुकता लाने के साथ नागरिकों का समर्थन जुटाकर और राष्ट्रीय नीति में बदलाव लाना इस अभियान का लक्ष्य है। साइकिलिस्टों ने अभियान की शुरुआत में पहले जनेश्वर मिश्र पार्क में सेव,सॉयल गीत पर नृत्य कियाए और पार्क में सुबह घूमने वालों के बीच अपने अभियान के बारे में बताया। वालंटियर्स ने मिट्टी के बारे में लोगों के सवालों के जवाब भी दिए। पेडल यात्री साइकिलिंग एसोसिएशनल के महासचिव आनंद किशोर पाण्डेय सह सचिव उत्तर प्रदेश ओलपिक एसोसिएशनने हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन की शुरुआत की।

## योग दिवस के पूर्व उत्तर प्रदेश के योग प्रशिक्षकों ने किया योगाभ्यास

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सामान्य प्रोटोकॉल अभ्यास प्रशिक्षण वर्ग एवं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय रेफरी रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूलए अंसल में आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशनए उत्तर प्रदेश योग एसोसिएशन एवं राष्ट्रीय योग भारतीए जिला लखनऊ योग खेल एसोसिएशन के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी आकाश द्वारा दीपयोग की एक बहुत सुंदर प्रस्तुति के साथ किया गया।कार्यक्रम के पहले सत्र में मुख्य अतिथिसुधीर हलवासिया प्रदेश संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ एवं कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल कुमार दमेले रहे। योगासन सत्र का संचालन आचार्य यश पाराशर ने किया। इस दौरान सामूहिक रूप से योग करते हुए 15 संस्थाओं के 160 योग साधको ने अतिथियों के साथ योगभ्यास किया।

# सुपरकिंग्स की जीत में कॉनवे और मोईन चमके

## दिल्ली कैपिटल्स पर 91 रन की जीत

भाषा। नवी मुंबई

**सलामी बल्लेबाज** डेवोन कॉनवे के तूफानी अर्धशतक के बाद मोईन अली की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से चेन्नई सुपरकिंग्स ने रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 91 रन से हराकर प्ले आफ में जगह बनाने की अपनी मामूली उम्मीद बरकरार रखी। इस जीत से सुपरकिंग्स के 11 मैच में चार जीत से आठ हो गए हैं। टीम आठवें स्थान पर है।

दिल्ली की टीम के 11 मैच में 10 अंक हैं। सुपरकिंग्स के 209 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम मोईन (13 रन पर तीन विकेट), ड्वेन ब्रावो (24 रन पर दो विकेट), मुकेश चौधरी (22 रन पर दो विकेट) और सिमरजीत सिंह (27 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 17.4 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गई। टीम की ओर से मिशेल मार्श ने सर्वाधिक 25 रन बनाए जबकि शार्दुल ठाकुर ने 24 और कप्तान ऋषभ पंत ने 21 रन की पारी खेली। सुपरकिंग्स के लिए कॉनवे ने 49 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों की मदद से 87 रन की पारी खेली। उन्होंने ऋतुराज गायकवाड़ (41) के साथ पहले विकेट के लिए 110 रन जबकि शिवम दुबे (32) के साथ दूसरे विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की जिससे टीम ने छह विकेट पर 208 रन बनाए। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आठ गेंद में 21 रन बनाकर नाबाद रहे।दिल्ली की ओर से एनरिच नॉर्किया सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 42 रन देकर तीन विकेट चटकाए। खलील अहमद ने 28 रन देकर दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे दिल्ली ने दूसरे ओवर में ही श्रीकर भरत (08) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने सिमरजीत सिंह पर लगातार दो चौके जड़ने के बाद स्लिप में मोईन अली को कैच थमाया। डेविड वार्नर (19) ने मुकेश चौधरी पर दो छक्के मारे के बाद महेश तीक्षणा का स्वागत चौके के साथ किया लेकिन अगली गेंद पर पगबाधा हो गए जिससे टीम का स्कोर दो विकेट पर 36 रन हो गया। पंत ने आते ही तीक्षणा पर लगातार तीन चौके मारे। मार्श ने भी सिमरजीत पर छक्का जड़ा जिससे टीम ने पावर प्ले में दो विकेट पर 59 रन बनाए।




### स्कोरबोर्ड

**चेन्नई सुपरकिंग्स:** गायकवाड़ का अक्षर बो नॉर्किया 41,कॉनवे का पंत बो खलील 87,दुबे का वार्नर बो मार्श 32, रायुडू का अक्षर बो खलील 05,धोनी नाबाद 21, अली का वार्नर बो नॉर्किया 09,उथप्पा का स्थानापन्न बो नॉर्किया 00,ब्रावो नाबाद 01,**अतिरिक्त:** 12,कुल:20 ओवर मे छह विकेट पर: 208,**विकेट पतन:** 1-110, 2-169, 3-170, 4-187, 5-203, 6-203,**गेंदबाजी:**शार्दुल 3-0-38-0,खलील 4-0-28-2,नॉर्किया 4-0-42-3,अक्षर 3-0-23-0,कुलदीप 3-0-43-0, मार्श 3-0-34-1

**दिल्ली कैपिटल्स:** वार्नर पगबाधा बो तीक्षणा 19, भरत का मोईन बो सिमरजीत 08, मार्श का गायकवाड़ बो मोईन 25, पंत बो मोईन 21,पावेल का धोनी बो चौधरी 03,पटेल का कॉनवे बो मोईन 06,अक्षर बो चौधरी 01,ठाकुर का धोनी बो ब्रावो 24,यादव का उथप्पा बो सिमरजीत 05,नॉर्किया नाबाद 01,अहमद बो ब्रावो 00,अतिरिक्त: 04,**कुल:**17.4 ओवर मे सभी विकेट खोकर: 117 रन,**विकेट पतन:** 1-16, 2-36, 3-72, 4-75, 5-81, 6-82, 7-85, 8-99, 9-117,**गेंदबाजी:**चौधरी 3-0-22-2,सिमरजीत 4-0-27-2,तीक्षणा 4-0-29-1,ब्रावो 2.4-0-24-2,मोईन 4-0-13-3

# पावरप्ले में नाकामी हार का कारण : मैकुलम

भाषा। पुणे

**कोलकाता नाइट राइडर्स** (केकेआर) को कई क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है लेकिन उसके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम को लगता है कि पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनका अभियान जल्दी समाप्त होने की तरफ बढ़ रहा है। पूर्व चैंपियन केकेआर को लखनऊ सुपर जायंट्स ने शनिवार को 75 रन से करारी शिकस्त दी जो उसकी आईपीएल 2022 में सातवीं हार है। मैकुलम ने कहा कि टीम को पहले छह ओवरों में विकेट बचाए रखकर अधिक आक्रामक होकर खेलने का तरीका ढूंढना होगा। उन्होंने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, हम पावरप्ले में संघर्ष करते रहे हैं जो इस पूरे सत्र में हमारे लिए निराशाजनक रहा। पूरे टूर्नामेंट में बीच के ओवरों में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा तथा डेथ ओवरों में भी हमने बुरा खेल नहीं दिखाया। लेकिन पावरप्ले में हम अनुकूल प्रदर्शन नहीं कर पाए।

### हेटमायर पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौटे

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के विस्फोटक बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीच से ही गयाना रवाना हो गए हैं। रॉयल्स ने ट्वीट किया, हम उनकी (हेटमायर) हर तरह से मदद कर रहे हैं और हमारी शुभकामनाएं उनके और उनकी पत्नी निर्वाणी के साथ हैं। फ्रेंचाइजी ने बताया कि हेटमायर बच्चे के जन्म के बाद मुंबई लौटेंगे और आईपीएल के शेष मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि शिमरोन फिर मुंबई लौटेंगे और आईपीएल 2022 में हमारे बाकी बचे मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। रॉयल्स ने अपने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स को हराया था।

## पृथ्वी को तेज बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया,परीक्षण नेगेटिव

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव को रविवार को तेज बुखार के कारण शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उनका कोविड-19 परीक्षण नेगेटिव आया है। पृथ्वी टीम के पिछले मुकाबले में भी नहीं खेले थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, पृथ्वी अभी मुंबई के अस्पताल में है। तेज बुखार के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा लेकिन उसका आरटी-पीसीआर परीक्षण नेगेटिव आया है। जिस अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया है वह कोविड मरीजों के लिए तय अस्पताल नहीं है। पृथ्वी ने भी अस्पताल से इंस्टाग्राम पोस्ट में अपने उबरने की जानकारी दी। अस्पताल में भर्ती कराया गया है और बुखार से उबर रहा हूं। शुभकामनाओं के लिए आप सभी का धन्यवाद। जल्द ही वापसी करूंगा। रविवार को दिल्ली के खिलाड़ियों को अलग थलग किया गया क्योंकि एक नेट गेंदबाज चेन्नई के खिलाफ मुकाबले से पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया।

# बार्सिलोना जीता, जोर्डी चमका

भाषा। बार्सिलोना

**जोर्डी अल्बा** के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रीयाल बेटिस को 2-1 से हराकर चैंपियन्स लीग में जगह बनाने की अपनी संभावनाएं मजबूत कर ली है। बार्सिलोना ने इस जीत से दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। रीयाल मैड्रिड पहले ही खिताब अपने नाम कर चुका है। लीग में चोटी पर रहने वाली चार टीम चैंपियन्स लीग में जगह बनाएंगी। बेटिस अभी पांचवें स्थान पर है लेकिन बार्सिलोना से हार के कारण उसकी यूरोप की शीर्ष क्लब लीग में जगह बनाने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है।

## लिवरपूल ने टोटेनहैम से ड्रा खेला, मैनचेस्टर सिटी की खिताब जीतने की संभावना बढ़ी

**लिवरपूल।** लिवरपूल ने टोटेनहैम से 1-1 से ड्रा खेला, जिससे वह इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में शीर्ष पर पहुंच गया लेकिन इससे मैनचेस्टर सिटी के खिताब जीतने की संभावना बढ़ गई है। लिवरपूल का इस ड्रा से अपने घरेलू मैदान एनफील्ड पर लीग में लगातार 12 मैचों में जीत का अभियान थम गया जिससे उसकी खिताब जीतने की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा है। सिटी को अपना अगला मैच न्यूकासल से खेलना है जिसमें जीत से वह लिवरपूल से तीन अंक आगे हो जाएगा।

# मैड्रिड ओपन के फाइनल में पहुंचे अलकारेज

## नडाल के बाद जोकोविच को हराया

भाषा। मैड्रिड

स्पेन के किशोर खिलाड़ी कार्लोस अलकारेज ने हमवतन राफेल नडाल को हराने के एक दिन बाद विश्व के नंबर नोवाक जोकोविच को पराजित करके मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में अपने आदर्श खिलाड़ी नडाल को हराने के बाद 19 वर्षीय अलकारेज ने शनिवार को साढ़े तीन घंटे तक चले मैच में जोकोविच को 6-7 (5), 7-5, 7-6 (5) से पराजित किया। अलकारेज ने मैच के बाद में कहा, यह उन मैचों में से एक था जिसका आनंद लिया जा सकता था। कड़ी चुनौती मिलने की सेमीफाइनल होने के बावजूद तीसरे सेट के टाईब्रेकर में 7-6 से जीत दर्ज करना, मैंने इसका पूरा लुत्फ उठाया। फाइनल में उनका सामना गत चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में स्टेफानोस सिटसिपास को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। महिला वर्ग के फाइनल में ट्यूनीशिया की ओन्स जबूर ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को तीन सेट में 7-5, 0-6, 6-3 से हराकर खिताब जीता। शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली पहली अरब महिला जबूर के करियर का यह दूसरा खिताब है।



## उमरान मलिक की नैसर्गिक गति को नजरअंदाज करना मुश्किल होगा: इयान चैपल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि भारत के क्रिकेट प्रतिष्ठान ने वर्षों से विश्व स्तरीय गेंदबाजों को तैयार करने में धैर्य दिखाया है, लेकिन निकट भविष्य में उमरान मलिक की वास्तविक गति को नजरअंदाज करना मुश्किल होगा। विश्व क्रिकेट में सबसे सम्मानित आवाजों में से एक चैपल ने कहा कि आईपीएल के आगमन ने भारत की तेज गेंदबाजी में अत्यधिक गहराई के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम किया है और इसमें कमी आने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अपने कॉलम में लिखा, भारत में तेज गेंदबाजी में आई क्रांति में कमी का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। आईपीएल देखने वालों के दिल और दिमाग में उमरान मलिक का नाम है।

## आईपीएल का समापन शानदार तरीके से करना चाहता हूं : सैम्स

**नवी मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीम को लगातार दो जीत में सहयोग देने वाले पांच बार के चैम्पियन मुंबई इंडियन्स के तेज गेंदबाज डेनियल सैम्स ने कहा कि खिताबी दौड़ से बाहर होने के बाद भी उनकी टीम टूर्नामेंट के बाकी बचे हुए मैचों दमदार प्रदर्शन करना चाहती है। मुंबई की टीम आठ हार और दो जीत के साथ तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। सैम्स ने कहा, जाहिर है, हम प्लेऑफ में जगह नहीं बना पा रहे हैं। हम टूर्नामेंट के बाकी बचे हुए मैचों को ऐसे खेलना चाहते हैं जैसे मिनी आईपीएल के लिए खेल रहे हों। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर सैम्स ने कहा, आखिरी छह में से हम दो मैच खेल चुके हैं।

## जितेश को रिजर्व विकेटकीपर रखना चाहिए : सहवाग

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि जितेश शर्मा को टी20 विश्व कप के लिए रिजर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में भारत की टीम में शामिल किया जाना चाहिए। इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे 28 वर्षीय जितेश ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फिनिशर की अपनी भूमिका का अच्छा नमूना पेश करते हुए केवल 18 गेंदों पर नाबाद 38 रन की पारी खेली। सहवाग ने क्रिकबज लाइव- टॉकिंग पॉइंट्स में कहा, उसने काफी प्रभावित किया है।

## आईपीएल-15 से बाहर रहने पर गेल ने कहा, मुझे वह सम्मान नहीं मिला जिसका हकदार था

**लंदन।** टी20 क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक क्रिस गेल ने खुलासा किया कि इंडियन प्रीमियर लीग में पिछले दो वर्षों में उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया गया और इतना कुछ करने के बावजूद सम्मान नहीं मिलने के कारण ही उन्होंने आईपीएल-15 से बाहर रहने का फैसला किया। आईपीएल की शुरुआत से ही वेस्टइंडीज का यह तेजतर्रार बल्लेबाज शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहा है। केकेआर और आरसीबी की तरफ से खेलने के बाद, द यूनिवर्स बॉस पंजाब किंग्स से जुड़ा था। उनके लिए 2019 का सत्र अच्छा रहा था और वह सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे नंबर पर थे लेकिन 2020 और 2021 में उनके लिए पंजाब की अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो गया था।

# भारत की थॉमस कप में धमाकेदार शुरुआत



भाषा। बैंकॉक

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने रविवार को यहां जर्मनी को 5-0 से करारी शिकस्त देकर थॉमस कप में अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने विश्व में 64वें नंबर के खिलाड़ी मैक्स वीजकिर्चेन पर 21-16, 21-13 से आसान जीत के साथ भारतीयों के लिए शानदार नींव रखी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी को हालांकि जोन्स राल्फी यानसेन और मार्विन सीडेल के खिलाफ करीब एक घंटे तक चले मैच में 21-15, 10-21, 21-13 से जीत दर्ज करने के लिए तीन गेम तक जूझना पड़ा। विश्व में 11वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने धीमी शुरुआत से उबरकर काइ शैफर पर 18-21, 21-9, 21-11 से जीत दर्ज करके भारत को ग्रुप सी के इस मुकाबले में 3-0 की अजेय बढ़त दिला दी। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने ब्योर्न गीस और जान कॉलिन वोएलकर को दूसरे पुरुष युगल मुकाबले में 25-23, 21-15 से हराया जबकि विश्व में 23वें नंबर के एचएस प्रणय ने मैथियास किकलिट्ज़ को 21-9, 21-9 से पराजित किया जिससे भारत ने जर्मनी को 5-0 से सूपड़ा साफ किया। टूर्नामेंट में अपने पहले पदक की तलाश में जुटी भारतीय पुरुष टीम के लिए यह शानदार शुरुआत रही। भारत अभी तक कभी थॉमस कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंचा है।

# धनुष, प्रिएषा को बधिर ओलंपिक में स्वर्ण

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय निशानेबाज** धनुष श्रीकांत ने प्रिएषा देशमुख के साथ मिलकर ब्राजील के कैक्सिस डो सुल में चल रहे 24वें बधिर ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। धनुष और प्रिएषा ने प्रतियोगिता के छठे दिन स्वर्ण पदक मैच में जर्मनी के सेबेस्टियन हेरमैनी और सबरीना एकर्ट को 16-10 से हराया। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल की व्यक्तिगत स्पर्धा जीतने के बाद धनुष का खेलों में यह दूसरा स्वर्ण पदक है। तेलंगाना के रहने वाले धनुष हैदराबाद में ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग की अकादमी में प्रशिक्षण लेते हैं। भारत ने इस तरह से बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीत लिए हैं। अभिनव देशवाल ने शुक्रवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा जीती थी।

## गुकेश ने सनवे फॉरमेंटेरा शतरंज टूर्नामेंट जीता

**पुंटा प्राइमा ( स्पेन )।** भारतीय ग्रैंडमास्टर (जीएम) डी गुकेश रविवार को यहां पहले चेसेबल सनवे फोरमेरा ओपन 2022 शतरंज टूर्नामेंट में चैंपियन बनकर उभरे। गुकेश की यह लगातार तीसरी खिताबी जीत है। उन्होंने हाल के हफ्तों में ला रोडा और मेनोर्का ओपन जीतने बाद यहां खिताब की हैट्रिक पूरी की। इस 15 साल के खिलाड़ी ने अंतिम दौर में आर्मेनिया के जीएम हाइक एम मार्टिरोसियन के साथ ड्रा खेला और कुल आठ अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया।